राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 19, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 06 अगस्त 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

'उत्सव' ने सारे जहां के साथ भारतीय स्वतंत्रता दिवस की शुरुआत की

.... पेज 03

75-75 स्वच्छागृहियों का सम्मान, स्वच्छता अभियान से बढ़ रहा मान, मेरी माटी, मेरा

.... पेज 05

विश्व नंबर-4 भारत को जापान ने बराबरी पर रोका, पाकिस्तान को नहीं मिली पहली जीत

.... पेज 07


## 1984 दंगा- टाइटलर पर हत्या का आरोप

### सीबीआई की चार्जशीट में दावा : भीड़ से कहा- पहले सिखों को मारो, फिर दुकान लूटो

नई दिल्ली। सिख विरोधी दंगा मामले में सीबीआई ने शनिवार (6 अगस्त) को दिल्ली की एक कोर्ट में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी ने चार्जशीट में टाइटलर पर हत्या का आरोप लगाया है। सीबीआई की चार्जशीट में कहा गया है कि टाइटलर ने कार से उतरकर भीड़ से कहा- पहले सिखों को मारो, फिर उनकी दुकानें लूट लो।



सीबीआइ ने कहा- कांग्रेस नेता ने दिल्ली में गुरुद्वारा पुल बंगश के पास सिखों को मारने के लिए भीड़ को उकसाया था। इसके बाद भीड़ ने तीन लोगों की हत्या कर दी। चार्जशीट में कांग्रेस नेता के ड्राइवर के बेटे का बयान भी शामिल है। जांच एजेंसी ने चार्जशीट में साल 2000 में जस्टिस नानावटी जांच आयोग के सामने दायर हलफनामे से एक गवाह का बयान भी शामिल किया।

गवाह के मुताबिक, उसने दिल्ली के टीबी अस्पताल गेट के पास जगदीश टाइटलर को देखा था। वो भीड़ को डांटते हुए कह रहे थे कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में पूर्वी दिल्ली और कैंट के मुकाबले कम सिख मारे गए हैं। उन्होंने बड़े पैमानों में सिखों की हत्या का वादा किया था और पूरी सुरक्षा मांगी थी, लेकिन आप लोगों ने मुझे धोखा दिया है।

सीबीआइ ने चार्जशीट में एक अन्य गवाह के हवाले से बताया कि उसने कांग्रेस नेता को मौके पर देखा था। वे अपनी कार से बाहर निकले और भीड़ को हिंसा के लिए उकसाया। इसके बाद भीड़ ने दुकानों में लूटपाट की, गुरुद्वारे में आग लगा दी और सिख समुदाय के तीन लोगों की हत्या कर दी।

गवाह ने बताया कि यह देखने के बाद वह अपने घर लौट आया, लेकिन डर की वजह से पड़ोसी के घर में जाकर छिप गया। एजेंसी ने कहा कि जांच के दौरान पर्याप्त सबूत मिले हैं कि हिंसा के दौरान कांग्रेस नेता वहां मौजूद थे।

उधर, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार (4 अगस्त) को सिख विरोधी दंगों के आरोपी कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर को सशर्त अग्रिम जमानत दे दी थी। स्पेशल जज विकास ढुले ने कहा कि टाइटलर कोर्ट की इजाजत के बिना देश से बाहर नहीं जा सकेंगे। साथ ही वे मामले से जुड़े सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे।

**विरोध प्रदर्शन**




1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों ने नई दिल्ली में राउज़ एवेन्यू कोर्ट के बाहर कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

### मैतेई समुदाय के 3 लोगों की मौत; बफर जोन में हुई फायरिंग

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा फिर भड़की है। बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार देर रात हुई हिंसा में तीन लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक क्वाक्टा इलाके के मैतेई समुदाय से हैं। हिंसा की इन घटनाओं में कुकी समुदाय के कई घर भी जला दिए गए हैं। बिष्णुपुर पुलिस ने मैतेई समुदाय के तीन लोगों की हत्या की पुष्टि की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुछ लोग बफर जोन पार कर मैतेई इलाके में आये और उन पर गोलीबारी की।

आपको बता दें कि केंद्रीय बलों द्वारा संरक्षित बफर जोन बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा क्षेत्र से 2 किमी से अधिक आगे बनाया गया है। हिंसा के बाद पुलिस बल मौके पर मौजूद है।



इससे तीन दिन पहले भी मणिपुर में हिंसा हुई थी। बिष्णुपुर जिले में सशस्त्र बलों और मैतेई समुदाय के प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में 17 लोग घायल हो गए थे। इस घटना के बाद इंफाल में घोषित कर्फ्यू में ढील के आदेश को वापस लेना पड़ा था। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर दिन के दौरान प्रतिबंध लगाया। सशस्त्र बलों और मणिपुर पुलिस ने जिले के कांगवई और फौगाकचाओ इलाकों में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब मैतेई समुदाय की महिलाएं जिले में एक बैरिकेड क्षेत्र को पार करने का प्रयास कर रही थीं। उन्हें असम राइफल्स और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने रोका, जिससे समुदाय और सशस्त्र बलों के बीच पथराव और झड़पें हुईं।

लगभग तीन महीने से पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा भड़की हुई है। अब तक 160 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। मेइतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद 3 मई को हिंसा भड़क उठी।

मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नागा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

## दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में शनिवार रात को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि किसी नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। दिल्ली में भूकंप के झटके रात 9.34 बजे महसूस किए गए। भूकंप के झटकों की तीव्रता 5.8 रही। दिल्ली-एनसीआर के अलावा, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदूकुश में था। जम्मू-कश्मीर में भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 मापी गई। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आज तड़के 5.2 तीव्रता का भूकंप आया था।

## श्रावस्ती में हादसा : खाई में पलटी बोलेरो, छह लोगों की मौत

**मृतक सभी लोग नेपालगंज के त्रिभुवन चौक निवासी थे और बलरामपुर रिश्तेदारी से लौट रहे थे**

श्रावस्ती। यूपी के श्रावस्ती में शनिवार की देर शाम हादसा हो गया है। बलरामपुर से बहराइच जा रही बोलेरो कार बौद्ध परिपथ पर इकौना थाने के ग्राम भगवानपुर के निकट आवारा पशु से टकरा कर खांई में पलट गई। खाई में पानी में डूब जाने से छह लोगों की मौत हो गई।

मृतक सभी लोग नेपालगंज के त्रिभुवन चौक निवासी थे और बलरामपुर रिश्तेदारी से लौट रहे थे।




नेपालगंज के त्रिभुवनचौक निवासी संतोष कुमार गुप्ता का पुत्र नीलांश व वैभव पत्नी नीति व दो बच्चों को लेकर नेपालगंज से बलरामपुर अपनी ससुराल गया था। चालक अजय कुमार मिश्र पुत्र ओमप्रकाश गांव बसहरी थाना नानपारा जनपद बहराइच के साथ किराये पर गाड़ी लेकर गए थे। ससुराल से वापस लौट कर नेपाल वापस जा रहे थे। थाना इकौना ग्राम भगवानपुर बनकट के पास अचानक सामने आवारा पशु आ गया। पशु से टकरा कर वाहन असंतुलित होकर पेड़ से टकराया। इसके पास सड़क के किनारे खड्डे में पलट गया। वाहन पानी में डूब गया।

दुर्घटना होते ही आस पास के लोग दौड़ गए और चालक को बाहर निकाला। इसके बाद सभी लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया गया जिसमें नीलांश गुप्ता, नीति, एक वृद्ध महिला व दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गयी।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वैभव गुप्ता को गंभीर हालत में बहराइच रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी भी मौत हो गयी।

## अमृतसर में 28 करोड़ की हेरोइन बरामद

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल की टीम ने बीते दिनों पकड़े गए नशा तस्कर से और 28 करोड़ की हेरोइन की रिकवरी करवा ली है। डीजीपी गौरव यादव ने खुद ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। मिली जानकारी के अनुसार एसएसओसी की टीम ने 3 अगस्त को नशा तस्कर से 6 किलो हेरोइन और 1.5 लाख रुपए ड्रग मनी को जब्त किया था।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान जालंधर के मैहतपुर के गांव बूटे दियां छना निवासी शिंदर सिंह के रूप में हो चुकी है।




आरोपी ड्रग तस्कर है और उस पर पहले से ही एनडीपीएस अधिनियम के तहत दो आपराधिक मामले दर्ज हैं।

डीजीपी के अनुसार तस्कर को रिमांड पर लेकर जांच की जा रही थी। इसी दौरान आरोपी ने अतिरिक्त 4 किलो हेरोइन की रिकवरी करवाई है। इस मामले में अभी तक कुल रिकवरी 10 किलोग्राम पहुंच चुकी है और 1.50 लाख रुपए ड्रग मनी भी पहले ही रिकवर की जा चुकी है।

डीजीपी गौरव यादव के अनुसार एसएसओसी अमृतसर को विश्वसनीय इनपुट मिला था कि आरोपी शिंदर सिंह और उसके साथियों ने हाल ही में सतलुज नदी मार्ग का उपयोग करके पाक स्थित तस्करों और एजेंसियों द्वारा भारतीय क्षेत्र में भेजी गई हेरोइन की बड़ी खेप खरीदी थी। वे एक पार्टी को खेप पहुंचाने के लिए अमृतसर के आसपास मौजूद हैं।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियान चलाया और योजनाबद्ध तरीके से इलाके की घेराबंदी कर आरोपी शिंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

## कश्मीर में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी

### 3 जवान शहीद, एक आतंकी ढेर

कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के खवास इलाके में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। आर्मी ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। यह पिछले 24 घंटे में आतंकियों की सेना से दूसरी मुठभेड़ है।

इससे पहले, कुलगाम जिले में शुक्रवार शाम को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। एनकाउंटर में सेना के 3 जवान घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए श्रीनगर के मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान देर रात तीनों की मौत हो गई थी।



अधिकारियों के मुताबिक, कुलगाम के हलान जंगल में आतंकियों ने सेना के टैंट पर फायरिंग की थी। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें 3 जवान घायल हो गए। हमले के बाद आतंकी कुछ हथियार लेकर भाग गए।

आतंकियों को पकड़ने के लिए इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

#### पीर पंजाल रेंज से घुसपैठ कर आए थे 3 आतंकी

सेना के अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों को पकड़ने के लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। माना जा रहा है कि हमला पीर पंजाल रेंज से घुसपैठ करके आए 3 आतंकियों ने किया था।

उन्हें तलाशने के लिए ड्रोन्स भी लगाए गए हैं। इलाके में सर्च एंड डिस्ट्रॉय मिशन के लिए आर्मी की पैरा स्पेशल फोर्स को भेजा गया है।

#### 6 महीने में मारे गए 27 आतंकी

एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल 1 जनवरी से 5 जुलाई तक 24 से ज्यादा ऑपरेशनों में 27 आतंकी मारे गए। इनमें से 8 स्थानीय आतंकी थे और 19 विदेशी आतंकी थे। वहीं, 2022 में 125 आतंकी मारे गए थे, जिनमें से 91 स्थानीय थे और 34 विदेशी थे।

## यूपी : पबजी एडिक्ट ने की मां-बाप की हत्या

झांसी। झांसी में पबजी एडिक्ट 26 साल के बेटे ने तवा मारकर मां-बाप की हत्या कर दी। इसके बाद वह नहाया। कपड़े बदले और कमरे में जाकर आराम से बैठ गया। हत्या की सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो आरोपी बेटा चारपाई पर बैठा मिला। पुलिस को देखकर हंसने लगा। इंस्पेक्टर ने पूछा तो पहले कुछ नहीं बोला। फिर बोला- हां, मैंने ही मारा है। आरोपी का नाम अंकित है। बहन नीलम ने बताया कि भाई पबजी का एडिक्ट था। उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी। पिता उसको गेम नहीं खेलने देते थे। इसको लेकर अक्सर लड़ता था। शक है कि इसी विवाद में उसने हत्या कर दी।

वारदात नवाबाद थाना क्षेत्र के पिछौर में हुई। यहां लक्ष्मी प्रसाद (58), पत्नी विमला (55) के साथ रहते थे। वह पलरा के सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल थे। बेटा अंकित (26) साथ रहता था। जबकि तीन बेटियों में बड़ी बेटी नीलम और सुंदरी की शादी हो चुकी थी। नीलम का ससुराल पड़ोस की कॉलोनी में है। छोटी बेटी शिवानी उरई में रहकर पढ़ाई कर रही है।

अंकित घर पर ही मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता था। बहन नीलम ने बताया कि वो मोबाइल पर गेम बहुत ज्यादा खेल रहा था। छह महीने तो कमरे से ही नहीं निकला था। इसी में वह डिस्टर्ब हो गया था। उसका व्यवहार भी बदल गया था। मम्मी-पापा से मारपीट भी करता था। उससे सभी परेशान थे।

## चंद्रयान-3 ने चांद की कक्षा में लगाई छलांग

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का तीसरा चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 सफलता का एक और कीर्तिमान स्थापित करते हुए शनिवार शाम सात बजे चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया। यह भारत के चंद्र खोज मिशन में एक प्रमुख मील का पत्थर है। इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष यान का लूनर ऑर्बिट इंजेक्शन (एलओआई) आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु में सफलतापूर्वक पूरा हो गया। इसरो ने ट्वीट किया, एमओएक्स ए आईएसटीआरएसी यह चंद्रयान-3 है, मैं चंद्र गुरुत्वाकर्षण महसूस कर रहा हूं। ऑनबोर्ड मोटरों की फायरिंग शाम लगभग 7.15 बजे शुरू हुई और अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया।

ट्वीट में कहा गया, चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स (एमओएक्स), आईएसटीआरएसी , बेंगलुरु से पेरिल्यून में रेट्रो-बर्निंग का आदेश दिया गया था। इसरो ने कहा, अगला ऑपरेशन - 6 अगस्त, 2023 को लगभग 23: 00 बजे के लिए निर्धारित है। इसरो के सूत्रों ने कहा कि चंद्रयान-3 ने अब चंद्रमा की परिक्रमा शुरू कर दी है। इसरो ने कहा कि यह कार्रवाई उस समय की गई जब चंद्रयान-3 की कक्षा चंद्रमा के सबसे करीब पहुंचा। एक अगस्त को सफल टीएलआई के बाद, अंतरिक्ष यान आज चंद्र स्थानांतरण प्रक्षेपवक्र से चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया।

**हादसा**

### 25 लोगों के डूबने की आशंका; जारी है रेस्क्यू

## झारखंड के गिरिडीह में नदी में गिरी यात्रियों से भरी बस

रांची। रांची से गिरिडीह जा रही सम्राट बस का गिरिडीह जिले के पीरटांड थाना क्षेत्र स्थित बराकर पुल में एक्सीडेंट हो गया है। एक्सीडेंट के बाद बस बराकर नदी में गिर गई। बस के गिरने से अफरा-तफरी मच गयी है। मौके पर स्थानीय लोगों के साथ प्रशासन भी मुस्तैद है। राहत और बचाव कार्य जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में 25 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। मौके पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक शर्मा, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और विधायक सुदिव्य सोनू मौजूद हैं।



अब तक आ रही जानकारी के अनुसार बस रांची से गिरिडीह के लिए निकली थी। इस बस में तकरीबन 30 से अधिक लोग सवार थे। बस जैसे ही पीरटांड थाना पार कर बराकर नदी के पास पहुंची। ड्राइवर ने अपना संतुलन खो दिया। संतुलन खोने की वजह से बस सीधा पूल से नीचे नदी में गिर गई। मौके पर बस के गिरते ही पूरे इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया है। बताया जा रहा है कि इस घटना में यात्रियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग राहत बचाव कार्य के लिए दौड़ पड़े हैं। खबर लिखे जाने तक राहत बचाव कार्य जारी है। घायलों को निकाल कर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है।

#### मंत्री-विधायक भी पहुंचे घटनास्थल

घटना की सूचना पर स्थानीय विधायक सुदिव्य कुमार भी मौके पर पहुंचे हैं। बचाव कार्य में जुटे ग्रामीणों के साथ विधायक खुद भी बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। दूसरी तरफ सूचना मिलते ही केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी पहुंची हैं। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। घटना के बाद जहां स्थानीय लोग बचाव में जुटे वहीं डीसी-एसपी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी बचाव में जुट गए। इधर, बताया जाता है कि घटना के बाद राह से गुजर रहे कांवरियों ने भी अपने वाहन से उतर कर बचाव में जुट गए।

## ज्ञानवापी के सर्वे में मिले मूर्तियों के टुकड़े

### हिंदू पक्ष के वकील बोले-तहखाने में पिलरों के अवशेष दिखे

**वाराणसी।** ज्ञानवापी में भारतीय पुरातत्व विभाग सर्वे शनिवार सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम करीब 5 बजे तक चला। पहले सुबह करीब चार घंटे सर्वे चला। फिर दो घंटे के लिए रोक दिया गया। इसके बाद दोपहर 3 बजे दोबारा सर्वे शुरू हुआ। एएसआई टीम के साथ हिंदू और मुस्लिम पक्ष के एक-एक वकील तहखाने में उतरे।

इससे पहले शुरुआती 4 घंटे के सर्वे में चार टीमों ने ज्ञानवापी हॉल, तहखाना, पश्चिम दीवार, बाहरी दीवार और सेंट्रल के मैप तैयार किए। सर्वे की कार्यवाही गुरुवार से चल रही है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान भी 6 घंटे तक सर्वे किया गया था। एएसआई की 61 मेंबर्स की टीम सर्वे कर रही है।



वजूखाने को छोड़कर पूरे परिसर का सर्वे होना है। हिंदू पक्ष के वकील अनुपम द्विवेदी ने कहा कि ज्ञानवापी की 3डी इमेजिंग, सेटेलाइट से मैपिंग (फ्रेमिंग-स्कैनिंग) में मूर्तियों के कुछ टुकड़े मिले हैं। साथ ही प्राचीन मंदिर के भग्नावशेष हैं। एक-दो दिन के अंदर जीपीआर मशीन भी लगेगी। वहीं, AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि एएसआई की रिपोर्ट आएगी, तो भाजपा एक नरेटिव सेट करेगी। हमें डर है कि कहीं 23 दिसंबर या 6 दिसंबर जैसी घटनाएं न हो जाएं। हम नहीं चाहते कि बाबरी मस्जिद जैसे मामले और खुल जाएं।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था- हम हाईकोर्ट के आदेश में दखल क्यों दें? साथ ही मुस्लिम पक्ष से यह भी पूछा था कि एएसआई सर्वे पर ऐतराज क्यों है?

## बदला हुआ कश्मीर प्रगति पथ पर बढ़ रहा निरंतर : शिवराज



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के घटनाक्रम के चार वर्ष पूर्ण होने पर आज कहा कि अब बदला हुआ कश्मीर प्रगति पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। चौहान ने अपने ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाने के ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी निर्णय के चार वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद- 370 हटने के बाद कश्मीर में हो रहे विकास और नागरिकों के विचार में सकारात्मक बदलाव आया है।



# शार्ट न्यूज

## वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो सदस्य गिरफ्तार

**नैनीताल।** उत्तराखंड की काशीपुर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से चोरी गयी 14 मोटर साइकिल भी बरामद की गयी हैं। पुलिस के अनुसार पिछले कुछ दिनों से काशीपुर क्षेत्र से कुछ मोटर साइकिल चोरी होने की लगातार शिकायत मिल रही थीं। इसके बाद पुलिस ने चोरों की तलाश के लिये एक टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने शहर और घटना के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की पडताल की तो उसे कुछ तथ्य हाथ लगे। इसके बाद पुलिस टीम ने मानव विहार में चोरों के अड्डे पर छापा मार कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से झाड़ियों में छिपायी हुई 14 मोटर साइकिल भी बरामद कर ली। आरोपियों में गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी निवासी मकान नंबर 124 पटाखा गोदाम के पीछे मानपुर रोड काशीपुर और जुनैद अंसारी निवासी मो0 काजीबाग थाना काशीपुर, ऊधमसिंह नगर शामिल हैं। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उन्होंने बरामद मोटर साइकिल काशीपुर, आईटीआई, रामनगर तथा गाजियाबाद से साप्ताहिक बाजारों से चुरायी हैं। आरोपी पहले रेकी करते थे और उसके बाद मोटर साइकिल पर हाथ साफ कर लेते थे।

## खुराना ने की सीएम हेल्पलाइन पर आई शिकायतों की भौतिक समीक्षा

चमोली। उत्तराखंड के चमोली जनपद में सीएम हेल्पलाइन-1905 पर दर्ज शिकायतों के समाधान के लिए शनिवार को जिलाधिकारी (डीएम) हिमांशु खुराना ने तीन शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात कर जानकारी ली। वह अब तक 61 शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात कर भौतिक समीक्षा कर चुके हैं। खुराना ने शनिवार को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा के दौरान, शिकायतकर्ता ग्राम कुलुड, नंदानगर निवासी गुड्डी को फोन कर तथा उनकी समस्या की जानकारी ली। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनका राशन कार्ड बन गया है और अब उनको राशन भी मिलने लगा है। दूसरे शिकायतकर्ता ग्राम लांजी पोखनी निवासी दिनेश सिंह राणा ने बताया कि सड़क का मलवा आने से उनकी पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई थी। जिसे जल संस्थान द्वारा ठीक कर लिया गया है। वही ग्राम जयकंडी पोस्ट लंगासू निवासी मोहन लाल ने फोन पर बताया कि उनकी मकान से 30 मीटर दूरी पर 33 केवी विद्युत लाइन का टॉवर नदी के कटान के कारण गिरने का खतरा बना हुआ है। जिस पर डीएम ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को तत्काल स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि डीएम खुराना को अभी तक कुल 52 शिकायतकर्ताओं ने संतुष्टि व्यक्त करते हुए बताया कि उनके द्वारा दर्ज की गई शिकायत का समाधान हो गया है। जबकि अन्य नौ शिकायतों पर संबधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए है।

## बंगाल में सड़क दुर्घटना में पुलिस दरोगा सहित दो की मौत ,छह घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पश्चिमी मिदनापुर जिले के औद्योगिक शहर खड़गपुर में शनिवार तड़के तेज रफ्तार कार ने थाने के पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) सहित दो को रौंद दिया जबकि छह लोगों को बुरी तरह जख्मी कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृत दरोगा की पहचान रामानंद डे के रूप में हुई है जो दो पुलिस कॉन्स्टेबलस के साथ बेनापुर से मकरमपुर जाने वाले राजमार्ग पर रेलगेट के पास रात में ड्यूटी पर तैनात थे। उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार कार पहले लोगों को रौंदती हुई एक खंभे से टकरायी और सड़क किनारे चाय की दुकान पर चढ़ गयी। हादसे में कार चालक भी जख्मी हो गया जो नशे में था। दरोगा के अलावा मृत एक अन्य व्यक्ति की पहचान शेख जहांगीर के रूप में हुई है जो इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ और बाद में एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस हादसे में दो पुलिस कॉन्सटेबल सहित छह लोग घायल हुए हैं। इस थानाक्षेत्र में मात्र 15 घंटे के भीतर हुआ यह तीसरा भीषण सड़क हादसा है इसके पहले दक्षिणी कोलकाता के बेहाला में बारिशा स्कूल पर एक सात साल के छात्र को एक तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया था। हादसे के बाद गुस्साये लोगों ने पुलिस की एक वैन और एक मोटरसाइकिल में आग लगा दी थी। हादसे में बाद भड़के दंगे में पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार किया था।

## रूद्रपुर के दोहरे हत्याकांड के आरोपी पर 25000 का ईनाम घोषित

नैनीताल। उत्तराखंड के रूद्रपुर में फरार दोहरे हत्याकांड के आरोपी पर ऊधमसिंह नगर पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। आरोपी बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। ऊधमसिंह नगर पुलिस के अनुसार विगत बुधवार की रात को रूद्रपुर के ट्रांजिट कैम्प में संजय यादव और उसकी पत्नी सोनाली की गला रेत कर दर्दनाक हत्या कर दी गयी थी। हत्यारे ने सास गौरी को भी नहीं बख्शा और उस पर भी चाकू से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सभी लोग तब सोये हुए थे। आरोपी की पहचान जगदीश उर्फ राजकमल उर्फ राज पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम अनावा तहसील पयावां चौकी बड़ागांव थाना पयावां जिला शाहजहांपुर उप्र के रूप में हुई है। उसके खिलाफ ट्रांजिट कैंप थाना में धारा 457, 302 और 307 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। ऊधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टीएस मंजूनाथ की ओर से आरोपी पर 25000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। मंजूनाथ की ओर से घोषणा की गयी है कि जो भी आरोपी के बारे में जानकारी देगा उसे उचित इनाम दिया जायेगा।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में सृजन घोटाला के अभियुक्त के खिलाफ आरोप पत्र

पटना। बिहार राज्य सतर्कता अन्वेषण ब्यूरो ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में आज पटना के तत्कालीन जिला सहकारिता पदाधिकारी पंकज कुमार झा और उनकी मृत पत्नी के खिलाफ विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। ब्यूरो ने यह आरोप पत्र निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम की अदालत में भारतीय दंड विधान की धारा 109 और 120 बी तथा भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 13(2) सहपठित धारा 13 (1) (ई) के तहत पटना के तत्कालीन जिला सहकारिता पदाधिकारी पंकज कुमार झा और उनकी पत्नी संजुला कुमारी मिश्रा उर्फ संजुला झा (मृत) के खिलाफ दायर किया है। आरोप पत्र के अनुसार, श्री झा ने 27 अक्टूबर 1990 से 02 सितंबर 2015 के बीच अपने सरकारी पद पर रहते हुए अपनी आय के सभी ज्ञात स्रोतों से अपनी और अपनी पत्नी के नाम से एक करोड़ 44 लाख 16 हजार 336 रुपयों की अधिक संपत्ति अर्जित की थी। मामले की प्राथमिकी वर्ष 2015 में दर्ज की गई थी। अनुसंधान के दौरान ही श्री झा की पत्नी संजुला झा की वर्ष 2019 में मृत्यु हो गई । आरोप पत्र में श्रीमती झा को मृत दिखाया गया है। पंकज कुमार झा सृजन घोटाले के एक मामले में अभियुक्त रहे हैं और उस मामले में जेल में भी बंद थे।

## लालू-राहुल की भेंट जदयू को किनारे लगाने के संकेत : सुशील कुमार मोदी

पटना । बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की भेंट, बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को किनारे लगाने का संकेत है । मोदी ने बयान जारी कर कहा कि मोदी सरनेम वाले सभी व्यक्तियों को चोर बताने वाली गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के कारण राहुल गांधी की सजा पर सर्वोच्च न्यायालय ने सिर्फ रोक लगायी है, उन्हें दोषमुक्त नहीं किया है। इससे उन्हें मिली तात्कालिक राहत पर श्री लालू प्रसाद सबसे ज्यादा खुश और नीतीश कुमार सबसे ज्यादा दुखी होंगे। उन्होंने कहा कि कोर्ट के फैसले के बाद राहुल गांधी ने सबसे पहले सिर्फ लालू प्रसाद से भेंट की और जदयू को दरकिनार रखा। भाजपा सांसद ने कहा कि उत्साहित कांग्रेस अब राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद के अघोषित उम्मीदवार के रूप में खुल कर प्रोजेक्ट करेगी। उसके बढते प्रभाव वाले गठबंधन में नीतीश कुमार, शरद पवार और ममता बनर्जी को ज्यादा तरजीह क्यों मिलेगी।

# स्कूल की छात्रा को हिजाब पहनने से रोका

## त्रिपुरा : विरोध करने पर 10वीं के छात्र को बाहर घसीटकर पीटा, प्रिंसिपल-टीचर बचाने नहीं आए

अगरतला। त्रिपुरा के एक निजी स्कूल में शुक्रवार (4 अगस्त) को हिजाब पहनकर आई छात्रा को अंदर जाने से रोक दिया गया। इसका विरोध साथी स्टूडेंट ने किया तो कुछ लोगों ने उसके साथ स्कूल के बाहर मारपीट की। इस दौरान टीचर और स्कूल के अन्य लोग खड़े देख रहे थे, लेकिन कोई छात्र को बचाने नहीं आया।



### पुलिस ने कहा- प्रिंसिपल ऑफिस में छात्र ने तोड़फोड़ की थी

मामला सामने आने के बाद स्कूल के बाहर काफी विरोध-प्रदर्शन हुआ। द्धत्न ज्योतिषमान दास का कहना है कि एक छात्र ने प्रिंसिपल ऑफिस में तोड़फोड़ की थी।

इसके बाद जब वो स्कूल से बाहर निकल रहा था, तब विश्व हिंदू परिषद के कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। दास ने कहा कि इस मामले को धार्मिक हिंसा से न जोड़ें, पुलिस जांच कर रही है।

### प्रिंसिपल ने स्कूल यूनिफॉर्म में आने को कहा था

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कराइमुरा हायर सेकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल प्रियतोष नंदी ने घटना के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने बताया कि सभी स्टूडेंट्स को स्कूल यूनिफॉर्म में आने का मौखिक रूप से निर्देश दिया गया था। इसको लेकर कोई नियम नहीं बनाया गया था।

स्कूल के अधिकारियों ने बताया कि एक हफ्ते पहले स्कूल के पूर्व छात्रों का एक ग्रुप आया था। दावा किया जा रहा है कि ये लोग हिंदू संगठन से जुड़े है। इन लोगों ने स्कूल में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनकर आने की बात कही थी। इन लड़कों ने प्रिंसिपल से स्कूल में हिजाब पहनकर आने पर रोक लगाने को कहा था।

### इलाके में पुलिस फोर्स तैनात, क्लास सस्पेंड की गईं

पुलिस ने कहा है कि यह कोई सांप्रदायिक मुद्दा नहीं है। कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलत जानकारी दी जा रही है। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया और जिन अकाउंट्स से फर्जी ट्वीट किए जा रहे हैं, उनकी जांच जारी है।

इलाके में भारी पुलिस तैनाती है, यह विभिन्न समुदायों के सदस्यों वाली मिश्रित आबादी वाला इलाका है। ऐहतियात के तौर पर स्थिति नियंत्रित करने के लिए क्लासेस सस्पेंड कर दी गई हैं।

# ऑपरेशन लोटस: भाजपा और कांग्रेस फिर आमने सामने

शिमला। भारतीय जनता पार्टी के नेता गाहे-बगाहे 'ऑपरेशन लोटस' का सियासी राग छेड़कर कांग्रेस को परेशान करने की कोशिश में लगे ही रहते हैं। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि ऑपरेशन लोटस के लिए भाजपा को कुछ करने की जरूरत ही नहीं है क्योंकि कांग्रेस अपने ही बोझ तले डूब जाएगी।

ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार में क्या चल रहा है? यह हर कोई देख रहा है। इस सरकार के मंत्री अलग-अलग दिशा में चल रहे हैं और कैबिनेट में तालमेल की भारी कमी है। ऐसे में ऑपरेशन लोटस के लिए भारतीय जनता पार्टी को कुछ करने की जरूरत ही नहीं है।

इस बीच जिला मंडी के धर्मपुर सीट से विधायक चंद्र शेखर ने ऑपरेशन लोटस पर भाजपा को आड़े हाथों लिया। विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि यह देवभूमि है और यहां 'ऑपरेशन लोटस' की कोई संभावना नहीं है।

चंद्रशेखर ने कहा कि अभी तो सत्ता परिवर्तन हुए केवल सात महीने का वक्त बीता है. लोटस करते-करते भाजपा नेताओं के गले सूख जाएंगे, लेकिन कुछ होगा नहीं। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भी हिमाचल से भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता में आते ही प्रदेश की रीड की हड्डी कहे जाने वाले कर्मचारियों का अधिकार दिया। पूर्व जयराम सरकार हिमाचल प्रदेश पर 75 हजार करोड़ पर छोड़कर गई। पिछली सरकार में इच्छाशक्ति का भारी अभाव था। बावजूद इसके मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चुनौती स्वीकार कर इसे पार किया।

## उडुपी वीडियो मामला: कर्नाटक भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात


बेंगलुरु। कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राजभवन में राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात करके उडुपी वीडियो मामले में पीएफआई की भूमिका की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने की मांग की है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार इस मुद्दे पर हिंदू विरोधी और जिहादी समर्थक रुख अपना रही है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के वॉशरूम में पीड़िता का वीडियो बनाने वाली लड़की के माता पिता पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े हुए हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि सरकार इस मामले पर नहीं बोलने के लिए दबाव डाल रही है। भाजपा विधायक यशपाल सुवर्णा ने यहां संवाददाताओं को बताया, जिस लड़की ने वीडियो रिकॉर्ड किया है उसके माता-पिता पीएफआई से जुड़े हैं। हम कांग्रेस सरकार का हिंदू विरोधी रुख देख रहे हैं। वे जिहादियों का पक्ष ले रहे हैं और राज्यपाल ने इस मुद्दे पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। भाजपा विधायक भरत शेट्टी ने कहा कि इस घोटाले की एसआईटी जांच कराये जाने की आवश्यकता है क्योंकि कांग्रेस सरकार पहले ही इसे शरारत बता चुकी है। उन्होंने कहा, हमें पुलिस उप अधीक्षक रैंक के अधिकारी द्वारा की जा रही जांच पर भरोसा नहीं है क्योंकि वह कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने इसे मजाक बता इसे गंभीरता से नहीं ले रही है।

## सुकमा में बाइस नक्सलियो ने किया समर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सात महिला सहित 22 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'पुना नर्कोम अभियान' से प्रभावित होकर 7 माहिला सहित 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सभी नक्सली संगठन में थाना चिंतागुफा एवं थाना भेजी क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। नक्सलियों को समर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में जिला बल, डीआरजी, 202 वाहिनी कोबरा एवं 50 वाहिनी सीआरपीएफ का संयुक्त विशेष प्रयास रहा है।

# अनुच्छेद 370 हटने के बाद, जम्मू-कश्मीर के लोग आजाद हैं : मनोज सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में अनुच्छेद 370 हटने के बाद लोग आजादी से रह रहे हैं जो सबसे बड़ा बदलाव है।



सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में न केवल सड़क पर हिंसा समाप्त हो गई है, बल्कि विद्यालय, महाविद्यालयों और व्यापारिक प्रतिष्ठान भी खुले हैं। उन्होंने श्रीनगर में एक समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा, सड़कों पर हिंसा खत्म हो गई है। पाकिस्तान, आतंकवादियों और अलगाववादियों के निर्देश पर जो विद्यालय और महाविद्यालय साल में 150 दिन बंद रहते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।

उन्होंने कहा कि पांच अगस्त को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की चौथी वर्षगांठ है, जिसके परिणामस्वरूप जम्मू-कश्मीर को दिया गया विशेष दर्जा वापस ले लिया गया, जिसे एक राज्य से घटाकर दो केंद्र शासित प्रदेशों में बदल दिया गया। सिन्हा ने कहा कि कश्मीर में लोग, खासकर युवा, सूर्यास्त से पहले घर लौट आते थे, लेकिन अब चीजें बदल गई हैं।

उन्होंने कहा, आज, पोलो व्यू मार्केट में देर रात तक दुकानें खुली रहती हैं। युवा गिटार पकड़कर और नदी के किनारे आइसक्रीम का आनंद लेते हुए, बेफिक्र होकर समय बिताते हैं। यह सबसे बड़ा बदलाव है जो लंबे समय के बाद हुआ है। जम्मू-कश्मीर के लोग अब पूर्ण रूप से स्वतंत्र हैं। पिछले चार वर्षों में जम्मू-कश्मीर में युवाओं को उड़ान भरने के लिए पंख मिले हैं।

# अनुच्छेद 370 निरस्त होने की चौथी वर्षगांठ पर महबूबा समेत कई नेता नजरबंद

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को कहा कि उन्हें और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को अनुच्छेद 370 निरस्त होने की चौथी वर्षगांठ पर नजरबंद कर दिया गया है।



पीडीपी ही नहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने भी दावा किया कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने का विरोध करने वाले दलों की ओर से आयोजित मुख्यधारा की लोकतांत्रिक गतिविधियों पर 'शिकंजा कसने' के तहत उनके कार्यालय को सील कर दिया गया है।

मुफ्ती ने ट्विटर पर कहा कि उनकी नजरबंदी आधी रात की कार्रवाई के बाद हुई है, जहां उनकी पार्टी के कई लोगों को अवैध रूप से हिरासत में लिया गया।

मुफ्ती ने कहा, शनिवार को मुझे अन्य वरिष्ठ पीडीपी नेताओं के साथ घर में नजरबंद कर दिया गया है। यह आधी रात की कार्रवाई के बाद हुआ है, जब मेरी पार्टी के कई सदस्यों को थानों में अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था। स्थिति सामान्य होने के बारे में उच्चतम न्यायालय में भारत सरकार के झूठे दावे उनके इस रुख से उजागर हो गये हैं।

मुफ्ती ने कहा, एक तरफ पूरे श्रीनगर में कश्मीरियों से अनुच्छेद 370 के अवैध निरस्तीकरण का जश्न मनाने का आह्वान करने वाले विशाल होर्डिंग्स लगाए गए हैं। वहीं, लोगों की वास्तविक भावना का गला घोंटने के लिए क्रूर बल का प्रयोग किया जा रहा है। आशा है कि उच्चतम न्यायालय ऐसे समय में इन घटनाक्रमों पर संज्ञान लेगा जब अनुच्छेद 370 पर सुनवाई हो रही है।

पीडीपी ने शुक्रवार को कहा कि श्रीनगर प्रशासन ने अनुच्छेद 370 के निरस्त होने की चौथी वर्षगांठ पर पार्टी को कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

पीडीपी प्रवक्ता ने कहा कि श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय सील कर दिया गया है।

एनसी ने भी दावा किया कि श्रीनगर में उसका कार्यालय सील कर दिया गया है।

नेकां प्रवक्ता ने कहा, पांच अगस्त 2019 का विरोध करने वाले दलों की ओर से आयोजित मुख्यधारा की लोकतांत्रिक गतिविधियों पर रोक को ध्यान में रखते हुए, पार्टी कार्यालय को पुलिस ने सील कर दिया है। किसी को भी कार्यालय के अंदर या बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। ये कदम प्रशासन की घबराहट को दर्शाते हैं और पिछले चार वर्षों में बड़े सुधारों के उनके दावों को खोखला साबित करता है।

गौरतलब है कि अनुच्छेद 370 हटने की चौथी वर्षगांठ मनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी श्रीनगर में कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

# हिमाचल के खनेरनाला में बादल फटा, 60 मीटर हिस्सा बहा

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल में बारिश से नुकसान का सिलसिला जारी है। प्रदेश के कुल्लू जिले में शुक्रवार शाम को खनेरनाला में बादल फटने से खनाग-जुहड़ व टकरासी सड़क का करीब 60 मीटर हिस्सा पूरी तरह से बह गया है। इससे रघुपुर घाटी की आठ पंचायतों का संपर्क उपमंडल व जिला मुख्यालय से कट गया है। वहीं इसी नाले से जोड़ी गई दो पेयजल योजनाएं भी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई हैं। सड़क के बहने से यहां कई गाड़ियां भी फंस गई हैं और बस सेवा भी पूरी तरह से ठप हो गई है।



कुछ दिनों बाद घाटी में सेब का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में बागवानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं मंडी जिला के सराज के छतरी में नाले में बाढ़ आने से दो कारे बह गईं। पेड़ गिरने से चार गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। हिमाचल में शनिवार और रविवार को भारी बारिश का 'येलो अलर्ट' जारी हुआ है। सात अगस्त से बारिश से थोड़ी राहत मिलने का पूर्वानुमान है। बिलासपुर के बम्म गांव में पशुशाला जमींदोज होने से भैंस की मौत हो गई। उधर, मंडी जिले में बारिश का कहर जारी है। मंडी, सरकाघाट, बल्ह, सराज, नाचन और धर्मपुर में भारी बारिश से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है और मकानों को खतरा बन गया है। इससे कई सड़कों पर आवाजाही बंद हो गई है। जिला कुल्लू के आनी और बंजार क्षेत्र में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है।

## एचआरटीसी की 500 बसें फंसी, रूट प्रभावित होने से जनता परेशानी

शिमला। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के प्रवक्ता मोहिंद्र धर्माणी ने शनिवार को कहा कि हिमाचल की वर्तमान कांग्रेस पार्टी की सरकार को राजनीति बंद कर, आम जनता को राहत पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। धर्माणी ने यहां कहा कि एचआरटीसी के रूट प्रभावित होने से जनता बहुत परेशान हो रही है, सरकार को जनता को तुरंत राहत पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश भारी बारिश के कारण एचआरटीसी की करीब 500 बसें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में फंस गई थीं। इसके कारण प्रदेश भर में एचआरटीसी के 1500 रूट प्रभावित हो गए थे। बस रूट प्रभावित होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो वहीं एचआरटीसी को भी हर दिन लाखों रुपए का का घाटा हो रहा है। एचआरटीसी प्रबंधन से प्राप्त पिछले एक महीने में एचआरटीसी को करीब 9 करोड़ रुपए का घाटा हो गया है। वर्तमान में एचआरटीसी का कुल घाटा 1355 करोड़ से अधिक का बताया जा रहा है। एचआरटीसी को कर्मचारियों के वेतन व पेंशनरों की पेंशन के लिए सरकार से 69 करोड़ रुपए की राशि हर माह लेनी पड़ती है एचआरटीसी प्रदेश भर में कुल 3600 रूटों पर बसों का संचालन करती है, लेकिन पिछले एक महीने से सैकड़ों रूटों पर एचआरटीसी की सेवाएं बंद हैं।

# किन्नर कैलाश यात्रा 15 से 30 अगस्त तक आयोजित की जाएगी

**रिकांगपिओ।** हिमाचल प्रदेश में किन्नर-कैलाश यात्रा-2023 15 अगस्त से 30 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

यह जानकारी शनिवार को यहां उपमण्डलाधिकारी कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्ता ने यात्रा के सफल आयोजन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने यात्रा के आयोजन को लेकर जिला के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों के लिए यात्रा को सुरक्षित व सुगम बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करें।

उन्होंने पुलिस व होम-गार्ड के अधिकारियों को यात्रियों की सुरक्षा व



आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में जवानों की तैनाती करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने एक त्वरित प्रतिक्रिया दल का गठन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान हर प्रकार की चिकित्सीय आवश्यकता को पूर्ण करें तथा यात्रा के अधिकतर स्थानों पर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करवाएं।

उन्होंने वन विभाग को यात्रा की सम्पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि वन विभाग द्वारा रास्ते का सुधारीकरण कार्य, मार्ग में सुगमता लाने व सी.सी.टी.वी कैमरा लगाने का कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जल शक्ति विभाग को यात्रा के दौरान पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारी बारिश व प्रतिकूल मौसम के चलते यात्रा को देरी से शुरू किया गया है। इस वर्ष यात्रा 15 अगस्त, से आरंभ होगी तथा 30 अगस्त, 2023 तक चलेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए पंजीकरण करवाना आवश्यक रहेगा तथा पंजीकरण 05 अगस्त, 2023 से आरंभ कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि यात्री ऑनलाईन या आफलाईन किसी भी माध्यम से पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन यात्रा के लिए कुल 350 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी जिसमें 200 यात्रियों का पंजीकरण ऑनलाईन तथा 150 यात्रियों का पंजीकरण ऑफलाईन माध्यम से रहेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यात्रियों को मान्यता प्राप्त चिकित्सक से चिकित्सा प्रमाण-पत्र साथ लाना अनिवार्य रहेगा तथा चिकित्सा प्रमाण-पत्र जारी करने की अवधि यात्रा के 15 दिन पूर्व से अधिक न हो।

# सीतारमण ने आदिचनल्लूर में पुरातत्व संग्रहालय की आधारशिला रखी

चेन्नई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले में आदिचन्नल्लूर पुरातात्विक स्थल पर एक पुरातत्व संग्रहालय की आधारशिला रखी।

सीतारमण के साथ थूथुकुडी लोकसभा सांसद, तमिलनाडु की मंत्री अनिता राधाकृष्णन, जिलाधिकारी डॉ. के. सेंथिल राज और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के महानिदेशक केके बाशा और निदेशक (पुरातत्व), एएसआई, डॉ.टी.अरुण राज ने प्राचीन और ऐतिहासिक लौह युग के स्थल



आदिचनल्लूर का दौरा किया।

यह तमीराबारानी (पोरुनाई) नदी के किनारे स्थापित किया गया था और यह पुरातात्विक स्थल केंद्रीय बजट 2020-21 में पुरातत्व स्थलों के रूप में विकसित किए जाने वाले पांच में से एक है।

इस दौरान सीतारमण ने आदिचनल्लूर स्थल के अद्वितीय और समृद्ध इतिहास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यहां 467 ईसा पूर्व की विभिन्न वस्तुएं और 665 ईसा पूर्व के बाजरा और धान जैसे खाद्यान्नों का पता चला है। उन्होंने कहा, आगामी एएसआई संग्रहालय इन सभी कलाकृतियों को 'इन-सीटू' प्रदर्शित करेगा, जो पर्यटको और शोधकर्ताओं को समान रूप से विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करेगा।वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बजट 2021 में इस संग्रहालय को विकसित करने के लिए धन देने की प्रतिबद्धता जताई थी।

उन्होंने कहा कि सरकार इस स्थल को तिरुचेंदूर (भगवान मुरुगन के छह निवासों में से एक) की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए एक पड़ाव के रूप में देखती है, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन में योगदान देता है।

## चमोली के गोपेश्वर में जिला अस्पताल बनाने को 155.42 लाख स्वीकृत

चमोली/देहरादून। उत्तराखंड के चमोली जनपद के मुख्यालय गोपेश्वर में जिला अस्पताल को जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक तीन मंजिला नया भवन मिलेगा। इसके लिए शनिवार को जिला प्रशासन द्वारा टीएचडीसी के सीएसआर फंड से रुपए 155.42 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। अपर जिला सूचना अधिकारी रवींद्र सिंह नेगी ने बताया कि कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग ने भवन निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है। अभी जिला अस्पताल में लैब, स्टोर और पंजीकरण काउंटर पर प्रतीक्षा कक्ष, शौचालय इत्यादि सुविधा न होने के कारण दिक्कतें आ रही थी। इसको देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भवन निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए भवन के भूतल पर पंजीकरण काउंटर व प्रतीक्षा कक्ष, प्रथम तल पर आधुनिक लैब और दूसरे तल पर दवा, उपकरणों का स्टोर कक्ष बनाए जाएंगे।

# शार्ट न्यूज

## अवैध संबंधों में हुई रागिनी की हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में हिंडन नदी पुल के नीचे मिली युवती की लाश की पहचान हो गई है। वो नोएडा की रहने वाली थी और रियल एस्टेट कंपनी के ऑफिस में जॉब करती थी। पुलिस ने इस मामले में कुछ युवक कस्टडी में लिए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में अवैध संबंधों को लेकर हत्या की बात सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में रियल एस्टेट कारोबारी, उसकी पत्नी और साले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चर्चाएं हैं कि कारोबारी से अवैध संबंध को लेकर कारोबारी के घर में क्लेश होता था। जिसके बाद इस वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं, इसके बाद कुछ और चीजें स्पष्ट होंगी। गाजियाबाद और बागपत जिले के बॉर्डर पर गांव सुराना है, जो मुरादनगर थाना क्षेत्र में आता है। यहां पर हिंडन नदी का पुल है। इस पुल के नीचे 3 अगस्त की दोपहर एक युवती की लाश पड़ी मिली। शुक्रवार को युवती की पहचान 21 वर्षीय रागिनी उर्फ आरोहि के रूप में हुई। वो नोएडा में ग्राम चौड़ा सेक्टर-22 की रहने वाली थी और ग्रेटर नोएडा के आदित्य वर्ल्ड टॉवर में हापुड़ निवासी बंटी सिंह की रीयल एस्टेट कंपनी में काम करती थी।

## एमसीडी के 25 मेंटर शिक्षकों के समूह ने पूरी की एक्सपोजर ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्कूलों के 25 मेंटर शिक्षकों के समूह ने पालमपुर के आविष्कार लैब, कोयंबटूर के येलो ट्रेन स्कूल व ईशा फाउंडेशन व पुणे के सह्याद्री स्कूल व जन प्रबोधनी नवनगर विद्यालय से पांच दिवसीय एक्सपोजर ट्रेनिंग ली। इसमें शिक्षकों ने साइंटिफिक माइंड सेट के साथ छात्रों को आसानी से गणित और विज्ञान, किताबों से हटकर कक्षा के बाहर प्रकृति से ज्ञान के बारे में जाना। शिक्षा मंत्री आतिशी ने देश के विभिन्न हिस्सों से शैक्षणिक ट्रेनिंग से वापस लौटे शिक्षकों से बातचीत कर उनका अनुभव जाना। आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में शिक्षा क्रांति लाने में मेंटर शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। इस दिशा में अब एमसीडी स्कूलों के मेंटर शिक्षकों को भी सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक संस्थाओं से सीखकर आने के बाद मेंटर शिक्षकों में अलग ही उत्साह और आत्मविश्वास है। इस उत्साह के साथ वे अपनी कक्षाओं में पढ़ाई का शानदार माहौल तैयार करेंगे और साथ ही अपने साथी शिक्षकों को सीखने-सीखाने के नवाचारों से परिचित करवाएंगे। शिक्षा मंत्री के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए मेंटर शिक्षकों ने कहा कि एक्सपोजर विजिट के दौरान ये जाना और सीखा कि किस तरह अनूठे तरीकों को अपनाते हुए पढ़ाई को रोचक बना सकते हैं।

## पर्यटकों के लिए लालकिला बंद, एसपीजी ने संभाली सुरक्षा

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने लालकिला की आंतरिक सुरक्षा की कमान संभाल ली है। वहीं, कार्यक्रम के मद्देनजर लालकिला को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, लालकिला पर आयोजित समारोह में इस बार जी-20 सम्मेलन की झलक दिखेगी। लालकिला परिसर और बाहरी इलाके में ऑटोमेटिक फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरसी) कैमरों सहित कई आधुनिक उपकरण लगेंगे। किसी भी संदिग्ध के कैमरे की जद में आने के बाद सिग्नल कंट्रोल रूम को मिल जाएगा। कंट्रोल रूम की निगरानी सुरक्षा एजेंसियों के हाथ में होगी। लालकिले की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी, एसपीजी, अर्धसैनिक बल के जवान और दिल्ली पुलिस के हाथ में है। 200 मीटर तक के दायरे में अर्धसैनिक बल की तैनाती होगी। वहीं, आंतरिक और बाहरी इलाके में दिल्ली पुलिस भी निगरानी करेगी। ड्रोन से पूरे इलाके पर निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां किसी गड़बड़ी की आशंका को लेकर दी जा रही खुफिया जानकारी के मुताबिक सुरक्षा के इंतजाम करने में जुटे हैं। लालकिला के आसपास पतंग के उड़ाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

## दोस्त की गला रेतकर हत्या करने में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सदर बाजार इलाके में सोमवार देर रात मोहम्मद समीर (32) की गला रेत कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतक के बचपन के दोस्त मोहम्मद आमिर (31) और मोहम्मद रिजवान (31) को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी आमिर समीर की पत्नी से एक तरफा प्यार करता था। इसी सनक में उसने समीर की हत्या की साजिश रच डाली। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक की बाइक, गला रेतने के लिए इस्तेमाल की गईं शराब की टूटी हुई बोतल, तीन मोबाइल फोन आदि सामान बरामद किया है। हत्याकांड की सीसीटीवी फुटेज भी अपने कब्जे में ली है। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि सोमवार देर रात सदर बाजार थाना पुलिस को एक युवक के गला रेतने की सूचना मिली थी। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फोन की मदद से मृतक की पहचान सुल्तानपुरी निवासी मो. समीर के रूप में हुई। जांच में पता चला कि समीर अपने दोस्तों से मिलने के लिए अहाता किदारा, चमेलियान रोड आता रहता था। थाना प्रभारी कन्हैयालाल यादव, इंस्पेक्टर डीवी सिंह ने आरोपियों की पहचान कर मुख्य आरोपी आमिर को वारदात के कुछ ही घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया।

## अवैध कॉलोनियों पर चला यीडा का बुलडोजर

**जेवर।** अवैध तरीके से काटी गई जहांगीरपुर व उसके आसपास की कॉलोनियों पर यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र (यीडा) ने बुलडोजर चला दिया। शुक्रवार को हुई कार्रवाई में करीब 9000 वर्गमीटर जमीन मुक्त कराई गई। जिसकी कीमत करीब 200 करोड़ बताई गई है। वहीं इन कॉलोनियों के प्लाट खरीदारों ने यीडा की टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई पर सवाल खड़े किए। हालांकि भारी पुलिस फोर्स व पीएसी की मौजूदगी के चलते लोगों ने कोई विरोध नहीं किया। लेकिन खरीदारों ने सोशल मीडिया व ट्वीट कर नाराजगी प्रकट की। शुक्रवार सुबह उपजिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, एसीपी जेवर रूद्र कुमार सिंह, एसएसआई सुनील भारद्वाज व यीडा के ओएसडी शैलेन्द्र कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ जहांगीरपुर के पास जेवर खुर्जा रोड स्थित अलीअहमदपुर उर्फ गढ़ी गांव पहुंची। यहां अधिसूचित क्षेत्र में अवैध तरीके से काटी गई कॉलोनी ध्वस्त कर दी गई। जिसके बाद जहांगीरपुर में पेट्रोल पंप के आसपास अवैध कॉलोनियों एवं आफिस गिरा दिए गए। जहांगीरपुर कस्बे में छह से अधिक जगहों पर प्राधिकरण के दस्ते ने कार्रवाई की। प्राधिकरण के अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कॉलोनाइजर के झांसे में आकर प्राधिकरण के अधिसूचति क्षेत्र में प्लॉट नहीं खरीदें।

## आठ दिन बाद फिर उफनाई हिंडन

साहिबाबाद। आठ दिन बाद शुक्रवार को फिर से हिंडन नदी उफनाती हुई दिखाई दी। हिंडन नदी के जलस्तर में एक मीटर से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई और हिंडन बैराज पर एक हजार क्यूसेक प्रति सेकंड पानी डिस्चार्ज हुआ। इससे सिटी फारेस्ट और आसपास थोड़ा पानी भरा, लेकिन करेहड़ा की तरफ आने वाले मिट्टी व कट्टे लगाकर भी रोका गया। वहीं मेरठ के बलेनी गेज पर हिंडन खतरे के निशान पर बह रही है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता संजय कुमार जादौन ने बताया कि हिंडन बैराज पर पिछले आठ दिन से जलस्तर 199.05 मीटर पर था, लेकिन मेरठ के पीछे और जानी स्कैप से पानी छोड़े जाने के कारण जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। शुक्रवार को हिंडन नदी का जलस्तर 1.05 मीटर तक चढ़ गया जबकि 1013 क्यूसेक प्रति सेकंड पानी ज्यादा डिस्चार्ज हुआ। वहीं सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता नरेंद्र कुमार ने बताया कि बलेनी गेज पर हिंडन खतरे के निशान 210.50 मीटर पर बह रही है। जलस्तर में बृहस्पतिवार से दो सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है। पूर्व पार्षद विजेंद्र चौहान ने बताया कि सिटी फारेस्ट के आसपास शुक्रवार सुबह से जलस्तर एकाएक बढ़ने लगा। दोपहर में सिटी फारेस्ट की ओर से पानी आने लगा। करहेड़ा की ओर पानी आने से रोकने के लिए 15-20 मजदूर लगवाकर काम कराया गया। चार पांच जगह पर मिट्टी डालकर व मिट्टी भरे कट्टे लगाकर रोका गया। उन्होंने बताया कि करहेड़ा और हिंडन बैराज से पानी निकलने के कारण करेहड़ा और आसपास बाढ़ का पानी नहीं आया है। बाढ़ के पानी पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है।

# 'उत्सव' ने सारे जहां के साथ भारतीय स्वतंत्रता दिवस की शुरुआत की

## 'उत्सव' अपनी 18वीं प्रस्तुति के साथ स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की





**नई दिल्ली।** एक ऐसी दुनिया के लिए जो राजनीतिक और तकनीकी गतिशीलता से सीमित है, संगीत, कला और संस्कृति ताजी हवा की सांस के रूप में आती है जो इसकी पहचान को कायम रखती है और हर शख्स को सहारा खोजने में मदद करती है। उत्सव एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसाइटी पिछले 35 वर्षों से भारतीय सांस्कृतिक विरासत का पथप्रदर्शक बनकर बिल्कुल वैसा ही कर रही है। इसके संस्थापक-अध्यक्ष श्रीमती रंजना गौहर - पद्मश्री और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता के नेतृत्व में उत्सव बुधवार और गुरुवार, 9 और 10 अगस्त, 2023 को स्टीन ऑडिटोरियम, इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में अपने फ्लैगशिप निर्माण की 18वीं प्रस्तुति के साथ भारतीय स्वतंत्रता दिवस के महत्वपूर्ण अवसर की शुरुआत करने के लिए आगे आया है। प्रोडक्शन का नाम है सारे जहां से अच्छा।

यह प्रोडक्शन म्यूजिकल डांस ड्रामा खुद में कबीर, कबीर में हम और अन्य नृत्य रूपों - ओडिसी और मोहिनीअट्टम के रूप में अनुभवी और स्थापित कलाकारों द्वारा प्रस्तुत स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष को याद करता है। दो दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश के शहीदों और उपलब्धियों को अपनी अनूठी भाषा में श्रद्धांजलि दी गई।

बुधवार, 9 अगस्त, 2023 के कार्यक्रम में उत्सव की गुरु रंजना गौहर ने संगीतमय नृत्य नाटक खुद में कबीर, कबीर में हम में संत कबीर के जीवन और दर्शन को प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शन की कोरियोग्राफी और निर्देशन खुद रंजना जी ने किया है और इसे श्री सरोज मोहंती द्वारा रचित धुनों से सजाया गया है।

भारतीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दूसरे दिन, गुरुवार, 10 अगस्त, 2023 को पहले अभिनय में गुरु रंजना गौहर के शिष्य ओडिसी नर्तक विनोद केविन बचन (उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार) के रूप में तरलता देखी गई। पूर्व गुरु जयप्रभा मेनन (केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता) और शिष्यों द्वारा मोहिनीअट्टम के माध्यम से प्रदर्शन में परिवर्तित किया गया और अंत में गुरु अशोक और बंदिता घोषाल और शिष्यों (भुवनेश्वर) द्वारा ओडिसी की एक सौम्य प्रस्तुति हुई।

दिल्ली के लोगों के लिए 18वीं बार एक शानदार प्रदर्शन करने पर रोमांचित रंजना गौहर ने टिप्पणी की, में भारतीय कला और सांस्कृतिक क्षेत्र की सेवा करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानती हूं। 35 वर्षों से, उत्सव के माध्यम से हमने अनबाउंड बीट्स ऑफ इंडिया जैसे प्रमुख वार्षिक नृत्य उत्सवों का आयोजन किया है जो उभरते और उत्कृष्ट नर्तकियों के लिए नए क्षितिज खोलता है; सु-तरंग जो विश्व नृत्य दिवस पर युवा नर्तकियों का जश्न मनाता है जो बिल्कुल मुक्त-उत्साही है और किसी को भी बिना किसी हिचकिचाहट के खुद को अभिव्यक्त करने की अनुमति देता है!

सारे जहां से अच्छा के माध्यम से हम एक मंच प्रदान करते हैं जहां देश के वरिष्ठ और स्थापित नर्तक राष्ट्र के वास्तविक नायकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न शैलियों के भारतीय और विदेश में प्रतिभाशाली कलाकार दिल्ली के सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक केंद्रों में दर्शकों और रसिकों के लिए इन त्योहारों में प्रदर्शन करते हैं। यह मुझे संतुष्ट करता है कि दशकों से दर्शकों द्वारा हमारा बहुत अच्छा स्वागत किया गया है और मुझे उम्मीद है कि अपने छोटे-छोटे तरीकों से हम भारतीय विरासत को आने वाली सदियों तक जीवित रखने में मदद करेंगे।

श्रीमती रंजना गौहर, जिन्होंने प्रसिद्ध गुरु मायाधर राउत के अधीन प्रशिक्षण लिया है और स्नातक के लिए फिलॉसफी ऑनर्स लिया है और उसके बाद अंग्रेजी साहित्य में मास्टर डिग्री ली है। उनकी शिक्षा और रचनात्मक कौशल ने कला की खोज में उनके नाम और प्रसिद्धि को उस गति से बढ़ाया, जिसकी बराबरी कुछ ही कर सकते हैं। पारंपरिक को समकालीन के साथ मिश्रित करने की उनकी प्रतिभा, उनकी कल्पनाशीलता, जो अभिनव और व्यक्तिवादी दोनों है, ने रंजना को देश और विदेश में दर्शकों के लिए और अधिक आकर्षक बना दिया है।

# दिल्ली में बूंदाबांदी से सुहाना हुआ मौसम

## मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में आज भी कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है



नई दिल्ली। बीते कई दिनों से गर्मी के चलते परेशान दिल्लीवासियों के लिए शनिवार का दिन काफी राहत भरा रहा। शुक्रवार देर शाम एवं शनिवार सुबह हुई बारिश से लोगों को बड़ी राहत मिला। शनिवार को बारिश के चलते मौसम काफी सुहाना रहा और तापमान में भी कमी देखने को मिली। शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री कम है।

मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह दिल्लीवासियों को काफी गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा है। दिल्ली का अधिकतम तापमान 37 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री तक पहुंच गया था। लेकिन शुक्रवार देर शाम हुई जोरदार बारिश के चलते गर्मी से बड़ी राहत मिली। इसके साथ ही शनिवार तड़के भी दिल्ली के कई इलाकों में बारिश हुई जिसके चलते दिनभर मौसम सुहाना बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार शाम से लेकर शनिवार सुबह तक कुल 53.8 एमएम बारिश दिल्ली में दर्ज की गई है। शुक्रवार रात हुई बारिश के चलते दिल्ली के कई इलाकों में लोगों को जलभराव का भी सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में रविवार को भी कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इसके साथ ही 12 से 20 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने का भी अनुमान है। सोमवार और मंगलवार को आसमान में बादल छाये रहेंगे, लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। वहीं बुधवार से लेकर शुक्रवार तक एक बार फिर कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग का मानना है कि दिल्ली में अगले कुछ दिन अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री के आसपास रहेगा। वहीं न्यूनतम तापमान 25 से 26 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

बारिश के चलते प्रदूषण से भी दिल्ली में राहत बनी हुई है। शनिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 86 दर्ज किया गया जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। दिल्ली में सबसे कम प्रदूषण अरविंदो मार्ग पर रहा जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 50 दर्ज किया गया। वहीं सबसे ज्यादा प्रदूषण आया नगर में रहा जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 171 दर्ज किया गया।

# दिल्ली की अदालत ने स्वीकार की जगदीश टाइटलर की जमानत याचिका

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में आरोपी कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर की ओर से जमा किये गये जमानत बांड को शनिवार को स्वीकार कर लिया।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) विधि गुप्ता आनंद ने विशेष न्यायाधीश के आदेश के अनुसार जमानत बांड स्वीकार करने के बाद कहा, दस्तावेजों की जांच या आगे की कार्रवाई के लिए 11 अगस्त को रखा जाएगा। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने शुक्रवार को एक लाख रुपये का जमानत बांड भरने और मामले से संबंधित सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करने सहित कुछ शर्तें लगाकर टाइटलर को अग्रिम जमानत दे दी। एसीएमएम ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के बाद टायलर को शनिवार को अदालत में पेश होने के लिए समन जारी किया। जांच के बाद, सीबीआई ने 20 मई को आरोप पत्र दायर किया कि टाइटलर ने एक नवंबर, 1984 को पुल बंगश गुरुद्वारा, आज़ाद मार्केट में एकत्रित भीड़ को उकसाया और भड़काया, जिसके परिणामस्वरूप गुरुद्वारा जल गया और इस हिंसा में तीन सिख ठाकुर सिंह, बादल सिंह और गुरु चरण सिंह की मौत हो गयी।

जांच एजेंसी ने इस मामले में टाइटलर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147 (दंगा), 109 (उकसाने) और धारा 302 (हत्या) के तहत आरोप लगाए हैं।

एकतीस अक्टूबर, 1984 को तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के एक दिन बाद पुल बंगश क्षेत्र में तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी और एक गुरुद्वारे को आग लगा दी गई थी।

# नोएडा में 79 वें दिन भी किसानों का धरना प्रदर्शन जारी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। आज 79वें दिन भी हजारों की संख्या में किसान धरना प्रदर्शन में डटे रहे। जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। किसानों और प्राधिकरण के सीईओ के बीच करीब 2 घंटे तक वार्ता हुई जिनमें कई मुद्दों पर बातचीत हुई।

डॉ. रुपेश वर्मा ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के साथ वार्ता हुई। 2 घंटे हुई चर्चा में सभी 21 मुद्दों पर विस्तार से बातचीत हुई है। पिछले एक हफ्ते से अधिक समय से 4त्न प्लाट के संबंध में कितने रकबे की आवश्यकता है उस पर कार्य किया गया था। जिसके आंकड़ों को लेकर आज प्राधिकरण के अधिकारियों से चर्चा हुई।

नए कानून, 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट, भूमिहीनों के प्लाट एवं रोजगार पर नीतिगत फैसले के संबंध में प्राधिकरण अधिकारियों ने 12 अगस्त तक का समय मांगा है। अधिकारियों ने अनुरोध किया है कि शासन स्तर पर और बातचीत करने की आवश्यकता है तभी बता पाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में 21 लोग शामिल रहे। किसान सभा के उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल सूबेदार ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि हमें धरने को लगातार मजबूत बनाए रखना है। किसी भी मुद्दे पर मुकम्मल फैसले के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

# ग्राम युसफपुर में इण्टरलॉकिन्ग कार्य का शिलान्यास



नोएडा। शनिवार को क्षेत्रीय सांसद डा. महेश शर्मा एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह के साथ "मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना" के अन्तर्गत 73.40 लाख की लागत ग्राम युसफ्पुर चक शाहबेरी, जिसकी लंबाई 563 मीटर एवं 44.32 लाख की लागत से चोटपुर कालोनी में जिसकी लंबाई 350 मीटर तथा 85.35 लाख की लागत से ग्राम चोटपुर स्थित परशुराम वाली गली में इण्टरलॉकिन्ग कार्य का शिलान्यास किया, जिसकी लंबाई 620 मीटर है। इस मौके पर काफी संख्या में कालोनीवासी उपस्थित होकर माननीय सांसद एवं विधायक जी को गुलदस्ते देकर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। कालोनीवसियों ने कहा कि इस मार्ग के शिलान्यास होने से वहां की जनता को आने-जाने में काफी सहुलियत मिलेगी। इस मौके पर सांसद एवं विधायक जी का धन्यवाद किया।

इसके उपरान्त नोएडा सैक्टर 137 के विभिन्न सोसाईटियों (पूर्वांचल रायल पार्क, एग्जॉटिका, पैरामाउंट फ्लोराविले, गुलषन विवांते, लाजिक्स ब्लॉसग काउंटी) में "जनसंपर्क के कार्यक्रम" संपन्न हुए। जिसमें केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया गया। सोसायटी के निवासियों ने माननीय सांसद जी का भव्य स्वागत किया तथा अपने-अपने सोसाईटी की (फ्लैट, बिल्डर्स, सीवर, सड़क, बिजली, पानी, पार्क, स्कूल आदि) संबंधित समस्याओं के बारे में सांसद जी को अवगत कराया। सांसद जी ने कहा हमेशा आपके साथ है, और आष्वासन दिया कि जल्द से जल्द सारी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों से संवाद स्थापित करते हुए समाधान कराने की कोषिष किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, रोहित कुमार, चंदगीराम यादव, रामनिवास यादव, मुक्तानंद प्रधान, निर्मल सिंह, रामगोपाल शर्मा, बब्लू यादव, भीमसिंह चौहान, रोहित ठाकुर, मनोज उपाध्याय, राजेश राय, रंजन सिंह, आदेश नम्बरदार, ज्ञानेन्द्र भाटी, महेष शर्मा मंडल अध्यक्ष, सेवानंद शर्मा, बी.एल. गुप्ता, राकेष देव, सुभाश खट्टर, प्रमोद रेहानी, विप्लव चटर्जी, अभिषेक शर्मा, प्रशांत, राजेश शर्मा, नकुल भारद्वाज, योगेष सिंह, आदि काफी संख्या में सोसाईटी के लोग उपस्थित रहे।

# हजार से ज्यादा वाहन चोरी करने वाले 9 गिरफ्तार

## कोड भाषा का करते थे प्रयोग, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा और राजस्थान में था नेटवर्क



### चोरी के कारों के लिए कोड भाषा का करते थे प्रयोग

ये सभी इतने शातिर थे कि गाड़ियों के लिए कोड भाषा का प्रयोग करते थे। जैसे बुलेरो पिकअप को कोड भाषा में बिल्ली, ईको कार को कोड भाषा में डिब्बा, दो पहिया वाहन को कोड भाषा में दो फूल एवं वाहनों के पहिया को कोड भाषा में चक्र अवैध तमंचा को कोड भाषा में घोड़ा व कारतूस को कोड भाषा में चारा कहते है। इस गैंग का पर्दाफ़ाश करते हुए शुरू से लेकर अन्त तक जितनी कड़िया थी सभी को गिरफ्तार किया गया है।

नोएडा। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और एनसीआर में वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह को नोएडा की थाना फेज-1 पुलिस ने पकड़ा है। इस गैंग के नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से कब्जे से चोरी की तीन गाड़ियां, एक मोटरसाइकिल, गाड़ी के कटे स्पेयर पार्ट्स व अवैध हथियार बरामद किए गए है। इन सभी को नोएडा प्राधिकरण की सेक्टर-95 स्थित पार्किंग से गिरफ्तार किया गया। ये लोग चोरी की कार के लिए कोड भाषा का प्रयोग करते थे।

इनकी पहचान फारूख उर्फ बाबा, प्रताप उर्फ पप्पु, अजय राज दीवाकर, शेरा उर्फ गौरव बख्शी, गौरव मखीजा, अनिल कुमार भाटिया, जसपाल सिंह उर्फ हैप्पी, मनजीत उर्फ छोटू उर्फ मोनू, सौरभ मखीजा उर्फ मख्खी हुई है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि फारूख व प्रताप दिल्ली हरियाणा, यूपी, राजस्थान आदि स्थानों पर रेकी करके चार पहिया वाहनों को चोरी करते थे। चोरी करने के बाद ये अपने साथियों के जरिए चोरी के चार पहिया वाहनो को सस्ते दामों में मिस्त्री व डीलर को बेच देते थे। डीलर द्वारा उक्त चार पहिया वाहनों को कटवाकर विभिन्न पार्ट्स को अलग-अलग बेच देते थे। ये डील लाखों रुपए की होती थी। इसमें दिल्ली क्षेत्र के मायापुरी के डीलर्स जसपाल उर्फ हैप्पी, गौरव मखीजा, सौरभ मखीजा, शेरा उर्फ गौरव बख्शी, मन्जीत उर्फ चोटू उर्फ मोनू, अनिल कुमार भाटिया, अजयराज दिवाकर की महत्वपूर्ण भूमिका होती थी।

### दिल्ली का माया पुरी में काटते थे गाड़ी वहीं होती थी डीलिंग

उन्होंने बताया कि दिल्ली के मायापुरी क्षेत्र में ही चोरी किये हुये चार पहिया वाहनों को काटकर विभिन्न पार्ट्स की बिक्री की जाती थी। मनजीत उर्फ छोटू फारूख से चोरी किए गए चार पहिया वाहनों को 20 हजार रुपए में खरीद लेता था।

उस वाहन को वो गौरव मखीजा व सौरभ मखीजा को 40-45 हजार रुपए में बेचता था। दोनों भाई चोरी के इन चार पहिया वाहनों को कटवाता था। उसके पार्ट्स जसपाल सिंह उर्फ हैप्पी जिसकी मायापुरी में एम.एस. मोटर्स के नाम से दो दुकान व गोदाम है। वहां रखकर ग्राहकों को बेच देता था।

डीसीपी ने बताया कि हरियाणा, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा से 30 से 35 चार पहिया वाहन चोरी करके उसको जसपाल सिंह, अनिल भाटिया, अजयराज आदि द्वारा काटकर अलग-अलग स्थ लों पर लोगों को बेच दिया गया है। उन्होंने बताया कि 2018 से लेकर के अब तक हजारों चार पहिया वाहन चोरी करके इन लोगों ने बेच दिए।

# दिल्ली नोएडा जोड़ने वाली चिल्ला एलिवेटड की बाधा होगी समाप्त

## पेमेंट मोड पर सोमवार को निर्णय

नोएडा। दिल्ली को नोएडा से जोड़ने चिल्ला एलिवेटड का निर्माण जल्द शुरू होगा। इसके संकेत मिलने लगे है। सोमवार को प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ब्रिज कॉर्पोरेशन के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में ब्रिज कॉर्पोरेशन के साथ पेमेंट मोड तय किया जाएगा। पेमेंट मोड दो तरह से हो सकता है। पहला आइटम रेट के जरिए और दूसरा प्रोजेक्ट की स्टेज वाइस पर।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि हमारा उद्देश्य प्रोजेक्ट को पूरा कराना है। इसके लिए पेमेंट मोड जो बेस्ट होगा उसे ही अपनाया जाएगा। इसके लिए ही बैठक की जा रही है।

दरअसल, प्राधिकरण में अब तक प्रोजेक्ट के स्टेज वाइज ही पेमेंट दिया जाता था। जिसे ईपीसी कहते है। इसमें डिजाइन से लेकर स्वायल टेस्ट और निर्माण की जिम्मेदारी ठेकेदार कंपनी की होती है।

जैसे जैसे निर्माण का एक-एक स्टेप पूरा होता जाता है। उसे पेमेंट किया जाता है। अभी इसका 13 प्रतिशत काम ही हो सका है। एलिवेटड निर्माण का सुपरविजन भी नोएडा प्राधिकरण को करना है। ऐसे में प्राधिकरण के सीईओ इस प्रोजेक्ट में अब कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। ये एलिवेटड दिल्ली और नोएडा के बीच ऐसा इंटर सेक्शन होगा जिसके जरिए लोग नोएडा एक्सप्रेस वे तक सीधे जा सकेंगे। इस एलिवेटड को दिल्ली के मयूर विहार फ्लाइओवर से जोड़ा जाएगा। यानी जिन वाहन चालकों को यमुना या लखनऊ एक्सप्रेस वे जाना है। वे इस इसका प्रयोग कर सीधे एक्सप्रेस पर जा सकेंगे। वर्तमान में वाहन चालकों नोएडा प्रवेश द्वार से महामाया फलाईओवर तक का जाम झेलना पड़ता।

ऐसे वाहन चालकों की संख्या करीब 5 लाख है। इनको महज 4.50 किमी के इस पैच को पार करने में 30 मिनट का समय लग जाता है। एलिवेटड के बनने से उनको जाम में नहीं फंसना होगा।

# संपादकीय

## विदेशी वस्तुओं के आयात पर रोक, व्यापार घाटा कम करने की जुगत

विदेशी कंप्यूटरों, लैपटाप आदि पर प्रतिबंध के पीछे सुरक्षा कारण बताए गए हैं। सरकार स्वदेशी तकनीक के विकास और व्यापार घाटा पाटने की दिशा में गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उसने विदेशी लैपटाप, टैबलेट और कंप्यूटरों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। माना जा रहा है कि इससे भारत में बनने वाले इन उपकरणों की बिक्री बढ़ जाएगी। इनके आयात पर प्रतिबंध संबंधी इस घोषणा के बाद कुछ स्वदेशी कंपनियों के शेयरों में उछाल भी देखा गया। हालांकि यह सरकार का अचानक लिया या कोई बिल्कुल नया फैसला नहीं है। इससे पहले सैकड़ों ऐसी विदेशी वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है, उनमें रक्षा उपकरणों से संबंधित कई चीजें भी शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, लैपटाप, टैबलेट आदि उपकरणों के आयात के लिए लाइसेंस को जरूरी किए जाने के बाद कंपनियों को आवेदन के लिए अधिक वक्त दिया जा सकता है। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि पहले से पारगमन में मौजूद खेप को मंगाने में कंपनियों को किसी तरह की असुविधा न हो। दरअसल, इस भूमंडलीकरण के जमाने में जब सारी दुनिया एक बाजार में तब्दील हो गई है, लोगों को यह आजादी मिली है कि वे अपनी पसंद से अच्छी गुणवत्ता वाली वस्तुएं कहीं से भी खरीद सकते हैं। इस तरह विदेशी वस्तुओं का चुनाव लोगों की आदत में शामिल हो गया है। इसका असर देश में बनने वाली वस्तुओं पर पड़ता है। स्वाभाविक ही, घरेलू बाजार में जगह न मिल पाने के कारण स्वदेशी कंपनियां अपने उत्पाद की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार करने में सक्षम नहीं हो पातीं। ऐसे में लोगों की आदतें सुधारने की दृष्टि से भी ऐसे प्रतिबंध कई बार जरूरी होते हैं।

विदेशी कंप्यूटरों, लैपटाप आदि पर प्रतिबंध के पीछे सुरक्षा कारण बताए गए हैं। इनमें एचएसएन कोड 8471 वाले सात श्रेणी के कंप्यूटरों, लैपटाप और टैबलेट पर ही प्रतिबंध लगाया गया है। एचएसएन यानी 'हार्मोनाइज्ड सिस्टम आफ नामेनक्लेचर' कोड एक वर्गीकरण प्रणाली है, जिसका उपयोग कराधान उद्देश्यों के लिए उत्पादों की पहचान करने के लिए किया जाता है।

इस कोड का उपयोग उन उपकरणों की पहचान करने के लिए किया जाता है जो डेटा प्रोसेसिंग कार्य करने के लिए तैयार किए गए हैं। इस तरह लोगों के निजी डेटा को सुरक्षित रखने के मकसद से यह कदम उठाया गया है। इन दिनों जिस तरह लोगों के निजी आंकड़ों की चोरी और उन्हें दूसरे देशों की कंपनियों को बेचने की प्रवृत्ति बढ़ी है, उसमें दूसरे देशों में तैयार ऐसी प्रणाली पर नजर रखना कठिन काम साबित होता है। फिर चीन जैसे कुछ देश जासूसी के नए-नए तरीके ईजाद करते देखे जाते हैं, उसमें भी ऐसी प्रणाली खतरनाक साबित हो सकती है। इसलिए नए फैसले में कोरिया और चीन से आयात होने वाले ऐसे उपकरणों की खेप में कटौती की गई है। अब वही कंपनियां इन उपकरणों का कारोबार कर सकती हैं, जो भारत में ही इनका उत्पादन या संकलन करती हैं। हालांकि कुछ लोगों को लगता है कि इस फैसले से विश्व व्यापार नियमों का उल्लंघन होगा और सरकार यह इसलिए कर रही है कि उसका मकसद अपनी चहेती कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाना है। मगर सरकारें अपने सुरक्षा कारणों से ऐसे फैसले ले सकती हैं। फिर लोगों को बाहर से ऐसी मशीनें मंगाने पर प्रतिबंध नहीं होगा, इसके लिए उन्हें आयात शुल्क भुगतान करना पड़ेगा।

दरअसल, बाहर की वस्तुओं पर रोक लगाने के पीछे सरकार का एक बड़ा मकसद यह भी है कि इस तरह उसका व्यापार घाटा काफी कम हो जाता है। दरअसल, निर्यात के मामले में भारत अपने लक्ष्य से काफी पीछे चल रहा है और आयात में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है, जिससे व्यापार घाटा चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। इस तरह आयात पर प्रतिबंध लगा कर सरकार बेशक व्यापार घाटा कुछ पाट सकती है, मगर बिना निर्यात बढ़ाए अर्थव्यवस्था को गति देना एक चुनौती बनी ही रहेगी।

## राजस्थान में यौन हिंसा की बढ़ती घटनाएं सरकार की नाकामी का नतीजा

राजस्थान पुलिस की हाल की एक रपट कहती है कि दस साल से कम आयु की बच्चियों से बलात्कार की घटनाओं में करीब तीन फीसद का इजाफा हुआ है।

राजस्थान के भीलवाड़ा में एक बच्ची की हत्या की घटना ने यही साबित किया है कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और ऐसा लगता है कि अपराधियों के भीतर प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। खबरों के मुताबिक, कोटड़ी इलाके के नरसिंहपुरा गांव में बकरी चराने खेतों की ओर गई बच्ची जब देर तक घर नहीं लौटी तब उसके परिवार के लोगों ने ढूंढ़ना शुरू किया।

खेतों में लकड़ी जला कर कोयला बनाने वाली एक भट्टी में कुछ अवशेष मिलने और उसकी पहचान के बाद यह पता चल सका कि बच्ची की हत्या करके उसे जला दिया गया है। स्थानीय लोगों ने आशंका बलात्कार की भी जताई है। जब मामले ने तूल पकड़ लिया, तब पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया। लेकिन आखिर क्या कारण है कि राजस्थान में पिछले कुछ समय से बलात्कार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और सरकार के लिए उन पर रोक लगाना मानो मुश्किल हो गया है। सरकार और पुलिस के कामकाज का वह कौन-सा तरीका है कि आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर कोई खौफ नहीं रह गया लगता है।

राजस्थान पुलिस की हाल की एक रपट कहती है कि दस साल से कम आयु की बच्चियों से बलात्कार की घटनाओं में करीब तीन फीसद का इजाफा हुआ है। वहीं छोटी बच्चियों से सामूहिक बलात्कार की वारदात में भी इस साल 13.64 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। यानी खुद पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ सालों में मासूम बच्चियों के खिलाफ यौन हिंसा और दरिंदगी की घटनाएं बढ़ी हैं। बलात्कार के ज्यादातर मामलों में मुख्य आरोपी पीड़ित के परिचित ही होते हैं।

लेकिन इन घटनाओं पर पुलिस को जहां सक्रिय होकर अपराधियों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए वहां शासन-प्रशासन के भीतर एक विचित्र चुप्पी छाई दिखती है।

क्या यही रवैया एक मुख्य कारण नहीं है जिसकी वजह से आपराधिक तत्त्वों को अपनी मनमानी करने को लेकर बेखौफ बनाता है? फिर देश के दूसरे इलाकों में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर आक्रामक रहने वाली पार्टियों को क्या राजस्थान में भी बढ़ते अपराधों और खासतौर पर महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के मामलों को लेकर संवेदनशील और ठोस रुख नहीं अपनाना चाहिए?

दरअसल, यौन हिंसा की बढ़ती घटनाएं जहां कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार की नाकामी का नतीजा हैं, वहीं एक सवाल यह भी है कि बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के मामले बिगड़ती तस्वीर को लेकर कानूनी सख्ती के साथ-साथ क्या इससे जुड़ी अन्य जटिलताओं पर विचार किया जाता है? कुछ लोगों के भीतर ऐसी कुंठा और मानसिक विकृति पलती रहती है, जिसका शिकार होकर वे मासूमों तक की हत्या या उनके खिलाफ यौन हिंसा करने से नहीं हिचकते।

पेशेवर अपराधियों से निपटना पुलिस की कामकाज की शैली और ईमानदार इच्छाशक्ति पर निर्भर है। इसके समांतर बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों में भी अगर वैसे लोग भी शामिल पाए जाने लगे हैं, जो आदतन अपराधी नहीं हैं, तो यह किसी भी समाज और सरकार के लिए चिंतित होने वाली बात है। सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी कानून व्यवस्था और उसका प्रभाव कायम करना होना चाहिए, ताकि अपराध की मंशा रखने वालों के भीतर खौफ पैदा हो। साथ ही अपराधों की जड़ पर भी प्रहार करने की जरूरत है।

## भरोसा रखें कि आप सफलता का रास्ता ढूंढ लेंगे



- ललित गर्ग -

आप आज जहां हैं, जाहिर है कि अपने काम करने के खास तरीके के कारण हैं। आपका स्वास्थ्य, रुपये-पैसे की स्थिति, रिश्ते और करियर वगैरह सब, आपकी कार्यप्रणाली और निर्णयों का नतीजा हैं। ऐसे में महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आप जहां हैं, क्या उस पड़ाव पर खुश हैं? अगर आप यूं ही अपनी जिंदगी बिताते रहते हैं, तो क्या नतीजों से आप खुद को संतुष्ट महसूस करेंगे? अगर उत्तर में किंतु, परंतु आता है, तो कुछ बदलाव करने एवं जीवन को सकारात्मक सोच एवं दिशाएं देने की जरूरत का वक्त आ गया है। आज के समय में यह बहुत गंभीर मसला है कि निराशा और अवसाद में डूबे लोग इसी सकारात्मकता और ऊर्जा की तलाश में यहां-वहां फिर रहे हैं। ऐसे में बड़े पैमाने पर सकारात्मकता पढ़ाने वालों की जरूरत और भरमार है, पर इनमें से अधिकतर की सबसे बड़ी समस्या है कि वे चीजों को सतही बनाकर पेश करते हैं। सकारात्मकता का अर्थ है- अपनी योग्यता और कार्य करने की क्षमता पर विश्वास। यदि आप किसी कार्य के लिए अयोग्य हों तो आप उस काम को लेकर तब तक सकारात्मक नहीं हो सकते, जब तक कि आप उस काम को करने की योग्यता नहीं हासिल कर लेते। हां, यह बात जरूर है कि यदि आप किसी कार्य में अयोग्य हैं तो अपने को कमजोर मान निराशा या अवसाद में डूबने की जरूरत नहीं है। भरोसा रखें कि आप सकारात्मक रास्ता ढूंढ़ जीवन को सार्थक कर लेंगे।

दुनिया में कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता है। दुनिया का कोई भी कार्य महान नहीं होता, बल्कि महान लोगों द्वारा किए गए कार्य महान बन जाते हैं। कोई कह सकता था कि नर्स होना महत्ती गर्व की बात नहीं है, पर मदर टेरेसा के कार्यों ने उन्हें दुनिया के महानतम लोगों की श्रेणी में खड़ा कर दिया। अंग्रेजों को अहिंसा के माध्यम से घुटने टेकने पर मजबूर करने वाली गांधी अपनी युवावस्था में जब पहली बार कोर्ट में सूट-बूट पहनकर खड़े हुए तो उनके पैर कांपने लगे, जज के सामने उनकी आवाज तक नहीं निकली और वे इतना डर गए कि कोर्ट से भाग निकले। बाद में उन्होंने खुद को इस तरह निखारा कि करोड़ों लोगों के दिलों पर राज किया।

कभी ऐसे भी लोगों को हम देखते हैं जो उम्र से युवा हैं पर चेहरा बुझा-बुझा है। न कुछ उनमें जोश है न होश। अपने ही विचारों में खोए-खोए---, निष्क्रिय ओर खाली-खाली से, निराश और नकारात्मक तथा ऊर्जा विहीन---। हाँ सचमुच ऐसे लोग पूरी नींद लेने के बावजूद सुबह उठने पर खुद को थका महसूस करते हैं, कार्य के प्रति उनमें उत्साह नहीं होता। ऊर्जा का स्तर उनमें गिरावट पर होता है। क्यों होता है ऐसा? कभी महसूस किया आपने? यह सब हमारी शारीरिक स्वस्थता के साथ-साथ मानसिक स्थिति का और विचारों का एक प्रतिबिंब है। जब कभी आप चिंतातुर होते हैं तो ऊर्जा का स्तर गिरने लग जाता है। उस समय जो अनुभूति होती है, वह है-शरीर में थकावट, कुछ भी करने के प्रति अनिच्छा और अनुत्साह---। चिंता




या तनाव जितने ज्यादा उग्र होते हैं, उतनी ही इन सब स्थितियों में तेजी आती है, किसी काम में तब मन नहीं लगता।

दूषित और दमघोंटू वातावरण में हर आदमी अपने आपको टूटा-टूटा सा अनुभव कर रहा है। उसकी धमनियों में कुत्सित विचारों का रक्त संचरित हो रहा है। कोशिकाएँ ईर्ष्या और घृणा के धुएं से जल रही हैं। फेफड़े संयम के बिना शुद्ध ऑक्सीजन नहीं ले पा रहें है, कलह का दावानल पोर-पोर को जला रहा है, ऐसी स्थिति में इंसान का जीना समस्या है। लेकिन वह कैसे जीए? भागम-भाग, तनाव एवं घटनाबहुल आज के इस युग में सकारात्मक होना, ऊर्जावान होना इसके लिये एक बेहतरीन बात है और इसी के माध्यम से मानव जीवन ने ऊंचाइयों को छुआ है। यह सकारात्मकता एवं ऊर्जस्विलता ही है, जिसने आम इंसानों को ऐतिहासिक पुरुषों के रूप में महानता प्रदान की है। कई बार आपको ऐसा लगता होगा कि आप ऊर्जा से भरे हुए और परिपूर्ण है। आपका घट ऊर्जा से छलछला रहा है और उस समय आपके चेहरे पर एक विशिष्ट आभा होती है, आँखों में चमक होती है, मन में प्रसन्नता ओर हृदय में होती है कुछ कर गुजरने की तमन्ना।

अपनी ऊर्जा को सकारात्मक रूप देने और उसे बढाने के लिए आप इस तथ्य को अपने मन मस्तिष्क में बिठा लें कि सामान्यत: मनुष्य जो कुछ कर रहा है वह उसकी क्षमता से बहुत कम है। जैन धर्म में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि मनुष्य अपने इसी शरीर में सर्वज्ञ बन सकता है और महानता का वरण कर सकता है। कुछ अन्य दार्शनिक इस विचार से असहमत रहे हैं। उनका कहना था कि हाड़ मांस के इस शरीर से मनुष्य सर्वज्ञ जैसी दिव्यता की स्थिति को प्राप्त कर ही नहीं सकता। पर जैन आचार्यों ने महावीर वाणी के आधार इस बात को दृढ़ता के साथ और सही ढ़ंग से प्रस्तुत किया कि इस ह्यूमन बॉडी में जो विराट शक्तियाँ भी छिपी हुई हैं, उनका सही उपयोग किया जाए तो नि:संदेह मनुष्य सर्वज्ञता और महानता जैसी स्थिति को प्राप्त कर सकता है।

चीजों को सही परिप्रेक्ष्य में आंकना और सामर्थ्य व परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जीवन जीना ही सकारात्मकता है। यदि परिस्थितियां हमारे हित में नहीं है तो उन्हें अपने हित में करने के लिए जूझना। दुनिया में ऐसा कोई कार्य नहीं है, जिसे इंसान न कर सके। दिल में कामों के प्रति जुनून और लगन होनी चाहिए। सकारात्मकता आत्मविश्वास से ही उपजती है और उसमें इस बात का भी बोध होता है कि दुनिया बहुत महान है और यहां विविधताओं और योग्यताओं का भंडार है। जितनी ज्यादा चाह है, उससे ज्यादा मेहनत करने की क्षमता ही हमें सकारात्मक बना सकती है। बुद्ध ने कहा कि अंतिम सत्य कुछ नहीं, कुछ भी नहीं है, जो अजर-अमर हो। कुछ भी नहीं, जो बदला न जा सके। एक महान विद्वान ने कहा था कि जब हम स्वार्थ से उठकर अपने समय को देखते हुए दूसरों के लिए कुछ करने को तैयार होते हैं तो हम सकारात्मक हो जाते हैं।

हिन्दू धर्म ग्रंथों की मानें तो भगीरथ नाम के एक इंसान ने कठोर तपस्या के माध्यम से गंगा को पृथ्वी पर आने के लिए मजबूर कर दिया था। सच है कि आपके द्वारा किया गया कोई कार्य फल न दे, यह नामुमकिन है। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि आप काम को कैसे करते हैं। माना कि आप बहुत अच्छे ड्राइवर हैं, पर क्या आप आंख बंद करके गाड़ी चला सकते हैं। जीवन भी ऐसा ही है- गाड़ी चलाने जैसा, कभी तेज चलता है तो कभी धीरे, कभी क्लच पकड़ना पड़ता है तो कभी गियर बदलना पड़ता है। कभी गाड़ी ऊबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरती है तो कभी बंद पड़ जाती है और उसे दुरुस्त करने के लिए गैराज भेजना होता है। जिन्दगी भी ऐसी ही होती है जिसे सकारात्मकता रूपी गैराज की जरूरत पड़ती है। महात्मा गांधी ने कहा कि जब आप दुखी हों तो अपने से नीचे देखो और फिर सोचो कि आप सुखी हो या दुखी। यहां देखने का नजरिया महत्वपूर्ण होगा। नीचे देखते समय अपनी सुविधाओं को देखो और ऊपर देखते हुए उनके लिए किए गए श्रम को समझने का प्रयास करो। ऊर्जा एवं सकारात्मकता से समृद्ध होकर आप जीवन को आनंदित बना सकते हैं। समाज और राष्ट्र के लिए भी ज्यादा उपयोगी साबित हो सकते है। सदा उत्साहित रहकर खुद को ऊर्जा से भरपूर रखें, इससे आपके व्यक्तित्व को नई पहचान मिलेगी। आपका आत्मविश्वास बढेगा, जीवन में सफलता की सीढ़ियों पर बहुत जल्दी आप आरोहण कर सकेंगे।

## तीनों देशों की हरकतों से अमेरिका आशंकित

रूस यूक्रेन युद्ध को 18 माह से ज्यादा हो चुके हैंद्य यूक्रेन द्वारा मास्को में बड़े ड्रोन अटैक के बाद पुतिन प्रशासन पूरा हिल गया है। इसके अलावा यूक्रेन मिसाइल से रूसी युद्धपोत पर हमले से रूस की सेना घबरा गई हैद्य इतने दिनों के युद्ध के बाद भी यूक्रेन युद्ध से पीछे हटने को बिल्कुल तैयार नहीं है और अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस ,ऑस्ट्रेलिया तथा अन्य देशों की सामरिक मदद से यूक्रेन और बलशाली हो गया है वह लगातार काउंटर अटैक यूरोप की सेना पर कर रहा है। रूसी सेना यूक्रेन के सामने कई मोर्चों में कमजोर दिखाई देने लगी है।

इसमें दो मत नहीं के रूस ने यूक्रेन को कमतर आंक कर बहुत बड़ी भूल की है यूक्रेन लगातार युद्ध में डटा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच पूरी दुनिया के सामने कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं जिससे न केवल अमेरिका की मुश्किलें बढ़ा दी हैं बल्कि सभी पश्चिमी देशों को गहन चिंता में डाल दिया है। उत्तर कोरिया के विक्ट्री डे उत्सव मनाने के दौरान रूस के रक्षा मंत्री सरगई शोइगू और चीन की महत्वपूर्ण कम्युनिस्ट पार्टी के सीनियर सदस्य ली होंग जोंग मौजूद नजर आए। यह तो तय है कि पुतिन, शी जिनपिंग और किम योंग के बीच अमेरिका तथा यूक्रेन के खिलाफ नई खिचड़ी पक रही है। तीनों के बीच नई न्यूक्लियर साझेदारी गुप्त रूप से की गई है जो निसंदेह अमेरिका तथा पश्चिमी देशों के लिए बड़ा खतरा बन सकती है।

एजेंसियों द्वारा बताया गया कि उत्तरी कोरिया के अधिकारिक भवन में वहां के तानाशाह किम के साथ पुतिन के बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए हैं। इसके अलावा इस नॉर्थ कोरिया के विजय दिवस पर मिसाइल का परीक्षण भी किया गया एवं पुतिन के दाया हाथ माने जाने वाले रक्षा मंत्री सर्गेई तथा चीन के महत्वपूर्ण प्रतिनिधि ली होंग जोंग की मौजूदगी यूक्रेन तथा अमेरिका के खिलाफ परमाणु संधि को परिणाम देती नजर आ रही है और यह गुप्त संधि अमेरिका तथा पश्चिमी देशों के खिलाफ परमाणु युद्ध की एक बड़ी चेतावनी भी है। अब ऐसा लगने लगा है कि रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध करते हुए 18 माह से ज्यादा बीत जाने के पश्चात रूस को अपनी कमजोरियों का एहसास होने लगा है।

रूस की जनता भी अब इस लंबे युद्ध से ऊब चुकी है पुतिन के सैन्य अधिकारी तथा सेना भी युद्धविराम चाहती है पर पुतिन की जिद के कारण उन्हें युद्ध में अपनी जान गंवानी पड़ रही है। रूस को अपनी युद्ध में कमजोरियां साफ नजर आ रही है और यही वजह है कि रूस अब दुनिया से मदद की अपेक्षा करने लगा है खासकर उन देशों से जिनकी विशिष्ट पहचान अमेरिका तथा पश्चिमी देशों से कट्टर दुश्मन के तौर पर होती है। रूस की योजना के अनुसार रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया यूक्रेन के खिलाफ जंग में अमेरिका के खिलाफ भी एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं। यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है की तीनों परमाणु शक्ति संपन्न देश अमेरिका द्वारा यूक्रेन को मदद करने कि प्रतिक्रिया के फल स्वरुप यूक्रेन तथा अमेरिका पर कभी भी परमाणु आक्रमण कर सकते हैं।

इसकी वजह एकदम साफ है की जब यूक्रेन ने मास्को में एक के बाद एक कई ड्रोन अटैक करके राजधानी में हड़कंप मचा दिया है।

दरख्तो से पुराने घरोंदे वो उठाने लगे
सूखे सरोवर परिंदे छोड़कर जाने लगे है

नहि अंदेशा है उन्हें अपनी उडान की दूरी का,
कंधे पर रख जीन्दगी का क़र्ज़ चुकाने लगें हैं

दरख्तों के ठुठ होने का अफ़सोस नही है,
नन्हे चूज़ों के नये घोसले बनाने चले है

कितने दरख्त,सरोवर सूख गए संजीव
हौसलों से परिंदे नई ऊंचाई नापने चले है।

चूजे भी पुराने दरख्तों के छोटे तिनके,उठाकर,
आदम को दुनिया का आकाश दिखाने चले है।

भूल जाओ पुराने लम्हों ,पलों ,को चलो साथ साथ,
अब परिन्दें भी दुनिया को नई रौशनी दिखाने चले हैं।



संजीव ठाकुर
रायपुर

## हीरोशिमा परमाणु बम कांड की बरसी छह अगस्त : जब मैंने महादैत्य देखा



अशोक मधुप

बचपन से हम राक्षस - दानव और दैत्यों के बारे में सुनते आ रहे हैं।बस सुनते ही आये हैं।देखे किसी ने नहीं। सुनते आ रहे हैं कि वह अपनी क्षुधा शांत करने के लिए आदमियों को मारते और खाते हैं। पर यह पता नहीं लगा रोज कितने आदमियों को खाते हैं।

कई किस्सों में आया है कि गाँव के पास की पहाड़ी पर एक राक्षस ऐसा था कि वह रोज गांव के एक व्यक्ति की बलि देता था। गांव वाले स्वत: बलि के लिए रोज एक व्यक्ति सौंप देते थे। बह उसे मारता और खा जाता था। हमने किस्से सुने है पर।किसी ने राक्षस ,दानव और दैत्यों को देखा नहीं,पर मैं प्रत्यक्ष दृष्टा हूँ ।मैंने अपनी आंखों से दैत्य को देखा है। दैत्य और राक्षस ही नहीं देखा ,महाराक्षस को देखा है।महादानव को देखा। मैं भौचक्के से बहुत देर तक उसे एकटक देखता रहा।देखता ही रहा। साथ में खड़ी पत्नी और बेटे ने टोका तो मैं अपने में वापस लौटा।

घटना है अमेरिका के ओहायो स्टेट के डेटन स्थित एयर फोर्स के म्यूजियम की। मैं उन प्लेन के सामने खड़ा था, जिन्होंने एक झटके में जापान को तबाह कर दिया था। छह अगस्त 1945 की सुबह हिरोशिमा पर लिटिल बाय नामका परमाणु बम डाला। इसके तीन दिन बाद नागासाकी पर फैट मैन नामक बम गिराया गया। एक झटके में जापान तबाह हो गया। इसके बाद जापान ने बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया।इन दानव ने एक साथ ,एक ही झटके में लाखों लोगों को एक साथ मार डाला था। जो मरे सो मरे ,इनका प्रभाव है कि हादसे के 78 साल बाद भी वहां इससे फैली विकरण के प्रभावजनित बीमारियों से लोग रोज मर रहे हैं।बच्चे आज भी विकलांग पैदा होते हैं।किसी के हाथ की उंगली नहीं होती,तो किसी के पांव की।मैं सोच रहा था। वातावरण बहुत बोझिल था।

बेटे अंशुल ने महसूस किया।पूछा क्या सोच रहे हो। मैंने उससे कहा। राक्षस और दानवों का नाम सुनते ही आया था। आज महाराक्षक- महादानव को देखा रहा हूं।इन्होंने एक ही झटके में लाखों लोगों की जान लेली। जीव ङ्कजन्तु कितने मरे, इनकी तो गिनती ही नहीं। माहौल को हल्का करने के लिए उसने कहा-मम्मी-पापा सामने आओ। प्लेन के सामने आओ।आपका फोटो खींचना है।फोटो खींचे।प्लेन के पास दोनों बम के मॉडल रखे थे। यहां इस घटना, विमान और



दोनों बम के बारे के विस्तार से जानकारी दी गई थी। प्लेन की साइड में बम गिराने वाले चालक दल के आदमकद कट आउट भी लगे थे।

हम यहाँ से आगे बढ़े।पूरा म्यूजियम घूमे। बहुत कुछ देखा। विश्व के आधुनिक अमेरिकन प्लेन देखे। इसमें बावजूद मन हीरोशिमा- नागासाकी पर बम गिराने वाली घटना में ही अटका रहा।

चलते- चलते मैं सोच रहा था एक घटना के बारे में ।एक कहानी के बारे में ।मैंने कहानी पढ़ी। एक युद्ध के मैदान में हजारों शव पड़े हैं। बड़ी तादाद में घायल पड़े तड़प रहे थे। युद्ध के मैदान से एक शेर गुजरता है।वह एक सैनिक से आश्चर्य के साथ पूछता है -तुम इन सबको खा जाओगे। सैनिक बोला। हम आदमखोर नहीं हैं। हम आदमी को खाते नहीं हैं। शेर बोला । खाते नहीं हो तो मारते क्यों हो। लानत है तुम पर ।हम तो पेट भरने के लिए दूसरे प्राणी को मारते हैं। पेट भरा होता है तो हम किसी को कुछ नहीं कहते। भले ही वह हमारे पास घूमता रहे।

तुम इंसान बहुत घटिया हो। बेबात इंसान को मारते हो। अपना रौब गांठने के लिए। अपने रूतबे के लिए । सोच रहा था, अपने को सभ्य कहने वाला इंसान कितना निकृष्ट है,बेबात लाखों लोगों के प्राण ले लेता है।

घर वापिस लौटते समय अंशुल ने पूरी घटना बताई।कहा अमेरिका द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल नहीं था । जापान ने उसे उकसाया। सात दिसंबर 1941 में दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान उसने अमेरिका के बड़े नौसैनिक केंद्र पर्ल हार्बर पर हमला किया।

अमेरिकी जमीन पर ये पहला हमला था। इस हमले में लगभग 2,400 से अधिक अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। एक हजार से ज्यादा घायल हो गए ।पर्ल हार्बर के हमले में लगभग 20 अमेरिकी जहाज नष्ट हो गए थे।इसके साथ ही जमीन पर मौजूद 300 से ज्यादा अमेरिकी विमान भी बर्बाद हुए थे।

सात दिसंबर की सुबह लगभग आठ बजे पर्ल हार्बर के ऊपर जापानी विमानों से आसमान भर गया था। वे आसमान से बम और गोलियां बरसा रहे थे।नीचे अमेरिकी विमान खड़े हुए थे। सुबह आठ बजकर दस मिनट पर एक 1800 पाउंड का बम अमेरिकी जहाज यूएसएस अरिजोन के ऊपर गिरा।जहाज फट पड़ा ।अपने अन्दर 1000 के आस-पास लोगों को समेटे हुए डूब गया।। जापान ने 15 मिनट तक पर्ल हार्बर पर बमबारी की थी। इस हमले में 100 से ज्यादा जापानी सैनिक भी मारे गए थे। अमेरिका के दूसरे युद्धपोत यूएसएस अल्काहोमा पर तारपीडो से हमला किया गया था। उस समय जहाज पर 400 लोग सवार थे।जहाज बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ ।अमेरिका के लिए ये हमला बेहद चौंकाने वाला था। हमले में अमेरिका को भारी नुकसान हो चुका था। हमले के बाद अमेरिका सीधे तौर पर दूसरे विश्व युद्ध में शामिल हो गया ।कहा जाता है कि इसी का बदला लेने के लिए अमेरिका ने 1945 में जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए थे।

उसने बताया कि यह दुनिया में किसी भी देश का दूसरे देश पर पहला और अब तक का आखिरी परमाणु हमला था।इस हमले की खास बात यह थी कि यह हमला पर्ल हर्बर पर हमले के पांच साल आठ माह बाद हुआ। अमेरिका के पास परमाणु बम तैयार नही थे।

चार साल से ज्यादा समय उसे परमाणु बम तैयार करने मे लगा। परमाणु बम तैयार होने के बाद जापान को झुकाने और अपनी हनक बताने के लिए यह हमला किया गया।

# शार्ट न्यूज

## औरैया में स्कूल बस पलटी, 25 बच्चे चुटहिल

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के फफूंद क्षेत्र में शनिवार को एक स्कूली बस के पलटने से उसमें सवार करीब 25 बच्चे चुटहिल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के कस्बा अछल्दा स्थित मार्शल हेराल्ड पब्लिक स्कूल की बस सुबह बच्चों को लेने गांव जा रही थी। बस फफूंद थाने के गांव भैंसोल के पास पहुंची कि अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरी। हादसे से बच्चों की चीख पुकार मच गई। ग्रामीण दौड़े और कड़ी मशक्कत कर बच्चों को बाहर निकाला। इस बीच बस का चालक मौके से भाग निकला। सूचना पर पुलिस आ गई। सभी के बच्चो के परिजनों को सूचना दी गई। हादसे में घायल बच्चों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें परिजनों के साथ भेज दिया गया। मौके पर पहुंचे सीओ भरत पासवान ने बताया कि बरसात के कारण सड़क पर कटान के से गड्ढे हुए हैं। हादसा इस कारण भी हो सकता है। बस की फिटनेस आदि की भी जांच कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## बांदा में नाबालिग का अपहरण करके दुष्कर्म

**बांदा।** बांदा में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जहां पर पहले नाबालिग को नशीला पदार्थ सुंघाया गया। उसके बाद उसको खेत में ले जाकर रेप की घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता की मां ने थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई है। वहीं पुलिस शिकायत दर्ज कर आरोपी की तलाश में लग गई है। पूरा मामला बांदा के एक गांव का है। नाबालिग लड़की ने बताया कि 14 जुलाई की रात को गांव के एक लड़के ने फोन करके नाबालिग को घर के बाहर बुलाया। जिसके बाद युवक ने रूमाल में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर उसे सुंघा दिया। जिसके कारण लड़की बेसुध हो गई। फिर उसको उठाया और खेत में ले जाकर उसके साथ रेप जैसी घटना को अंजाम दिया। रेप करने के बाद युवक वहां से फरार हो गया। पीड़िता की मां ने तहरीर देते हुए बताया की जब रात में उसकी नींद खुली तो बेटी घर में नहीं थी। उसके बाद परिजन लड़की को ढूंढने में लग गए और कुछ देर बाद किशोरी खेत में मिली। किशोरी ने मिलने के बाद अपनी आपबीती सुनाई।

## फतेहपुर में गौवध के 6 आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** फतेहपुर में गौवध की सूचना पर पुलिस ने एक कब्रिस्तान के पास जंगल में छापेमारी कर मौके से 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मौके से भारी मात्रा में गौमांस और गौवध करने का उपकरण भी बरामद करते हुए मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। जिले के हठगांव थाना क्षेत्र के मुल्लनपुर कब्रिस्तान के पास बफासला गांव के जंगल में गौवध करने की सूचना मुखबिर ने थाना प्रभारी शैलेश कुमार सिंह को दी। सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने घेराबंदी करते हुए मौके से 180 किलो गौमांस और उपकरण बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 6 अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि गौवध करते हुए 6 शातिर अपराधी मो. कौमयन (38), मो. कासिम (32), साबिर अली (30), सफी तौफीक (27), सफी मोहम्मद (32), सिद्दीकी मोहम्मद (23) और मो. हैदर अली (28) को मौके से गिरफ्तार कर पशु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। इस सभी पर पहले से कई मुकदमें दर्ज हैं और जेल भेज जा चुके हैं।

## श्रावस्ती में आई फ्लू को लेकर अलर्ट

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती में आईफ्लू को लेकर जिला प्रशासन ने जिलेवासियों को कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है। लोग सतर्क रहकर आंखों के संक्रमण से खुद को बचा सकते हैं। बताते चले कि आई फ्लू को पिंक आई या कंजक्टिवाइटिस भी कहा जाता है, जो कि बारिश के मौसम में होने वाली एक आंखों की समस्या है। आई फ्लू आंखों के सफेद हिस्से में संक्रमण हो जाता है। आई फ्लू के ज्यादातर मामले सर्दी-खांसी वाले वायरस की वजह से बढ़ते हैं। बरसात में फंगल इन्फेक्शन समेत हवा में प्रदूषण वातावरण में नमी जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसकी वजह से आंखों से जुड़ी परेशानियां होने लगती हैं। बारिश के गंदे पानी में नहाने या फिर लंबे समय तक पसीने में काम करने से आंखों में इंफेक्शन की समस्या हो जाती है। इसके अलावा आई फ्लू से पीड़ित लोगों के साथ हाथ मिलाने और गंदे हाथों से आंखो को छूने एवं पीड़ित व्यक्ति के कपड़े प्रयोग करने से आई फ्लू होने की आशंका बढ़ जाती है। आई फ्लू से प्रभावित लोगों को विषेश सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि आईफ्लू की चपेट में सबसे ज्यादा बच्चे आते हैं। सभी स्कूल कालेज भी सतर्क रहें।

## जालौन में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**जालौन।** जालौन में एक युवक ने संदिग्ध हालत में घर पर उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जब घर पर कोई नहीं था, इस घटना के बारे में तब पता चला, जब उसका पिता घर लौटा और उसने बेटे को फांसी पर झूलता देखा तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने युवक की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मनोरा का है। यहां का रहने वाला अंकित अहिरवार (22) पुत्र बाबू अहिरवार मजदूरी करके अपना भरण पोषण कर रहा था, जबकि उसके परिवार के बाकी सदस्य दिल्ली में काम करते हैं। कुछ दिन पहले उसके पिता बाबू अहिरवार दिल्ली से अपने गांव आए हुए थे। शुक्रवार शाम को अंकित के पिता बाबू किसी काम से बाहर निकल गया, जबकि घर में अंकित अकेला था, इसी दौरान अंकित ने साड़ी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली, जिससे सकी दम घुटने से मौके पर ही मौत हो गई। रात करीब 10 बजे जब पिता घर लौटा तो साड़ी से लटक रहे अपने बेटे के शव को देख उसके होश उड़ गए।

## इटावा में ट्रक के नीचे मिला युवक का शव

**इटावा।** इटावा में युवक का सड़क किनारे शव पड़ा मिला। परिजनों ने कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटनास्थल पर युवक की मोटरसाइकिल ना मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। वैदपुरा थाना इलाके के इटावा मैनपुरी रोड पर युवक का शव ट्रक के चेचिस नीचे पड़ा मिला था। शुक्रवार शाम हैवरा के मजरा पुठिया निवासी एक युवक का वैदपुरा थाना क्षेत्र के इटावा मैनपुरी रोड के पास बाबूजी भट्टा के पास खड़े ट्रक के नीचे शव मिला। थाना पुलिस जांच में जुटी हुई है। ग्राम पुठिया निवासी रामू यादव (31) पुत्र स्वर्गीय सौदान सिंह यादव शुक्रवार को दोपहर करीब 3 बजे अपनी मोटरसाइकिल से इटावा गया हुआ था। रात करीब 7: 30 बजे उसका शव वैदपुरा थाना क्षेत्र के पास पड़ा मिला। प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर व इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र बहादुर यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना पुलिस द्वारा युवक की मौत का कारण एक्सीडेंट बताया जा रहा है। घटना की सूचना पर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। हंगामा किया और नाम के साथ कुछ लोगों पर हत्या कर हादसा दिखाने का आरोप लगाया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में चोरी की कोशिश

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात में चोरों ने एक सरकारी बैंक को निशाना बनाने का प्रयास किया, लेकिन चोरी की घटना को अंजाम देने में असफल रहे। वहीं, पूरा घटनाक्रम बैंक में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। इसे देखने के बाद शाखा प्रबंधक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। वहीं, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। कानपुर देहात के विकास भवन माती में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में शुक्रवार की देर रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देने का असफल प्रयास किया। चोरों ने बैंक के शटर और चैनल गेट का ताला तोड़कर चोरी की कोशिश की है। हालांकि, चोर बैंक के लॉकर तक नहीं पहुंच पाए। वहीं, बैंक में लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई। इसे देखने के बाद शाखा प्रबंधक ने घटना की जानकारी अकबरपुर पुलिस को दी। बैंक में चोरी की घटना के असफल प्रयास की जानकारी होते ही मौके पर एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पांडे के साथ फॉरेंसिक टीम और अकबरपुर थाना प्रभारी के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# 75-75 स्वच्छागृहियों का सम्मान, स्वच्छता अभियान से बढ़ रहा मान

**मेरी माटी, मेरा देश अभियान : क्रांति दिवस (9 अगस्त) से शुरू होगा आयोजन**

**लखनऊ।** मेरी माटी, मेरा देश अभियान के विराट भाव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। यूपी के माटी के वीरों का वंदन कर उनके परिजनों का अभिनंदन हो या स्वच्छागृहियों का सम्मान, योगी सरकार इस अभियान के जरिए सामाजिक संस्कृति को अक्षुण्ण बनाने वालों को भी पहचान देगी। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तो शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान भी चलेगा। साथ ही युवाओं के लिए मिनी मैराथन का भी आयोजन कर इस अभियान को अलग पहचान दिलाई जाएगी।

### पंचायतों से लेकर कॉलेजों तक में होंगे विविध आयोजन

योगी सरकार इस अभियान से जन-जन को जोड़ेगी। इसके लिए पंचायतों से लेकर कॉलेजों तक में विविध आयोजन होंगे। छात्र व शिक्षक जहां पंच प्रण लेंगे, सेल्फी अपलोड करेंगे, वहीं पुलिस विभाग की तरफ से विशेष मार्च व वीरों का सम्मान भी होगा। माटी कला बोर्ड-स्थानीय शिल्पकारों के जरिए मिट्टी के दीपों की व्यवस्था के उपरांत इसका वितरण भी किया जाएगा।

### क्रांति दिवस से शुरू होगा आयोजन

मेरी माटी, मेरा देश अभियान क्रांति दिवस (9 अगस्त) से प्रारंभ होगा। इसी दिन मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। ग्राम पंचायत व नगर पंचायत से जुड़े जनप्रतिनिधियों व अफसरों द्वारा बैठक आहूत कर शिलाफलकम हेतु स्थान निर्धारित कर इसे लोकार्पित किया जाएगा। अमृत कलश हेतु मिट्टी का संग्रहण कर पंच प्रण लिया जाएगा। स्कूलों व विद्यालयों में माटी गीत का गायन और स्थानीय कलाकारों की ओर से राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक आयोजन होंगे।

### 75-75 स्वच्छागृहियों का सम्मान, शहीद स्मारकों पर चलेगा स्वच्छता अभियान

पीएम मोदी के मार्गदर्शन में योगी सरकार का स्वच्छता पर विशेष जोर है। योगी सरकार मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत भी स्वच्छता से जुड़े विविध आयोजन कराने पर जोर दे रही है।

10 अगस्त को स्वतंत्रता संग्राम स्थलों व शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। वहीं स्वच्छता से जुड़े 75-75 स्वच्छागृहियों का सम्मान भी स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ग्राम पंचायत-नगर पंचायतों व नगर निकायों स्तर पर होगा। इसी दिन विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन भी किया जाएगा।

## कौशांबी में पशु तस्कर गिरफ्तार

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के चरवा क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि तीन अगस्त की रात सराय अकिल क्षेत्र से भैंस चोरी का प्रयास कर भाग रहे बदमाशों का पुलिस ने पीछा किया था मगर बदमाश पुलिस दल पर फायरिंग करते हुये भाग निकलने में सफल हो गये थे। उन्होने बताया कि इसी सिलसिले में पुलिस को बीती देर रात सूचना मिली कि फरार बदमाशों के कुछ चरवा क्षेत्र के गुंगवा बाग में छिपे है। सूचना पर सक्रिय पुलिस ने गुंगवा की बाग पर घेराबंदी की कि तो पशु तस्करों की तरफ से पुलिस पार्टी पर फायरिंग की गई। जवाबी फायरिंग में पशु तस्कर फिरोज के पैर में गोली लग गई ?और वह मौके पर गिर गया पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस बीच उसके साथी अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकले। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से देशी तमंचा और कारतूस बरामद किये गये हैं। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश कर रही है ।

# फिरोजाबाद में दरोगा हत्याकांड में नौकर गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के अराव क्षेत्र में तैनात दरोगा दिनेश कुमार मिश्रा की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने शनिवार को उनके ही नौकर धीरज को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि दरोगा दिनेश मिश्रा के घर पर काम करने वाले नौकर ने ही उनकी अवैध तमंचे से गोली मारकर हत्या की गई थी।पुलिस अधिकारियों की जांच में शुरुआत से उनके साथ पीछे बाइक पर बैठे नौकर धीरज पर ही संदेश हुई जा रही थी। घटनास्थल पर मौजूद साक्ष्य भी नौकर के ऊपर शक जाहिर कर रहे थे। पुलिस ने चुनौती के रूप में दरोगा हत्याकांड को स्वीकार करते हुए विभिन्न एंगिल से घटना का परीक्षण और जांच की गई।

साक्ष्य और रिपोर्ट के आधार पर गोली बिल्कुल बराबर से मारी गई थी जबकि नौकर के अनुसार सामने से हमलावरों ने गोली चलाई।

एसपी ग्रामीण ने बताया कि शनिवार को धीरज को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उसने दरोगा दिनेश मिश्रा की हत्या करने की बात स्वीकार की है। उसने बताया वह आगरा कालिंदी विहार में दिनेश मिश्रा के मकान के पास ही रहता है। बेरोजगार होने के कारण उनके पास रहकर उनके घरेलू काम करता था।

वह शराब का आदी है जिसके कारण उसकी बीवी भी उसे छोड़ कर चली गई। उसके सात वर्षीय बच्ची है जो आगरा में दादी के पास रहकर पढ़ रही है, उसके खर्चे के लिए पैसे की जरूरत थी।

मृतक पुलिस अधिकारी ने दो महीने से उसको कोई पैसा नहीं दिया था। गुरुवार को क्षेत्र में विवेचना से लौटते समय भी उसकी पैसों को लेकर कहासुनी हो गई थी तो रास्ते में ही मोटरसाइकिल रुकवा कर उसने अपने पास रखें तमंचे से उनको गोली मार दी।

# बरेली में अग्निवीरों का पहला बैच देश सेवा के लिये तैयार

**बरेली।** बरेली जाट रेजिमेंटल सेंटर स्थित बक्शी परेड ग्राउंड पर शनिवार सुबह एक भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन हुआ, जिसमें 164 अग्निवीरों के प्रथम बैच ने 31 सप्ताह के कठिन परिश्रम बाद अपने देश की आन, बान और शान की रक्षा करने के लिए अंतिम पग रखा तथा भारतीय सेना के अभिन्न अंग बन गए । पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेट जनरल बीएस राजू ने अग्निवीरों संग बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होने कहा कि अग्निवीरों का भविष्य उज्वल है। प्रत्येक को अपना हौसला बुलंद रखना है। इस अवसर से उन्हें जो अनुभव प्राप्त होगा, वह जीवन भर गौरव का स्त्रोत रहेगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में तैनात होने से अग्निवीरों को विविध अनुभव प्राप्त होगा। उन्हें विभिन्न भाषाओं और विभिन्न संस्कृतियों को देखने और समझने का अवसर प्राप्त होगा। ले जनरल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अग्निवीर योजना सिविल समाज को सैन्य आचरण वाले अनुशासित व कुशल युवा उपलब्ध कराएगा।

# भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया को दो साल की सजा

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा की एक विशेष अदालत ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रामशंकर कठेरिया को एक निजी कंपनी के अधिकारी से मारपीट करने और बलवा करने के आरोप में दोषी करार करते हुये दो साल की कैद और 50 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनायी है। जिले की एमपी/एमएलए कोर्ट ने इटावा के सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री कठेरिया को टोरंट कंपनी के अधिकारी से मारपीट और बलवा करने का दोषी माना। दो साल की सजा होने के बाद रामशंकर कठेरिया संसद की सदस्यता जा सकती है।



मामला 16 नवंबर, 2011 का है। उस समय कठेरिया आगरा संसदीय क्षेत्र से सांसद थे। अदालत ने सांसद को दोषी पातें हुये भारतीय दंड संहिता की धारा 147 में दो वर्ष कैद एवं 323 में एक वर्ष की कैद से दंडित किया। दोनों सजाएं साथ चलेंगी। अदालत ने सांसद राम शंकर कठेरिया पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। सांसद के अधिवक्ता ने आदेश के विरुद्ध सत्र न्यायालय में अपील करने का हवाला देकर जमानत स्वीकृत करने की अर्जी दी जिसे स्वीकार करते हुये न्यायालय ने उनकी रिहाई के आदेश दे दिये।

टोरंट पावर के सुरक्षा निरीक्षक समेधी लाल ने बताया कि साकेत माल में बिजली चोरी संबंधित मामले का मैनेजर भावेश रसिक लाल शाह सुनवाई और निपटारा कर रहे थे। उसी दौरान स्थानीय सांसद राम शंकर कठेरिया के साथ उनके 10 से 15 समर्थक कार्यालय में घुस गए और टोरंट अधिकारी भावेश के साथ मारपीट की। इसमें उन्हें काफी चोट आईं।

वादी की तहरीर पर सांसद राम शंकर कठेरिया एवं उनके अज्ञात समर्थकों पर धारा 147 एवं 323 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ। इस मामले में थाना हरीपर्वत पुलिस ने सांसद राम शंकर कठेरिया के विरुद्ध ही आरोप पत्र अदालत में प्रेषित किया गया था।

मामले में गवाही एवं बहस की प्रक्रिया पूरी होने पर पर शनिवार को फैसला आया और भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया को दो साल की सजा सुनाई गयी।

# एटा में चार शातिर मुठभेड़ में गिरफ्तार

एटा। उत्तर प्रदेश में एटा जिले के मारहरा क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार और शनिवार की रात एक सशस्त्र मुठभेड़ में चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने आधी रात के समय में चार बदमाशों को उनके पैर में गोली मारकर घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। सभी बदमाशों को एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इस बीच मुठभेड़ में मारहरा थाना में तैनात एक पुलिस कांस्टेबल हरिओम चौधरी को भी गोली लगी है। उसको भी एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उन्होने बताया कि पुलिस को सूचना



मिली थी कि रतनपुर के पसेक यात्री निवास में बदमाश छिपे हुए है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इनको चारो तरफ से घेर लिया। चारो तरफ से घिरा देखकर इन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी, जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की जिसमे चार बदमाशों के पैर में गोली लगी है।

मुठभेड़ के दौरान एटा के एसएसपी राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मौके पर भारी पुलिस बल के साथ कई थानो का पुलिस फ़ोर्स मौजूद रहा। गिरफ्तार बदमाशों ने पिछले दिनों एटा जिले के मारहरा में लूट की घटना को अंजाम दिया था । इसके अलावा एटा कृषि मंडी समिति के कई बड़े मूंगफली व्यापारी भी बदमाशों के निशाने पर थे। आईसीआईसीआई बैंक से बड़े व्यापारियों द्वारा रुपये निकालकर ले जाते समय उनको लूटने की इनकी योजना थी।

पुलिस की गोली से घायल हुए बदमाशों का लम्बा आपराधिक इतिहास भी है । इनके कब्जे से चार तमंचे, खोखा कारतूस और बड़ी संख्या में जिन्दा कारतूस बरामद किए गए हैं। एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि इन बदमाशों पर दर्जनों मुक़दमे लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, एनडीपीएस के हैं। इनमे एक हाथरस, दो अलीगढ और एक कासगंज का रहने वाला है। सभी के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की जायेगी। डीआईजी अलीगढ ने इस मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम को 50 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# हाथरस में डिप्टी सिंह हत्या कांड का खुलासा, 2 गिरफ्तार

हाथरस। हाथरस में पुलिस ने सासनी क्षेत्र में खिटोली में वृद्ध की दिनदहाड़े हुई हत्या का खुलासा किया है। पुरानी रंजिश के चलते वृद्ध को गोलियों से भून कर उसकी हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड का मास्टरमाइंड पुराने केस में अपनी जमानत तुड़वाकर पहले ही जेल चला गया था।

1 अगस्त को सासनी क्षेत्र के गांव खतौली में सुबह बाइक सवार कुछ हमलावरों ने 70 वर्षीय डिप्टी सिंह की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अब इस हत्याकांड का खुलासा किया है। पुलिस ने इस हत्याकांड के दो आरोपियों लोकेश पुत्र मानसिंह और कन्हैया पुत्र सूरजपाल निवासीगण प्रेमनगर हाथरस को गिरफ्तार किया है।

एसपी देवेश कुमार पांडेय ने बताया कि गांव खिटोली निवासी प्रमोद के भाई बबलू की हत्या वर्ष 2001 में की गई थी।

इस हत्या में डिप्टी सिंह और उसका बेटा रविंद्र जेल गए थे। इसके कारण प्रमोद और उसका भाई विष्णु डिप्टी सिंह से रंजिश मानते थे। यह लोग डिप्टी सिंह की हत्या कर अपने भाई की हत्या का बदला लेना चाहते थे। इसी के चलते प्रमोद ने डिप्टी सिंह की हत्या की योजना बनाई।

## एसएसबी ने 5 ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी



**महराजगंज।** महराजगंज जिले में नेपाल से भारत में स्क्रैप तस्करी का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार सोनौली कोतवाली क्षेत्र के नोंमेंस लैंड के पिलर संख्या 516/22 के पास एसएसबी की 66वीं बटालियन के जवानों ने स्क्रैप लदे पांच ट्रैक्टर ट्रालियों को नेपाल से भारत में प्रवेश करते पकड़ा। जवानों ने घेराबंदी कर ट्रैक्टर के साथ तीन लोगों को पकड़ लिया, जबकि 6 अन्य तस्कर नेपाल में भाग निकले। पकड़े गए तस्करों की पहचान जय प्रकाश निवासी नेपाल, अजय पांडेय निवासी कुशीनगर, मोहरात निवासी नेपाल के रूप में हुई है। एसएसबी की पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वह स्क्रैप को नेपाल के भैरहवा-नवलपरासी मार्ग पर मौजूद गोदामों से लोड कर मैनियहवा गांव के रास्ते भारत में प्रवेश करते थे। स्क्रैप को सोनौली क्षेत्र के श्यामकाट गांव के पास एक गोदाम में खाली करते थे। स्क्रैप धंधेबाजों ने उन्हें बताया था कि उनकी भारत और नेपाल की सुरक्षा एजेंसियों से मिलीभगत रहती है इसलिए वह ट्रैक्टर-ट्राली निर्बाध रूप से गैर अधिकृत रास्ते से नेपाल से भारत ले जा सकते हैं। बरामदगी टीम में एसएसबी के उप कमांडेंट राकेश कुमार और सहायक कमांडेंट अमित कुमार समेत अन्य एसएसबी के जवान मौजूद रहे। सहायक कमांडेंट ने बताया कि स्क्रैप लदी ट्रैक्टर-ट्रालियों को कस्टम विभाग के सिपुर्द कर दिया गया है।

# हापुड़ पुलिस ने 2 शस्त्र तस्करों को किया गिरफ्तार

**वीडियो रील बनाकर करता था वायरल, 21 तमंचे बरामद, ऑन डिमांड करते थे सप्लाई**

**हापुड़।** हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 2 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार है। इनके कब्जे से एक अवैध बंदूक, एक रायफल, 18 अवैध तमंचे, एक अधबना तमंचा (कुल 21 अवैध शस्त्र) और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

ये तस्कर अवैध तमंचे को 4-5 हजार रुपए और बंदूक और रायफल को 7-10 हजार रुपए में बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। गिरफ्तार तस्कर अवैध शस्त्रों को डिमांड मिलने पर जनपद मेरठ के थाना किठौर क्षेत्र से खरीदकर अपराधी किस्म के लोगों को सप्लाई करते थे।



### अवैध शस्त्र के साथ बनाता था रील

थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सोनू और सतवीर उर्फ लाला निवासी पासवाड़ा बहादुरगढ़ बताया है।

एसपी ने बताया कि दोनों तस्कर ऑन डिमांड हथियार सप्लाई करते थे। इतना ही नहीं आरोपी हथियार के साथ वीडियो रील भी बनाते थे।

### फरार आरोपियों की हो रही तलाश

पकड़ा गया तस्कर सतवीर उर्फ लाला वीडियो बनाकर वायरल भी करता था। फिलहाल उसके मोबाइल से पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। पुलिस वीडियो और फोटो के आधार पर अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। एसपी ने बताया कि दोनों तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जबकि आरोपी सोनू पूर्व में भी जेल जा चुका है। जल्द ही फरार साथियों की तलाश की जा रही है।

# बांदा में अवैध गांजा की तस्करी करने वाले तीन गिरफ्तार



**आरोपी के पास मिला 116 किलोग्राम अवैध गांजा**

बांदा। बांदा में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां पर आज पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं आपको बता दें कि आरोपियों के पास से लगभग 20 लाख रुपये का अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

आपको बता दें क पूरा मामला बांदा जनपद के अतर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत से सामने आया है जहां पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस ने आज अवैध गांजा तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि अतर्रा पुलिस को सूचना मिली थी कि अतर्रा के कुसुमा खटौरा मोड़ के पास अवैध मादक पदार्थ लिए खड़े हुए हैं। बेचने जा रहे हैं, तभी पुलिस ने योजना बनाकर घेराबंदी की और 3 आरोपी को गिरफ्तार कर लिए लेकिन दो आरोपी पुलिस से बच निकले वही जब आरोपियों से पूछताछ की गई तो पता चला की ये तीनों आरोपी बाहर जनपद के रहने वाले हैं। वहीं से अवैध गांजा लेकर बांदा के आस पास और लोकल बांदा में बेचते थे।

## इटावा में युवक और किशोरी के शव मिले

इटावा। इटावा के बलरई नहर पुल में युवक और किशोरी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और नहर से शव बाहर निकलवाए। किशोरी की शिनाख्त हो गई है, लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दोनों ही शव शिकोहाबाद जिले से बहकर आने की आशंका जताई जा रही है। किशोरी की गुमशुदगी शिकोहाबाद थाने में दर्ज है। शनिवार को जसवंतनगर बलरई नहर पुल के पास पानी में उतराते हुए एक किशोरी और एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पानी से दोनों के शवों को निकाला। किशोरी की शिनाख्त हो चुकी है, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी। बलरई क्षेत्र की भोगनीपुर नहर में दो शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान और बलरई थाना पुलिस ने नगला लच्छी गांव के सामने शव को बहते हुए देखा। मौके पर मौजूद गोताखोर जब हिम्मत हार गए तो सीओ के हमराह जसवंत सिंह ने नहर में कूदकर शव को बाहर निकाला। हालांकि, युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

## शार्ट न्यूज

### एफडीडीआई ने मनाया आईएनआई दिवस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के नोएडा में स्थित फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट (एफडीडीआई) ने राष्ट्रीय महत्व का संस्थान (आईएनआई) दिवस मनाया। संस्थान ने आज जारी बयान में कहा कि एफडीडीआई के प्रबंध निदेशक अरुण कुमार सिन्हा ने इस दौरान संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और भविष्य की परियोजनाओं के बारे में बताया। श्री सिन्हा ने प्रतिभाशाली व्यक्तियों को विकसित करने और एक रचनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने वैश्विक डिजाइन समुदाय में एफडीडीआई के दायरे को और बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी परियोजनाओं से भी अवगत कराया। इस दौरान एक परिचर्चा भी आयोजित की गयी जिसमें संस्थान के पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव बताये और उद्योग की जानकारी दी। इसके बाद विभिन्न स्कूलों - फुटवियर डिजाइन, फैशन डिजाइन, लेदर लाईफ स्टाईल और प्रोडक्ट डिजाइन तथा रिटेल और फैशन मर्चेंडाइज के छात्रों द्वारा शो आयोजित किया गया। इस मौके पर एफडीडीआई के सचिव कर्नल पंकज कुमार सिन्हा ने कहा कि एफडीडीआई में आईएनआई दिवस रचनात्मकता, नवाचार, पुनर्मिलन और सहयोग का उत्सव था, जो डिजाइन उद्योग के भविष्य को आकार देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर जोर देता है।

### प्रॉपटेक कंपनियों में निवेश घटा

नयी दिल्ली ।प्रॉपटेक कंपनियों में वर्ष 2022 में निवेश में कुछ कमी आयी और यह 71.9 करोड़ डॉलर रहा जबकि प्रॉपटेक सेक्टर में 2009 से 2022 के बीच 49 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ करीब 4 अरब डॉलर का सकल निवेश हुआ। प्रोपर्टी क्षेत्र से जुड़े प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉटकॉम द्वारा इस संबंध में जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। हालाँकि प्रॉपटेक कंपनियों में पिछले साल 74.2 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ था। लेकिन कुछ श्रेणी में निवेशकों की काफी रुचि नजर आई जैसे शेयर्ड इकॉनमी प्लैटफॉर्म (को-लिविंग और को-वर्किंग ने कुल फंड में 64 प्रतिशत का निवेश हुआ) कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी समाधान प्रदान करने वाली प्रॉपटेक कंपनियों को वर्ष 2022 में कुल फंडिंग का 15 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त हुआ। कोविड-19 महामारी के दौरान स्कूलों और कॉलेजों के अस्थायी बंदी के कारण आसन्न चुनौतियों के बावजूद को-लिविंग सेगमेंट ने शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालयों के फिर से खुलने के साथ उल्लेखनीय वृद्धि की।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.34 प्रतिशत उबलकर 82.64 डॉलर प्रति बैरल हो गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड तेजी लेकर 86.24 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### जिंसों में टिकाव

नयी दिल्ली। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों के भाव में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफ़ाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में टिकाव रहा। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : चना 5150-5250, दाल चना 6150-6250, मसूर काली 7300-74000, मूंग दाल 8750-8850, उड़द दाल 10700-10800, अरहर दाल 10300-10400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल : 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

### ओला के दो एग्जीक्यूटिव्स ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक व्हीकल की दिग्गज कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के दो सीनियर-लेवल एग्जीक्यूटिव्स ने कंपनी छोड़ दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार (5 अगस्त) को ओला के प्लानिंग एंड स्ट्रेटजी के हेड स्लोकार्थ दास और पार्टनरशिप एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स के हेड सौरभ शारदा ने इस्तीफा दे दिया है। स्लोकार्थ दास और सौरभ शारदा दोनों करीब 7 से 8 साल से कंपनी के साथ काम कर रहे थे। दोनों एग्जीक्यूटिव्स ओला के सीईओ और फाउंडर भाविष अग्रवाल के करीबी माने जाते हैं। कंपनी के स्पोक्सपर्सन ने कहा कि ओला में हमने एक वर्ल्ड-क्लास और हाईली एक्सपीरियंस्ड लीडरशिप टीम बनाई है। पिछले साल ही हमने टेस्ला, एपल, एलजी जैसी इंडियन और ग्लोबल कंपनियों से 50 से ज्यादा दिग्गजों को काम पर रखा है। उन्होंने कहा कि भारत टेक के लिए फ्यूचर हब है और टॉप ग्लोबल टैलेंट उत्सुकता से हमारी जैसी न्यू ऐज कंपनियों में शामिल हो रहे हैं। हमारी वर्ल्ड क्लास टीम के प्रयासों की बदौलत ओला भारत की सबसे बड़ी ईवी कंपनी है।

### इलेक्ट्रिक थार का कॉन्सेप्ट टीजर जारी

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपनी सबसे पॉपुलर कार थार के इलेक्ट्रिक वर्जन का कॉन्सेप्ट टीजर जारी किया है। थार के इस कॉन्सेप्ट वर्जन को कंपनी 15 अगस्त को साउथ अफ्रीका के केपटाउन में होने वाले फ्यूचरस्केप इवेंट में पेश करने वाली है। इसका नाम थार.ई होगा। भारतीय ऑटोमेकर अपने इवेंट में थार.ई के अलावा ग्लोबल ट्रैक्टर प्लेटफॉर्म और एक पिक-ट्रक का कॉन्सेप्ट भी शोकेस करेगी। हाल ही में इन दोनों कारों को भी टीज किया गया था। सोशल मीडिया पर दिखाए गए टीजर में इलेक्ट्रिक कार की टेल लाइट और ञ्ज ।क्रद्ग की बैजिंग को दिखाया गया है। इलेक्ट्रिक थार की टेल लाइट मौजूदा थार की डिजाइन लेंग्वेज को बनाए रखती है। यानी कंपनी कार के एक्सटीरियर डिजाइन को बरकरार रख सकती है। क्योंकि, महिंद्रा थार का रेट्रो लुक इसकी पॉपुलरिटी का सबसे बड़ा कारण है। हालांकि, इसमें कुछ कॉस्मेटिक चेंजेस नजर आएंगे। इसके साथ कंपनी ने कहा कि, इलेक्ट्रिक विजन के साथ एक लीजेंड ने फिर से जन्म लिया। फ्यूचर में आपका स्वागत है। महिंद्रा ने अगली पोस्ट में कहा, हमारी इंक्रेडेबल जर्नी का नेक्स्ट स्टेप इस स्वतंत्रता दिवस पर महिंद्रा फ्यूचर स्केप इवेंट में पेश किया जाएगा, जो हमारे गो ग्लोबल विजन का एक ऑटो और फार्म शोकेस है।

### एपल की मार्केट वैल्यू 3 ट्रिलियन डॉलर के नीचे

**नई दिल्ली।** दिग्गज टेक कंपनी एपल की वैल्यूएशन अब 3 ट्रिलियन डॉलर (करीब 248 लाख करोड़ रुपए) के नीचे आ गई है। शुक्रवार को कंपनी की शेयरों में करीब 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जिसके चलते कंपनी के मार्केट कैप में 160 बिलियन डॉलर (करीब 13.22 लाख करोड़ रुपए) की गिरावट देखने को मिली। इस गिरावट के बाद अब कंपनी की टोटल मार्केट वैल्यू 2.85 ट्रिलियन डॉलर रह गई है। सितंबर 2022 के बाद से कंपनी के शेयर में एक दिन में आई यह सबसे बड़ी गिरावट है। एपल जून 2023 में 248 लाख करोड़ रुपए यानी 3 ट्रिलियन डॉलर की कंपनी बनी थी। कंपनी के शेयर में यह गिरावट एपल के दो फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स आईफोन की सेल में 2 प्रतिशत और मैक-बुक में 7 प्रतिशत की गिरावट के चलते आई है। एपल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि कंपनी की परफॉर्मेंस में लगातार तीसरे महीने गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि इस तरह की गिरावट आने वाले क्वार्टर में भी देखने को मिल सकती है। गिरावट के बाद भी एपल के शेयर में इस साल 45 प्रतिशत की तेजी रही है।

# पर्यटन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, फार्मा सहित कई क्षेत्रों में यूपी और मैक्सिको के बीच हुआ एमओयू

## मैक्सिको के नुईवो लियोन के गवर्नर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में हुआ एमओयू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश और मैक्सिको के नुईवो लियोन के बीच पर्यटन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, फार्मा, एग्रीकल्चर और मेडिकल सेक्टर सहित अन्य सेक्टरों में निवेश को लेकर एमओयू हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नुईवो लियोन के गवर्नर सैमुअल गर्सिया सेफलवेदा की मौजूदगी में शनिवार को आईआईडीसी मनोज कुमार और नुईवो लियोन के मिनिस्टर ऑफ इकोनॉमिक्स इवान रिवास राडरिगेज ने एमओयू का हस्तांतरण किया। इस दौरान अपने वक्तव्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैक्सिको के गवर्नर और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि यूपी और नुईवो लियोन के बीच आज मैत्री, विश्वास और सौहार्द से मजबूत औद्योगिक रिश्ते कायम हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में देश का अग्रणी राज्य है।

### उत्तर प्रदेश निवेश का बेहतरीन गंतव्य बन चुका है

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि नुईवो लियोन के गवर्नर अपनी टीम के साथ उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश के संभावनाएं तलाश रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत वैश्विक मंच पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री के दिशा निर्देश में उत्तर प्रदेश भी दुनिया के लिए निवेश का बेहतरीन गंतव्य बन चुका है। उत्तर प्रदेश और नुईवो लियोन दोनों विकास




को समर्पित हैं और हम इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश हर मामले में समृद्ध प्रदेश है। यूपी भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है। उत्तर प्रदेश ना केवल कृषि, बल्कि पर्यटन सेक्टर के लिए भी बहुत ही महत्वपूर्ण स्थल है। प्रदेश में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेस वे, बेहतरीन इंटरस्टेट कनेक्टिविटी, एयर कनेक्टिविट, रेल नेटवर्क, इनलैंड वाटर वे के जरिए पूर्वी बंदरगाह तक पहुंच, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जंक्शन मौजूद है। यूपी आज लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट का हब बन चुका है। इसके अलावा औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए हम 25 सेक्टोरियल पॉलिसी लेकर आए हैं। आज उत्तर प्रदेश में निवेशकों को निवेश के लिए बेहतरीन सुविधाएं दी जा रही हैं।

### विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ काम करने को लेकर हम उत्साहित : गवर्नर सैमुअल

नुईवो लियोन के गवर्नर गर्सिया सेफलवेदा ने बताया कि मेरे लिये ये सौभाग्य की बात है कि मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी कैबिनेट के सदस्यों से मिलकर आपसी व्यापारिक रिश्ते कायम कर रहा हूं। हम विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। उत्तर प्रदेश और नुईवो लियोन एक दूसरे के बहुत करीब हैं। हमारा प्रदेश मैक्सिको का औद्योगिक प्रदेश है, ऐसे ही भारत के उत्तर प्रदेश में आज बड़े पैमाने पर निवेश हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बेहद शानदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि भारत और मैक्सिको 14 हजार किलोमीटर दूर होकर भी एक दूसरे से दूर नहीं हैं। जैसे उत्तर प्रदेश में अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है, ठीक वैसे ही हमारे राज्य नुईवो लियोन में भी हम कानून का शासन बनाए रखने में कामयाब हुए हैं। हम टीम यूपी को नुईवो लियोन में आमंत्रित करते हैं। हमें दोनों को पारस्परिक सहयोग से एक दूसरे के साथ ट्रेड को बढ़ाना है। मुझे विश्वास है कि आज के एमओयू के साथ ही हम दोनों विकास और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेंगे।

# जीआईएस की तरह जीबीसी में भी शानदार भागीदारी की तैयारी

## जीआईएस में पूरे प्रदेश में चौथे स्थान पर था गोरखपुर

गोरखपुर। फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) की ही तरह सितंबर में होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में भी गोरखपुर की शानदार भागीदारी सुनिश्चित कराने की तैयारी चल रही है। जीआईएस में गोरखपुर निवेश प्रस्ताव (एमओयू) हासिल करने में पूरे प्रदेश में चौथे स्थान पर था। प्रयास किया जा रहा है कि जीबीसी में भी शीर्ष पंक्ति की रैंकिंग बरकरार रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गोरखपुर समेत पूरे मंडल को मिले निवेश प्रस्तावों में से अधिकाधिक को धरातल पर उतारने के लिए विभागवार तैयारियों की समीक्षा जल्द ही मंडलायुक्त द्वारा की जाएगी। बीते करीब छह सालों में शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, सुदृढ़ कानून व्यवस्था और इंडस्ट्री फ्रेंडली पॉलिसी से उत्तर प्रदेश में देश-दुनिया के निवेशकों का रुझान तेजी से बढ़ा है। इसका फायदा सिर्फ एनसीआर तक सीमित नहीं है बल्कि गोरखपुर जैसे पूर्वांचल के जिलों के प्रति भी निवेशक आकर्षित हुए हैं। बेहतरीन रोड और एयर कनेक्टिविटी की सुविधा तथा उद्यमियों की मांग के अनुरूप पर्याप्त भूमि उपलब्ध होने के चलते समूचा गोरखपुर, खासकर गीडा पहले से निवेशकों की पसंद बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि 10 से 12 फरवरी तक हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में गोरखपुर के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के लिए एमओयू हुए। जबकि अद्यतन 308 एमओयू के जरिये निवेश का आकंड़ा 178326.40 रुपये हो चुका है। इसके धरातल पर उतरने से दो लाख लोगों के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे। निवेश जुटाने के मामले में प्रदेश के सभी 75 जिलों में पूर्वांचल को लीड करते हुए गोरखपुर ओवरऑल गौरवपूर्ण चौथे पायदान पर रहा। गोरखपुर का नम्बर गौतमबुद्ध नगर (प्रथम), आगरा (द्वितीय) और लखनऊ (तृतीय) के बाद है। निवेश जुटाने में गोरखपुर जनपद गाजियाबाद, कानपुर और मुरादाबाद से भी आगे रहा है। जीआईएस की खास बात यह भी थी कि गोरखपुर को पहली बार कुछ नए सेक्टर में निवेश प्रस्ताव मिले। यहां हरित और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश होने जा रहा है। ग्रीन अमोनिया प्लांट स्थापित करने के लिए मेसर्स अवाडा वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से 22500 करोड़ रुपये का एमओयू किया गया है। जबकि सोलर एनर्जी पार्क की स्थापना के लिए आरजी स्ट्रेटजी ग्रुप ने 1772 करोड़ रुपये के निवेश का करार किया। ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट के लिए रुद्रा गैस इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से 200 करोड़ रुपये के निवेश हेतु एमओयू किया गया।

सितंबर में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में अधिक से अधिक निवेश प्रस्तावों को अमलीजामा पहनाने के लिए शासन की तरफ से विभागवार जिम्मेदारी पहले ही दी जा चुकी है। इसे लेकर गीडा, उद्योग विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी एमओयू करने वाले निवेशकों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का निदान कर रहे हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए कमिश्नर अनिल ढींगरा जल्द ही गोरखपुर समेत पूरे मंडल में विभागवार मिले एमओयू और उसके अनुरूप अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा करने जा रहे हैं।

### गोरखपुर मंडल में निवेश प्रस्ताव

| जनपद | एमओयू | प्रस्तावित निवेश | रोजगार |
|---|---|---|---|
| गोरखपुर | 381 | 178326.40 | 204866 |
| देवरिया | 304 | 2096.39 | 6603 |
| कुशीनगर | 218 | 2458.67 | 22452 |
| महराजगंज | 192 | 2258.15 | 11942 |

(नोट = प्रस्तावित निवेश की राशि करोड़ रुपये में है)

# ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत चार विला और 6.75 एकड़ जमीन कब्जे में ली

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत केरल के मुन्नार जिले में चार विला और 6.75 एकड़ जमीन अपने कब्जे में ले ली है। संपत्ति की कुल कीमत 2.53 करोड़ रुपये (बुक वैल्यू) है और यह मुन्नार विला विस्टा प्राइवेट लिमिटेड की है। ईडी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि संघीय जांच एजेंसी ने सात जनवरी को उन्हें अस्थायी रूप से कुर्क किया था और धन शोधन रोकथाम अधिनियम के निर्णायक प्राधिकरण ने 30 जून को इसकी पुष्टि की। इसमें कहा गया है कि निर्णायक प्राधिकरण के आदेश ने एजेंसी के लिए जमीन और चार विला को अपने कब्जे में लेने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया को आतंकवादी गतिविधियों के साथ कथित संबंधों को लेकर पिछले साल सितंबर में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि पीएफआई नेता और विदेशी संस्थाओं से जुड़े सदस्य मुन्नार में एक आवासीय परियोजना- मुन्नार विला विस्टा प्रोजेक्ट विकसित कर रहे थे, जिसका उद्देश्य विदेशों के साथ-साथ देश के भीतर एकत्र किए गए धन को सफेद करना था, और पीएफआई के लिए धन उत्पन्न करना था ताकि इसकी कट्टरपंथी गतिविधियों को वित्तपोषित किया जा सके। यह परियोजना मुन्नार विला विस्टा प्राइवेट लिमिटेड (एमवीवीपीएल) के नाम से एक कंपनी बनाकर विकसित की जा रही थी।

### एनआईए की प्राथमिकी से उपजा था धनशोधन का मामला

एजेंसी ने कहा कि उसकी जांच में पाया गया कि परियोजना में बड़ी मात्रा में बेहिसाबी नकदी डाली गई, फर्जी शेयरधारकों के नाम पर एमवीवीपीएल के शेयरों को नकद में खरीदा गया, बिना किसी विचार के एमवीवीपीएल के शेयरों का हस्तांतरण किया गया और वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति के बिना अन्य कंपनियों को फर्जी हस्तांतरण किया गया। धनशोधन का यह मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी की प्राथमिकी से उपजा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पीएफआई/एसडीपीआई के कार्यकर्ताओं के एक समूह ने अपने कैडरों को विस्फोटकों और हथियारों के इस्तेमाल का प्रशिक्षण देने के लिए आपराधिक साजिश रची और कन्नूर के नारथ में एक आतंकवादी शिविर का आयोजन किया।

# पहली छमाही में रैनसमवेयर और साइबर हमलों में हुई दोगुनी वृद्धि

नई दिल्ली। भारत में 2023 की पहली छमाही में रैनसमवेयर और साइबर हमलों में दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है।

सोनिकवॉल की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और ब्रिटेन जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में रैनसमवेयर हमलों में कमी आई है। सोनिकवॉल के जनवरी-जून में किए गए सर्वे के अनुसार, 133 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारत और 52 फीसदी की वृद्धि के साथ जर्मनी उन देशों में हैं, जहां सबसे ज्यादा हमले हुए हैं। वैश्विक स्तर पर क्रिप्टोजैकिंग (399 प्रतिशत), आईओटी मैलवेयर (37प्रतिशत) और एन्क्रिप्टेड खतरे (22 प्रतिशत) में ज्यादा तेजी आई है। हालांकि, रैनसमवेयर हमलों में 41 फीसदी की गिरावट आई है। रिपोर्ट के अनुसार, साइबर अपराधी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमला करने के लिए अपनी योजना को और ज्यादा बढ़ा रहे हैं। इससे खतरे को भांपना जटिल हो गया है। कंपनियों को अब नए सिरे से सुरक्षा ढांचा बनाने पर जोर देना पड़ रहा है। हालांकि, हाल में भारत में क्रिप्टो हमलों में कम वृद्धि देखी गई है।

भारत अपने बुनियादी ढांचे को तेजी से आधुनिक रूप देने के साथ विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है। अब हम खुद को एक विकसित देश में बदल रहे हैं। हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी और एक विकसित देश बनेगी।

# आपूर्ति में कमी के कारण टमाटर के भाव फिर उछले

## मदर डेयरी स्टोर्स पर 259 रुपये प्रति किलो हुआ रेट

नई दिल्ली। दिल्ली में टमाटर की कीमतों में एक बार फिर उछाल दिख रहा है। मदर डेयरी ने बुधवार को अपने सफल खुदरा स्टोर्स पर 259 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से इसकी बिक्री की। प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित होने के कारण टमाटर की कीमतों पर एक महीने से अधिक समय से दबाव बना हुआ है। आने वाले कुछ दिनों में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, उम्मीद जताई जा रही है कि अगर परिस्थितियां अनुकूल हुईं तो सितंबर से टमाटर में दामों में कमी देखी जा सकती है।

केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद 14 जुलाई से रियायती दर पर टमाटर



की बिक्री शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी में इसकी खुदरा कीमतों में नरमी आई थी, लेकिन कम आपूर्ति के कारण भाव फिर चढ़ गए हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार टमाटर की खुदरा कीमत बुधवार को 203 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए, जबकि मदर डेयरी के सफल रिटेल स्टोर्स पर टमाटर की कीमत 259 रुपये प्रति किलोग्राम रही।

### बेमौसम बारिश के कारण देश भर में प्रभावित हुई टमाटर की आपूर्ति

मदर डेयरी के प्रवक्ता के अनुसार, मौसम की असामान्यता (बेमौसम बारिश) के कारण पिछले दो महीनों से देश भर में टमाटर की आपूर्ति प्रभावित हुई है। पिछले दो दिनों में आजादपुर, जो दिल्ली के लिए मुख्य मंडी है, में भी टमाटर की आवक में भारी गिरावट आई है। कम आपूर्ति के कारण थोक में कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, जिसके परिणामस्वरूप खुदरा कीमतों पर भी असर पड़ा है। एशिया की सबसे बड़ी थोक फल और सब्जियों की मंडी आजादपुर मंडी में टमाटर का थोक भाव बुधवार को गुणवत्ता के आधार पर 170-220 रुपये प्रति किलो रहा। आजादपुर टमाटर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कौशिक के अनुसार, पिछले तीन दिनों में टमाटर की आवक कम हो गई है क्योंकि भारी बारिश के कारण उत्पादक क्षेत्रों में फसल को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि आजादपुर मंडी में बुधवार को केवल 15 प्रतिशत टमाटर की आवक देखी गई क्योंकि केवल छह छोटे ट्रक जो कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के थे यहां पहुंचे। कौशिक ने हालांकि कहा कि अगले 10 दिनों में आपूर्ति की स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है।

# एक नवंबर से लागू होगा लैपटॉप के आयात पर लगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** लैपटॉप और टैबलेट आयात पर प्रतिबंध का सरकार का फैसला अब 1 नवंबर से लागू होगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार रात जारी अधिसूचना में प्रतिबंध लागू करने की समय सीमा बढ़ा दी। इस अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि पहले से आयात किया गया सारा माल 31 अक्तूबर तक बिना लाइसेंस के मंगाया जा सकता है। पहली नवंबर से इन सामान के आयात के लिए लाइसेंस अनिवार्य होगा। लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर, बेहद छोटे कंप्यूटर और सर्वर इस अधिसूचना के दायरे में आएंगे।

आईटी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार दिन में कहा, टैबलेट और लैपटॉप के आयात से संबंधित नए मानदंडों के लिए एक ट्रांजिशन पीरियड (संक्रमण अवधि) होगा। इस सिलसिले में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। मंत्री के इस बयान के कुछ घंटे बाद ही मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी। दरअसल आईटी उद्योग ने सरकार से 3-6 महीने का समय



मांगा था। सरकार ने इसके आधार पर करीब 3 महीने का समय उद्योग को दिया है।

### एचपी, एपल व सैमसंग का भारत में आयात बंद

केंद्र सरकार की ओर से इन प्रतिबंधों की घोषणा किए जाने के बाद दुनिया तीन बड़ी कंपनियों एपल, सैमसंग और एचपी ने भारत में अपने लैपटॉप और टैबलेट मंगवाने पर रोक लगा दी है। चंद्रशेखर ने कहा, विश्वसनीय हार्डवेयर और सिस्टम सुनिश्चित करना सरकार का उद्देश्य है। हमें आयात पर निर्भरता कम करनी है। नया नियम यह सुनिश्चित करेगा कि हमारा तकनीकी इको-सिस्टम केवल उन आयातित सिस्टम का उपयोग करता है जो विश्वसनीय और सत्यापित सिस्टम हैं।

### सुरक्षा के तहत सरकार ने उठाया कदम

सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) के आयात के लिए लाइसेंस जरूरी करने का कदम इन विदेशी उपकरणों में सुरक्षा संबंधी खामियों से लैस आईटी हार्डवेयर से सुरक्षित रखने के इरादे से उठाया है। हार्डवेयर के बैकडोर और आईटी हार्डवेयर में सुरक्षा के लिए खतरनाक मालवेयर जैसी खामियों वाले लैपटॉप एवं टैबलेट का इस्तेमाल करना उपयोगकर्ताओं की संवेदनशील निजी एवं कारोबारी जानकारी को खतरे में डाल सकता है।

### प्रतिबंध के फैसले से घरेलू विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

चंद्रशेखर ने कहा, लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर के आयात के लिए लाइसेंस की जरूरत लागू करने के भारत के फैसले से घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। देश में मौजूदा नियम कंपनियों को स्वतंत्र रूप से लैपटॉप आयात करने की मंजूरी देते हैं, लेकिन नए नियम में इन उत्पादों के लिए एक विशेष लाइसेंस की जरूरत होगी। आयात प्रतिबंध से चीन के साथ भारत के व्यापार घाटे को पाटने व विनिर्माण को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

भारत में दिवाली का सीजन आने वाला है। स्कूल या कॉलेज जाने वाले छात्रों की संख्या भी बढ़ने वाली है। ऐसे में लैपटॉप, टैबलेट की मांग देश में तेजी से बढ़ेगी। टेक कंपनियां अब भारत सरकार के साथ मिलकर इस बात पर काम कर रही हैं कि उन्हें जल्द से जल्द लाइसेंस मिल सके।

# रेलवे स्टेशनों को चमकाने में निजी क्षेत्र की रुचि

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के 4,700 करोड़ रुपये के मेगा पुनर्विकास में रुचि दिखाने वाली 10 कंपनियों में लॉर्सन ऐंड टुर्बो (एलऐंडटी) और शापूरजी पालोनजी भी हैं। रेल मंत्रालय के अधीनस्थ रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) ने पुनर्विकास की निविदा से पूर्व बैठक की थी। आरएलडीए ने शुक्रवार को बताया कि इसमें ठेकेदारों ने हिस्सा लिया। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की निविदा वित्तीय नीलामी के चरण पर निरस्त कर दी गई थी। लिहाजा आरएलडीए को फिर से यह निविदा जारी करनी थी। एलऐंडटी और शापूरजी ने पिछली निविदा में भी हिस्सा लिया था लेकिन ये निविदाएं विफल हुई थीं। इसके लिए निविदा सरकार के अनुमान से कहीं अधिक थी। सरकार का अनुमान 5,000 करोड़ रुपये था जबकि इन दोनों कंपनियों की निविदा करीब 9,000 करोड़ रुपये के करीब थी। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'सरकारी आकलन की तुलना में निजी कंपनियों का आकलन बहुत अलग मिला था। लिहाजा हमें कार्य का फिर से पुनर्गठन करना पड़ा था ताकि यह मंत्रालय और ठेकदार दोनों के लिए व्यावहारिक हो।' अधिकारी ने बताया, 'नीलामी से पहले की बैठक अत्यधिक लाभदायी रही। इस बार हमें सकारात्मक सुझाव मिले हैं। हमें उम्मीद है कि इस बार डील हो सकेगी।' इस बार निविदा से कुछ पहेलू बाहर कर दिए गए हैं, इन्हें पूरा करने के लिए जटिल इंजीनियरिंग की जरूरत थी।

आरएलडीए की बैठक में इस बैठक में नामचीन कंस्ट्रक्शन हाउस जैसे एलऐंडटी, शापूरजी पालोनजी, एनसीसी लिमिटेड, जीआर इन्फ्रॉ, पीएसपी प्रोजेक्ट्स, आईटीडी केम कंपनी, तिरुमला सेवन हिल्स प्राइवेट लिमिटेड आदि उपस्थित थे।

## शार्ट न्यूज

### मुख्यमंत्री ने सूर्य प्रताप सिंह बांश्टू को कांस्य पदक जीतने पर दी बधाई

**शिमला।** हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सूर्य प्रताप सिंह बांश्टू को चीन के चेंगदू में आयोजित विश्व विश्वविद्यालयीय खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिता की 50 मीटर पुरुष स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उनकी इस जीत से देश गौरवान्वित हुआ है। सूर्य प्रताप सिंह बांश्टू ने चीन से लौटने के उपरांत अपने पिता एवं कोच वीरेंद्र सिंह बांश्टू के साथ आज नयी दिल्ली में मुख्यमंत्री से भेंट की। सूर्य प्रताप सिंह बांश्टू ने आराधना शूटिंग क्लब रोहड़ू में प्रशिक्षण प्राप्त किया है जो भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से मान्यता प्राप्त शूटिंग क्लब है। इससे पहले वे इसी स्पर्धा में मिस्र के काहिरा में आयोजित विश्व चौंपियनशिप में कांस्य और जर्मनी के सुल्हे में आयोजित जूनियर विश्व कप में भी रजत पदक जीत चुके हैं।

### पंजा लीग: मधुरा के अजेय की बदौलत किराक हैदराबाद शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** प्रो पंजा लीग के पहले संस्करण में शुक्रवार को कोच्चि केडीज और किराक हैदराबाद ने जीत के साथ अपना प्रभुत्व दिखाया। पंजा एक्शन का लुत्फ लेने के लिए ओलंपिक पदक विजेता और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम पहुंचे। एक्शन शुरू करते हुए बिमला रावत और आसिफ अहमद ने अंडरकार्ड में कोच्चि केडी को मुंबई मसल पर 2-1 की शुरुआती बढ़त दिलाई। कोच्चि के रुद्र नाइक ने 60 किग्रा मुकाबले में मुंबई मसल के एंटरटेनर जतीश महाजन पर शानदार जीत के साथ लुधियाना लायंस के खिलाफ अपनी टीम के लिए गेम सेट किया। अपनी कटेगरी में नंबर दो वरीयता प्राप्त रुद्र ने पहले दो राउंड में जतिश को टेस्ट किया। इसके बाद उन्होंने चैलेंजर राउंड का उपयोग करके 10-0 से जीत हासिल की। इस मुकाबले के बाद, कोच्चि केडीज के अभिरामी पीके ने 55 किग्रा मुकाबले में टॉप रोल पिन से मुंबई की अर्धरा सुरेश को चौंकाया और क्लीन स्वीप जीत हासिल की। अंतिम मुकाबले में चंदन कुमार बेहरा ने दिव्यांग वर्ग में संतोष गुप्ता को सीधे राउंड में हराकर मुंबई को जीत दिलाई।

### साई ने शुरू की शॉर्ट फिल्म सीरीज हल्ला बोल

नई दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण ने गुरुवार, तीन अगस्त को अम्ब्रेला अभियान सचीयर फॉर इंडिया के तहत एक लघु फिल्म सीरीज हल्ला बोल लॉन्च की है। इस सीरीज का उद्देश्य हांग्जो जाने वाले एथलीटों को प्रेरित करना और आगामी एशियाई खेलों के बारे में जागरूकता फैलाना है। टोक्यो ओलंपिक से पहले इसी तरह की एक फिल्म सीरीज, ओलंपिक की आशा लॉन्च की गई थी। दोनों फिल्म सीरीज में अंतर यह है कि हल्ला बोल सीरीज मुख्य रूप से हमारे प्रतिष्ठित एथलीटों की खेल यात्रा पर केंद्रित है। साई ने आने वाले हफ्तों में कुल 12 लघु फिल्में लॉन्च करने की योजना बनाई है और उम्मीद है कि यह पहल न केवल एशियाई खेलों में जाने वाले एथलीटों को बल्कि देश के युवाओं को भी खेल अपनाने और खेल में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। इस पहल के बारे में बात करते हुए युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, जैसा कि भारतीय दल एशियाई खेलों के 19वें संस्करण के लिए तैयार है, साई की प्रेरणादायक प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों पर बनी हल्ला बोल सीरीज को देखना न भूलें।

### भारत के तीन खिलाड़ी शीर्ष पांच में

नई दिल्ली। यूएस किड्स वर्ल्ड चैंप्स प्रतियोगिता में भारत के युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इन बच्चों ने उम्मीद जगाई है कि गोल्फ में भी भारत का भविष्य शानदार रहने वाला है। छह से 12 साल के लड़कों और लड़कियों के लिए विश्व चैंपियनशिप के पहले दिन के बाद निहाल चीमा के नेतृत्व में, तीन भारतीय शीर्ष -5 में थे। चीमा लड़कों के अंडर -6 वर्ग में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर थे। कबीर गोयल लड़कों की अंडर-8 श्रेणी में टी-4 थे और ओजस्विनी सारस्वत लड़कियों की अंडर-10 श्रेणी में संयुक्त पांचवें स्थान पर थीं। छह वर्षीय चीमा ने शानदार शुरुआत की और अंडर-6 में उन्होंने 2-अंडर 34 का स्कोर किया और मिडलैंड कंट्री क्लब में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। उनके राउंड में पार-5 छठे होल पर एक शानदार ईगल और चौथे पर एक बर्डी शामिल थी और उनका ड्रॉप शॉट सातवें पर आया। वह अमेरिका के नेता ब्रैडली फर्ग्यूसन से एक शॉट पीछे थे। आठ साल से कम उम्र के लड़के और नौ साल से कम उम्र की लड़कियां एक प्रतियोगिता में नौ-होल कोर्स पर खेलती हैं, जहां लेआउट अपनी तरह के एकमात्र विश्व आयोजन में आयु-विशिष्ट होते हैं। एक और भारतीय जिसने अच्छा प्रदर्शन किया कबीर गोयल थे, जिनका मिड पाइन्स (ब्लैक) में नौ होल का स्कोर सम पार 36 था, जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर थे, और उनके सहयोगी साहिब औजला (43) टी-50 पर थे।

### विश्व नंबर-4 भारत को जापान ने बराबरी पर रोका, पाकिस्तान को नहीं मिली पहली जीत

चेन्नई। विश्व नंबर चार भारतीय टीम को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में जापान ने बराबरी पर रोक दिया। मध्यांतर पर 0-1 से पिछड़ी भारतीय टीम तीसरे क्वार्टर में बराबरी हासिल कर पाई, लेकिन उसे विजयी गोल नसीब नहीं हुआ। यह जापान के गोलकीपर योशीकावा रहे जिन्हें न तो भारतीय ड्रैग फ्लिकर और अग्रिम पंक्ति भेद पाई। भारत को पूरे मैच में 14 पेनाल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन सिर्फ एक को गोल में बदला जा सका। भारतीय टीम मैदानी गोल करने में भी विफल रही। इससे पहले पाकिस्तान को गत विजेता कोरिया ने 1-1 से बराबरी रोका, जबकि मलयेशिया ने चीन पर 5-1 से बड़ी जीत हासिल की। चीन के खिलाफ मिली 7-2 की जीत में भी भारत के छह गोल पेनाल्टी कॉर्नर पर आए थे। यहां भी मैदानी गोल करने में भारतीय टीम जूझती दिखी। यही खामी गत उपविजेता जापान के खिलाफ भी सामने आई, लेकिन भारतीय टीम का सबसे मजबूत पक्ष पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलना रहा है। चीन के खिलाफ उसे नौ पेनाल्टी कॉर्नर मिले थे, जिसमें उसने छह को गोल में बदला, लेकिन शुक्रवार को 14 पेनाल्टी कॉर्नर में से 42वें मिनट में सिर्फ एक को हरमनप्रीत ने गोल में बदला। भारत ने पेनाल्टी कॉर्नर के लिए हरमनप्रीत, वरुण कुमार, जुगराज सिंह को आजमाया, लेकिन ये तीनों ही प्रभाव नहीं छोड़ सके।

### कंबोडिया में संसदीय चुनावों में सत्तारुढ़ सीपीपी की 120 सीटों पर की जीत हासिल

नोम पेन्ह। कंबोडिया में प्रधानमंत्री सैमडेक टेको हुन सेन के नेतृत्व वाली सत्तारुढ़ कंबोडियन पीपुल्स पार्टी (सीपीपी) ने हाल के आम चुनाव में 125 संसदीय सीटों में से 120 पर जीत हासिल की है। राष्ट्रीय चुनाव समिति (एनईसी) ने शनिवार को आधिकारिक नतीजों जारी करते हुये यह जानकारी दी। कंबोडिया के सरकारी राष्ट्रीय टेलीविजन पर घोषित परिणामों के अनुसार प्रिंस नोरोडोम चक्रवुथ की फनसिनपेक पार्टी ने शेष पांच सीटें हासिल कीं। एनईसी के सदस्य और प्रवक्ता डिम सोवन्नारोम ने कहा ,हां, आधिकारिक नतीजों से संकेत मिलता है कि सीपीपी ने 23 जुलाई के आम चुनाव में 120 संसदीय सीटें जीतीं और फनसिनपेक पार्टी ने पांच सीटें अर्जित कीं। सातवें आम चुनाव में अट्ठारह राजनीतिक दलों ने चुनाव लड़ा। एनईसी ने कहा कि सीपीपी को कुल वैध वोटों में से लगभग 6 करोड़ 40लाख वोट या 82.3 प्रतिशत वोट मिले और फनसिनपेक पार्टी को 716,490 वोट या 9.2 प्रतिशत वोट मिले। अड़तीस वर्षों से अधिक समय तक कंबोडिया के प्रधान मंत्री के रूप में कार्य करने वाले हुन सेन ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वह पद छोड़ देंगे और अपने बड़े बेटे हुन मानेट को पद सौंप देंगे। हालाँकि, 70 वर्षीय नेता ने कहा कि वह सीपीपी के अध्यक्ष बने रहेंगे और अगले वर्ष 25 फरवरी को सीनेट चुनाव के बाद सीनेट के अध्यक्ष का पद भी संभालेंगे हुन सेन ने कहा कि नवनिर्वाचित नेशनल असेंबली 21 अगस्त को अपना पहला सत्र बुलाएगी।

# स्विट्ज़रलैंड को हरा पहली बार क्वार्टरफाइनल में पहुंचा स्पेन

**ऑकलैंड।** ऐताना बोनमती के दो गोलों से प्रेरित स्पेन ने शनिवार को फीफा महिला विश्व कप 2023 के सुपर-16 चरण में स्विट्ज़रलैंड को 5-1 से हराकर पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

ईडन पार्क आउटर ओवल पर मिडफील्डर बोनमती (पांचवां, 36वां मिनट) ने दो गोल किये, जबकि एल्बा रेडोंडो (17वां मिनट), लाइया कोडिना (45वां मिनट) और जेनिफर हर्मोसो (70वां मिनट) ने स्पेन की जीत में एक-एक गोल का योगदान दिया। लाइया कोडिना (11वां मिनट) ने एक आत्मघाती गोल दागकर स्विट्ज़रलैंड का खाता भी खोला।

इस एकतरफा मुकाबले में बोनमती ने पांचवें मिनट में ही गोल जमाकर स्पेन का खाता खोल दिया। स्विट्ज़रलैंड का कोई खिलाड़ी गेंद को नेट में नहीं पहुंचा सका, हालांकि 11वें मिनट में स्पेन की डिफेंडर कोडीना का पास गोलकीपर कैटा कोल के पार जाने के कारण स्विट्ज़रलैंड का खाता खुला।



इसके बाद हालांकि स्पेन ने डिफेंस में कोई गलती नहीं की। रेडोंडो ने 17वें मिनट में स्पेन को बढ़त दिलाई, जबकि कोडीना ने हाफ टाइम से पहले अपनी गलती सुधारते हुए स्पेन की बढ़त 4-1 कर दी। इससे पहले 36वें मिनट में बोनमती पेनल्टी बॉक्स में स्विट्ज़रलैंड के तीन डिफेंडरों और गोलकीपर को छकाकर अपना दूसरा गोल कर चुकी थीं।

स्विट्ज़रलैंड ने दूसरे हाफ में अधिक प्रतिस्पर्धी रवैया दिखाया, हालांकि वह स्कोर में कोई बदलाव नहीं ला सका। स्विट्ज़रलैंड की स्थानापन्न खिलाड़ी मरियम टरकोन गोल करने के करीब भी आयीं लेकिन स्पेन की गोलकीपर कोल को मात नहीं दे सकीं।

अंततः, हर्मोसो ने 70वें मिनट में गोल जमाकर स्पेन की 5-1 की जीत पर मुहर लगायी। स्पेन अब क्वार्टरफाइनल में दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड में किसी एक टीम से भिड़ेगी।

### विश्व चैंपियन महिला कंपाउंड टीम को मोदी ने दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व तीरंदाज़ी चैंपियनशिप में भारत के लिये पहला स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला कंपाउंड टीम को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा, भारत के लिये यह गर्व का क्षण है। हमारी असाधारण महिला कंपाउंड टीम ने बर्लिन में आयोजित विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत को उसका पहला स्वर्ण पदक दिलाया है। हमारे चैंपियन्स को बधाई! उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण यह उत्कृष्ट परिणाम आया है। उल्लेखनीय है कि वी. ज्योति सुरेखा, अदिति स्वामी और परनीत कौर की भारतीय तिकड़ी ने शुक्रवार को बर्लिन में कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मेक्सिको पर 235-229 की शानदार जीत दर्ज कर विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में देश को उसका पहला स्वर्ण पदक दिलाया। पहले राउंड में बाई मिलने के बाद भारत ने तुर्की, चीनी ताइपे और कोलंबिया को हराकर फाइनल में कदम रखा था। विश्व अंडर-21 और अंडर-18 खिताब जीतने वाले भारतीय तीरंदाजों ने कभी भी सीनियर स्तर पर विश्व खिताब नहीं जीता था।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में प्रणय




सिडनी। अनुभवी भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने शनिवार को अपने युवा हमवतन प्रियांशु राजावत को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में कदम रख लिया।

विश्व रैंकिंग में नौंवे स्थान पर काबिज़ प्रणय ने 43 मिनट चले सेमीफाइनल में 31वीं रैंकिंग वाले प्रियांशु को 21-18, 21-12 से मात दी। प्रियांशु के खिलाफ दो मुकाबलों में यह प्रणय की दूसरी जीत है। इस साल अपने दूसरे फाइनल में प्रणय चीन के वेंग होंग यांग का सामना करेंगे जो सेमीफाइनल में मलेशिया के ली ज़ी जिया को हराकर आ रहे हैं। पहले गेम में दोनों भारतीयों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, हालांकि छठी वरीयता प्राप्त प्रणय ब्रेक तक 11-8 से आगे रहे। प्रियांशु ने अपनी प्रतिस्पर्धी ऊर्जा के साथ गेम को 18-18 पर बराबर किया लेकिन प्रणय ने अगले तीन पॉइंट स्कोर कर मैच में 1-0 की बढ़त ले ली।

दूसरे गेम में प्रणय ने तेज़ी के साथ 7-3 की बढ़त ली और अपने जुझारू प्रदर्शन के बावजूद प्रियांशु बाकी के गेम में आगे नहीं निकल सके। प्रणय 11-7 की बढ़त के साथ ब्रेक में गये और गेम के दूसरे हिस्से में प्रियांशु पर अपना वर्चस्व कायम करते हुए 43 मिनट में मैच जीत लिया।

इस साल मलेशिया मास्टर्स के रूप में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले प्रणय ने फाइनल में पहुंचने पर कहा, सच कहूं तो यह बहुत सैटिस्फाइंग है।

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 10 के खिलाफ खेलना हमेशा मुश्किल होता है। मेरे लिये पिछले दो साल बहुत अच्छे रहे हैं और मैं नियमित रूप से मुकाबले जीतने में सक्षम रहा हूं।

## विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं अदिति

**बर्लिन।** युवा भारतीय तीरंदाज़ अदिति स्वामी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने विश्व तीरंदाज़ी चैंपियनशिप की महिला कंपाउंड एकल प्रतियोगिता में शनिवार को क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किये। पिछले महीने जूनियर विश्व चैंपियन बनने वाली अदिति फाइनल में मेक्सिको की आंद्रेया बेकेरा को 149-147 से हराकर सीनियर विश्व चैंपियनशिप में एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयीं। इससे पूर्व, 17 वर्षीय अदिति ने सेमीफाइनल में अपनी हमवतन ज्योति को 149-145 से हराया। ज्योति ने हालांकि इस हार से शानदार तरीके से उभरते हुए कांस्य पदक मैच में तुर्कीये की इपेक तोमरुक को 150-146 से मात दी। शुक्रवार को अदिति, ज्योति और परनीत कौर की भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण जीता था। दिन के आगामी मुकाबलों में भारत के ओजस प्रवीण देओतले पुरुष एकल कंपाउंड प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में पोलैंड के ज़ेमिस्लाव कोनेकी का सामना करेंगे।

# जापान महिला विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में

वेलिंगटन। जापान ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के प्री-क्वार्टरफाइनल में शनिवार को नॉर्वे को 3-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में इंग्रिड सिर्स्टान एन्जेन ने 15वें मिनट में गोल जमाकर जापान को बढ़त दिलाई, हालांकि नॉर्वे ने 20वें मिनट में गुरो रेइटेन के गोल से बराबरी कर ली। पहले हाफ में स्कोर बराबर रहा लेकिन दूसरे हाफ में रिसा शिमिज़ू (50वां मिनट) और हिनाटा मियाज़ावा (81वां मिनट) के गोलों की मदद से जापान ने जीत हासिल कर ली।




जापान के लिये 50वें मिनट में बढ़त लेना मुश्किल हो सकता था लेकिन शिमिज़ू ने नॉर्वे के बॉक्स में एक खराब पास दिशा दिखाकर गोल में तब्दील किया। नॉर्वे ने 2-1 से पिछड़ने के बाद आखिरी 15 मिनटों में वापसी करनी चाही लेकिन इससे उसका डिफेंस कमज़ोर पड़ गया। मियाज़ावा ने इस कमज़ोरी का फायदा उठाया और आओबा फुजीनो की मदद से जापान का तीसरा गोल कर दिया।

मियाज़ावा इस गोल के साथ जर्मनी की कप्तान एलेक्जेंड्रा पॉप को पीछे छोड़कर विश्व कप 2023 में सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बन गयीं।

साल 1995 की विश्व चैंपियन नॉर्वे नौ विश्व कप अभियानों में केवल तीसरी बार क्वार्टरफाइनल से पहले टूर्नामेंट से बाहर हुई है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये जापान को स्वीडन या अमेरिका में से किसी एक का सामना करना होगा।

# इमरान को तोशाखाना केस में 3 साल जेल

## लाहौर से गिरफ्तार कर इस्लामाबाद ला रहे; 5 साल चुनाव नहीं लड़ पाएंगे पूर्व पाक पीएम

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना केस में गिरफ्तार कर लिया गया है। लाहौर पुलिस ने पीटीआई चेयरमैन को उनके जमान पार्क स्थित घर से अरेस्ट किया। इसके बाद उन्हें इस्लामाबाद लाया जा रहा है। इस्लामाबाद की ट्रायल कोर्ट ने उन्हें 3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही अगले 5 साल तक वो चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। कोर्ट ने पूर्व पाकिस्तानी पीएम पर एक लाख पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

इमरान की पार्टी पीटीआई के मुताबिक, खान को लाहौर की कोट लखपत जेल ले जाया गया है। फैसले के वक्त कोर्ट ने कहा- पीटीआईचेयरमैन इमरान ने तोशाखाना मामले में पाकिस्तान के चुनाव आयोग को गलत जानकारी दी थी। वो



भ्रष्टाचार में लिप्त थे। अदालत ने शनिवार को सुनवाई के बाद 12: 30 बजे तक फैसला रिजर्व कर लिया था।

### गिरफ्तारी पर इमरान खान ने कहा- मैं देश के लिए संघर्ष कर रहा

इमरान खान ने गिरफ्तारी के बाद अपना एक वीडियो ट्वीट किया है। इसमें खान ने बताया है कि उन्हें गिरफ्तारी की पहले से ही जानकारी थी। इसलिए उन्होंने वीडियो को पहले ही रिकॉर्ड कर लिया था।खान ने कहा है कि वो देश को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। खान ने अपने समर्थकों से कहा- मैं आपसे गुजारिश करता हूं कि आप चुप नहीं बैठें। जो संघर्ष मैं कर रहा हूं वो मेरे लिए नहीं है। ये देश के लिए है। आप के बच्चों के भविष्य के लिए है। खान ने कहा कि अगर आप अपने हकों के लिए नहीं खड़े होंगे तो आप गुलामी की जिंदगी जीएंगे।

### लाहौर हाईकोर्ट पहुंची इमरान की पार्टी

इमरान खान की गिरफ्तारी के खिलाफ पीटीआई ने लाहौर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। तहरीक-ए-इंसाफ के नेता उमर खान नियाजी ने लाहौर हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। दायर याचिका में आईजी पाकिस्तान के पंजाब, सीसीपीओ लाहौर और अन्य को पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा है कि इमरान खान को पुलिस ने अवैध तरीके से हिरासत में लिया था। साथ ही कहा कि इमरान खान का अपहरण किया गया है। फैसला आने से पहले खान ने मामले की सुनवाई के लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई थी, लेकिन दोनों ही अदालतों ने कहा था कि ट्रायल कोर्ट में सुनवाई पूरी होने से पहले वो इसमें दखल नहीं देंगे।

# न्यूयॉर्क में मुफ्त के प्ले-स्टेशन के लिए दंगे

## स्टेशन पर चढ़कर पुलिस पर बोतलें फेंकी; यू-ट्यूबर के बुलावे पर जुटे थे 2000 लोग

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में शुक्रवार को दंगे भड़क गए। लोगों ने ट्रेन स्टेशन और गाड़ियों पर चढ़कर पुलिस पर बोतल फेंकी और बैरिकेड तोड़ दिए। इसकी शुरुआत यू-ट्यूबर के बुलावे पर इकट्ठा हुई भीड़ से हुई। दरअसल, काई सीनेत नाम के यू-ट्यूबर ने लोगों को मुफ्त में प्ले स्टेशन देने की घोषणा की थी। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक यूनियन स्क्वायर पार्क पर 2 हजार लोगों की भीड़ जुट गई। देखते ही देखते वहां झगड़ा और पथराव शुरू हो गया। कई लोग घायल हो गए और गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। इन्हें कंट्रोल करने के लिए मौके पर हजार पुलिस वालों को बुलाया गया। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में दंगाई वाहनों, कारों को



तोड़ते दिखाई दे रहे हैं।

### यू-ट्यूबर समेत कई लोग गिरफ्तार

न्यूयॉर्क सिटी पुलिस चीफ जेफ्री माडेरे का कहना है कि हालात नियंत्रण से बाहर हो गए थे और काफी संख्या में लोग घायल हुए। बाद में पुलिस ने किसी तरह भीड़ को तितर-बितर किया और हालातों को काबू किया। इस दंगे के आरोप में कई युवाओं को गिरफ्तार किया गया है। वहीं यूट्यूबर काई सेनात को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। दंगे के दौरान पुलिस ने युनियन स्क्वायर से गुजरने वाली सभी ट्रेन को बंद करा दिया। जांच में सामने आया है कि यू-ट्यूबर बिना इजाजत के इवेंट कर रहा था।

### फ्रांस में जंगल की आग पर काबू पाने के लिए 750 दमकल तैनात

पेरिस। फ्रांस में भीषण गर्मी में जंगल में लगी आग के और अधिक फैलने की आशंका है, जिससे 750 से अधिक दमकलों को तैनात किया गया है। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने शनिवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में बताया गया कि जंगल में लगी आग पर काबू पाने के लिए लगभग 15 अग्निशमन हवाई जहाज भी तैनाती के लिए तैयार किए गए हैं। इस क्षेत्र में रेड अलर्ट दो सप्ताह में दूसरी बार जारी किया गया है। अधिकारियों ने जंगल में आग लगने से कई क्षेत्रीय पार्कों को बंद कर दिया है और प्रतिबंधों का उल्लंघन करने पर 135 यूरो का जुर्माना लगाया है। मेटियो डेस फ़ोरेट्स ट्रैकिंग सेवा के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार तक, बाउचेस-डु-रोन और वार के विभागों में रेड अलर्ट घोषित किया गया है, जबकि तीन अन्य दक्षिणी विभागों के लिए मध्यम नारंगी स्तर जारी किया गया। मीडिया ने शुक्रवार को बताया था कि हेरॉल्ट के दक्षिणी विभाग में मोंटपेलियर शहर में मोंटपेलियर जूलॉजिकल पार्क को आग के खतरे के कारण बंद कर दिया गया।

### चीन में भारी बारिश से 10 लोगों की मौत, 18 लापता

**बीजिंग।** चीन के हेबेई प्रांत के बाओडिंग शहर में भारी बारिश के कारण दस लोगों की मौत हो गई है और 18 लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने यहां बताया कि पिछले कुछ दिनों में डोक्सुरी तूफान के प्रभाव के कारण बाओडिंग के सभी जिलों और काउंटी में बाढ़ आ गई। यहां औसतन 353.1 मिमी बरिश हुई है। नगरपालिका बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय के अनुसार शनिवार सुबह 12 बजे तक बाओडिंग में 10 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। जबकि छह लाख 27 हजार लोगों को निकाला गया है। उन्होंने बताया कि बाढ़ से 79 हजार हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा है। कुल 4,448 घर ढह गए हैं और 7,286 घरो को ज्यादा क्षति पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि कई दलों के संयुक्त प्रयास से बाढ़ प्रभावित उन गांवों से संपर्क किया गया है जो शुरुआती दिनों में बाहरी दुनिया से कटे हुए थे। प्रभावित क्षेत्रों में पीने का पानी, भोजन और दवा जैसी आपूर्तियाँ पहुंचाई जा रही हैं। आपदा से क्षतिग्रस्त हुए परिवहन, बिजली और संचार जैसे बुनियादी ढांचे की दुरूस्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार भूवैज्ञानिक बाओडिंग बड़े स्तर पर, भूस्खलन और मलबे के प्रवाह आपदाओं के निरीक्षण और प्रारंभिक चेतावनी को मजबूत कर रहा है, नदियों और बड़े और मध्यम आकार के जलाशयों के खतरनाक खंडों की जांच और सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### ट्विटर के भुगतान वाले ग्राहक ही विज्ञापन राजस्व के पात्र : मस्क

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिकी अरबपति व्यवसायी एवं ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि वर्तमान में एक्स के नाम से जाने जाना वाला सोशल नेटवर्क ट्विटर के उपयोगकर्ता विज्ञापन से आय तभी प्राप्त कर पाएंगे जब उन्होंने एक्स ब्लू सदस्यता का भुगतान किया हो अन्यथा पैसा कंपनी के पास रहेगा। मस्क ने ट्विटर पर कहा,आपके विज्ञापन राजस्व हिस्सेदारी के लिए पात्र होने के लिए आपको एक एक्स प्रीमियम (ब्लू) ग्राहक होना चाहिए। यदि आप एक्स प्रीमियम (ब्लू) ग्राहक नहीं हैं तो विज्ञापन का पैसा एक्स के पास रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सभी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है। एक्स ब्लू फीचर एक ऑप्ट-इन सशुल्क सदस्यता है जो ग्राहक के खाते में एक नीला चेकमार्क जोड़ता है। साथ ही लंबे पोस्ट को संपादित करने और लिखने की क्षमता सहित कई सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करता है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2022 के अंत में मस्क ने 2006 में स्थापित एक अमेरिकी कंपनी ट्विटर का 44 अरब डॉलर का अधिग्रहण पूरा किया जिसका मुख्यालय कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को में है। वर्ष 2006 में मस्क की ओर से स्थापित एक्स कॉर्प के साथ विलय के परिणामस्वरूप ट्विटर कॉर्पोरेशन का एक अलग कंपनी के रूप में अस्तित्व समाप्त हो गया।

### तोशखाना मामला: इमरान इस्लामाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने तोशाखाना मामले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शनिवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। आईएचसी ने शुक्रवार को, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ तोशाखाना मामले को किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, आज खान के वकील एडवोकेट ख्वाजा हारिस ने आईएचसी के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक औपचारिक आवेदन दायर किया, याचिका के साथ एक डायरी नंबर भी संलग्न किया। अपनी अपील में, पीटीआई अध्यक्ष ने उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द करने के लिए तीसरी बार सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसमें उन्हें चार अगस्त को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हुमायूं दिलावर की अदालत में फिर से पेश होने का निर्देश दिया गया था। अपनी याचिकाओं पर आईएचसी के फैसले के बाद, खान ने आज दायर नई याचिका में किए गए अन्य अनुरोधों के अलावा मुकदमे पर स्थगन आदेश जारी करने के लिए शीर्ष अदालत का रुख किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादक: प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
रविवार 06 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### गुजरात के चार लाख विद्यार्थियों को 1800 करोड़ रुपए की सहायता

गांधीनगर। गुजरात में मुख्यमंत्री युवा स्वावलंबन योजना के अंतर्गत चार लाख से अधिक विद्यार्थियों को 1800 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता प्रदान की गयी। सरकारी सूत्रों के अनुसार इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस का 50 फीसदी या अधिकतम सीमा, दोनों में जो भी कम हो, की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 70,000 विद्यार्थियों के लक्ष्य की तुलना में 70,085 विद्यार्थियों को 373 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता का भुगतान किया गया है। इस तरह 100.12 फीसदी उपलब्धि के साथ इस वर्ष के लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 72,500 विद्यार्थियों को 375 करोड़ रुपए की सहायता के भुगतान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से इस वर्ष के पहले चार महीनों में 22,813 विद्यार्थियों को 144.60 करोड़ रुपए की सहायता का भुगतान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री युवा स्वावलंबन योजना शुरू होने के बाद से अब तक कुल 4,21,341 विद्यार्थियों को 1884.88 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया गया है। गुजरात की 15,000 से अधिक छात्राओं का डॉक्टर बनने का सपना साकार हुआ मेडिकल क्षेत्र में एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाली लड़कियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या केलवणी निधि योजना लागू की गई है।

### शिअद ने सरकारी एजेंसियों के सिख निकायों पर छापों पर उठाये सवाल

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने पंजाब और देश में कथित तौर पर सामाजिक कार्यों में लगे सिख धार्मिक संगठनों पर केवल संदेह के आधार पर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा मारे जा रहे छापों की कड़ी निंदा की है। शिअद के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने शनिवार को यहां पत्रकारों को सम्बोधित करते हुये खालसा एड से सम्बंधित लोगों को और कार्यालयों पर छापेमारी पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि ब्रिट्रिश सांसद तनमनजीत सिंह ढेसी को अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान में चढ़ने से पूर्व जिस तरह से रोका और परेशान किया गया वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सिख जनता को कांग्रेस शासनकाल की याद दिलाती हैं, जब वायुसेना मार्शल अर्जन सिंह और प्रतिष्ठित पत्रकार खुशवंत सिंह को दिल्ली में भीड़ द्वारा निशाना बनाया गया था। यहां तक कि एशियाई खेलों के दौरान सरदार प्रकाश सिंह बादल और जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहड़ा जैसे अकाली कार्यकर्ताओं और नेताओं को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से रोक दिया गया था। प्रो चंदूमाजरा ने कहा केवल संदेह के आधार पर सिखों संगठनों पर छापे सिखों की पहले से ही गहरी चोट और भावनात्मक अलगाव की भावना को बढ़ाते हैं।

### हिमाचल प्रदेश में कुल 55,22,702 मतदाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कुल 55,22,702 मतदाता हैं, जिसमें तीन अगस्त, 2023 तक 13,771 छूटे हुए योग्य मतदाता तथा आगामी वर्ष, 2024 के लिए 35,045 भावी मतदाताओं की पहचान की जा चुकी है। यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने शनिवार को यहां दी। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मतदाता सूचियों में विद्यमान प्रविष्टियों के सत्यापन कार्यक्रम की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त मतदाता सूची में 1,842 दोहरे रूप में पंजीकृत, 12,613 मृत व 10,105 स्थाई रूप से स्थानान्तरित मतदाताओं की पहचान की जा चुकी है। फोटो मतदाता सूची में 3,969 मतदाताओं की खराब व धुंधली फोटो को अद्यतन रंगीन फोटो से परिवर्तित करने के दृष्टिगत पहचान की जा चुकी है। अब तक 16,07,883 मतदाताओं का सत्यापन किया जा चुका है जो कि कुल का 29.11 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों में विद्यमान प्रविष्टियों के सत्यापन का कार्यक्रम 21 जुलाई से आरम्भ हुआ है और 21 अगस्त, 2023 तक चलेगा। निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाए रखने के लिए बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।

### लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के ललितपुर में रूक रूक कर बारिश से जिले के बांध व नाले उफान पर आ गये हैं, जिसके चलते कई जगह मार्ग अवरुद्ध हो गये हैं, वहीं गरीबों के कच्चे आशियाने गिर रहे हैं। लगातार बारिश से जलस्तर बढ़ने के कारण राजघाट बांध व माताटीला आदि बांधों के गेट खोलकर जल निकासी की जा रही है। नगर व ग्रामों के कई मोहल्लों में जलभराव होने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। बारिश के चलते राजघाट बांध का जलस्तर बढने से आठ गेट खोलकर 77 हजार क्यूसेक जल निकासी की जा रही है। राजघाट बांध से की जा रही जल निकासी से माताटीला बांध का जल स्तर बढ़ रहा है, जिससे माताटीला बांध के 15 गेट दो फुट खोलकर 45 हजार क्यूसिक जल की निकासी की जा रही है। इसी प्रकार कचनौदा बांध से 25 क्यूसिक एवं भावनी बांध से दस क्यूसेक जल निकासी की जा रही है। लगातार बारिश के चलते धौर्रा जाखलौन मार्ग के बीच स्थित बम्हौरी के निकट स्थित नाला उफान पर आ जाने के चलते पुल के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे आवागमन अवरुद्ध हो गया है। जखौरा से राजघाट मार्ग पर खैडर नदी के उफान के चलते पुल के ऊपर से पानी बहने से यह मार्ग कई घंटों तक अवरुद्ध रहा।

# साकार होने को है ताउम्र का सपना

## गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों के संघर्ष का साक्षी होगा राम मंदिर, राम मंदिर के भूमि पूजन की तीसरी वर्षगांठ

लखनऊ। उनका ताउम्र एक ही सपना था। अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो। तीन साल पहले आज ही की तारीख थी, जब इस सपने को साकार करने की बुनियाद पड़ी। शीघ्र ही यह अपनी पूरी भव्यता के साथ दिखने भी लगेगा।



बात राम मंदिर आंदोलन के शीर्षस्थ लोगों में शुमार गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ की हो रही है। प्यार और श्रद्धा से लोग उनको बड़े महाराज ही कहते थे। यकीनन आज वह बेहद खुश होंगे। खासकर यह देखकर कि देश और दुनिया के करोड़ों हिंदुओं के आराध्य पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर करीब 500 वर्ष बाद, इसी तारीख (5 अगस्त) को 3 साल पहले राम मंदिर की बुनियाद उनके शिष्य गोरक्षपीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी, वह तेजी से उनके काबिल शिष्य की देखरेख में तेजी से मूर्त रूप ले रहा है।

इसके पहले राम मंदिर के बाबत सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद राम मंदिर न बनने तक, टेंट से हटाकर चांदी के सिंहासन पर एक अस्थायी ढांचे में ले जाने का काम भी योगीजी ने ही किया था। दिसंबर 1949 में तब अयोध्या में रामलला के प्रकटीकरण के समय उनके दादागुरु ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर दिग्विजयनाथ अयोध्या में ही मौजूद थे। यही नहीं 1986 में जब मन्दिर का ताला खुला तो बड़े महराज यानी ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ अयोध्या में मौजूद थे। इतिहास में ऐसी तीन पीढिया़ मिलना विरल हैं, जिन्होंने एक दूसरे के सपनों को न केवल अपना बनाया, बल्कि इसके लिए शिद्दत से संघर्ष भी किया। नतीजा सबके सामने है।

# औरैया में बकरी चराने गया किशोर नदी में डूबा

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के बिधूना क्षेत्र में शनिवार को दोस्तों के साथ बकरी चराने निकला किशोर नदी में नहाते समय डूब गया।

घटना के तीन घंटे बाद भी गोताखोरों के न आने से परिजनों व ग्रामीणों में पुलिस व प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि कोतवाली बिधूना क्षेत्र के गांव शिवपुर चपोरा में निवासी यूसुफ अली का 14 वर्षीय पुत्र दौलत अली शाम लगभग 3ः10 बजे घर से बकरी चराने के लिए दोस्तों के साथ निकला था। बकरियां चराते समय वह गांव से करीब एक किलोमीटर दूर हमीरपुर गांव के समीप दोस्तों के साथ पुरहा नदी नहाने लगा। नदी में नहाते समय दौलत गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

दौलत को गहरे पानी में डूबता देख दोस्तों ने शोर मचाया और हादसे की जानकारी उसके परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और नदी में कूद कर दौलत की खोजबीन शुरू कर दी। खबर लिखे जाने तक पानी में डूबे किशोर को कोई पता नहीं चला है।

## एमसीडी स्कूलों के शिक्षकों को देश के नामी शैक्षिक संस्थानों और स्कूलों में भेज रही सरकार

नई दिल्ली। शिक्षा मंत्री आतिशी ने देश के विभिन्न हिस्सों से मौजूद प्रख्यात शैक्षिक संस्थाओं से एक्सपोज़र विजिट कर लौटे एमसीडी स्कूलों के मेंटर टीचर्स से बातचीत की व विजिट के उनके अनुभवों को जाना। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि, दिल्ली सरकार के स्कूलों में शिक्षा क्रांति लाने में हमारे मेंटर शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दिशा में अब हम एमसीडी स्कूलों के अपने मेंटर शिक्षकों को भी सशक्त बना रहे है ताकि वो एमसीडी स्कूलों में पढाई के स्टार को वर्ल्ड क्लास बनाये और लाखों बच्चों की जिन्दगी में अहम् बदलाव लाए। उन्होंने कहा कि देशभर के जाने-माने शैक्षिक संस्थाओं से सीखकर आने के बाद हमारे मेंटर शिक्षकों में अलग ही उत्साह और आत्मविश्वास है। और इस उत्साह के साथ वे अपनी कक्षाओं में पढाई का शानदार माहौल तैयार करेंगे और साथ ही अपने साथी शिक्षकों को सीखने-सीखाने के नवाचारों से परिचित करवाएंगे। बता दे कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के बाद अब एमसीडी स्कूलों में भी शिक्षा क्रांति लाने की दिशा में सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। एमसीडी स्कूलों के शिक्षकों का प्रोफेशनल डेवलपमेंट हो सके और वे अपने क्लास में सबसे बेहतरीन सीखने-सीखाने के तरीकों को अपना सके। इस दिशा में केजरीवाल सरकार की राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्(एससीईआरटी) एमसीडी स्कूलों के मेंटर शिक्षकों को देशभर के नामी संस्थानों में सीखने के लिए भेज रही है।

# ड्रेगन फ्रूट के पौधेरोपण कर किया अभियान का शुभारम्भ

## ड्रेगन फरूट के पौधों का हर कुपोषित - अति कुपोषित बच्चों के परिवारों को किया जा रहा नि:शुल्क वितरण: जिलाधिकारी

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ग्राम पंचायत लोढ़ी में ड्रैगन फरूट का पौधा लगाकर ड्रेगन फरूट पौध रोपण अभियान का शुभारम्भ किया ततपश्चात पंचायत भवन लोढ़ी में ड्रेगन फरूट से सम्बन्धित आयाजित कार्यक्रम में अति कुपोषित - कुपोषित बच्चों को व उनके परिजनों को ड्रेगन फरूट व पौधें का वितरण भी किया डीएम ने। ड्रेगन फरूट का पौधा व फल पाकर अति कुपोषित बच्चों के परिजनों ने प्रशन्नता व्यक्त की।



इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अति कुपाषित - कुपोषित बच्चों के परिजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस फल का उपयोग करने से बच्चा जल्द स्वस्थ होगा और कुपोषण जैसी गम्भीर बीमारी से मुक्ति पायेगा। उन्होने कहा कि जनपद सोनभद्र को कुपोषण से मुक्त बनाने हेतु जिला खनिज फाउन्डेशन निधि से 657 बच्चों के परिजनों को नि:शुल्क 5-5 पिलर रिंग व 20-20 ड्रेगन फरूट के पौधें लगाये गये है तथा अभी और काफी संख्या में ड्रेगन फरूट के पौध का रोपण जनपद में किया जायेगा। उन्होने कहा कि ड्रेगन फरूट का पौधा एक वर्ष में फल देने लगता है जिसके फल का उपयोग परिजन शीघ्र कर सकेगें उन्होने कहा कि जनपद को कुपोषण मुक्त बनाने के इस अभियान में सबकी भागीदारी अनिवार्य है ड्रेगन फरूट के पौधें लगाने व उसकी सुरक्षा के जानकारी हेतु आगनबाड़ी कार्यकत्री व उनके परिजनों की जगह-जगह पर कैम्प के माध्यम से जानकारी दी जा रही है जिसके अन्तर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

उन्होने कहा कि इस ड्रेगन फरूट की खेती करके कृषक बन्धु अपनी आय में अधिक से अधिक वृद्धि कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला उद्यान अधिकारी मेवा राम, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, ग्राम प्रधान सहित अन्य सम्मानितगण उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस पर सोनभद्र का पुलिस महकमा भी घोषित हुआ आवल

**सोनभद्र।** उत्तरप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था दो दिन पहले जिलाधिकारी को शिकायतों के निस्तारण के निमित्त तो पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को भी पहले दर्जे पर रहने का उद्घोष हुआ प्रदेश सरकार की ओर से। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने सबका सहृदय आभार ज्ञापित किया तथा इसे प्रेरणा का मूल मानते हुए पूरी तन्मयता और सक्रियता से कार्य करने के संदेश दिए अपने विभाग को। मूल्यांकन की स्थिति कुछ इस कदर रही प्रदेश स्तर पर कि पूर्णांक 115 में प्राप्तांक भी 115 रहे अर्थात शत - प्रतिशत नम्बर मिले समूचे सूबे में इकलौते सोनभद्र को। उत्तरप्रदेश सरकार के आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का पूरे मनोयोग के साथ सक्रियता से शिकायतें सौ फीसदी निस्तारित हुईं, यह पूर्णांक - प्राप्तांक का आंकड़ा बयाँ करता है। यह हर्षोल्लास के संदेश प्रसारित करता है कि सोनभद्र का प्रशासनिक अमला जनसेवा को कटिबद्ध है। दो दिन पूर्व जिलाधिकारी को प्रथम घोषित किया प्रदेश ने तो पुन: पुलिस अधीक्षक ने भी अव्वल दर्जे पर लहराया सोनभद्र का परचम। जिला सोनभद्र बना प्रथम जनपद और यह कहना कोई अत्युक्ति नहीं कि यहीं तक है आर्यावर्त की सीमा जिसका प्रवेशद्वार है शिवद्वार और द्वितीयकाशी के नाम से यह समूचा परिक्षेत्र अभिधानित भी रहा है दसवीं - ग्यारहवीं शताब्दी में। इतिहास अपनेआप को दोहराता है और सोनभद्र - सोनांचल की श्रृंखला शुरू हो चुकी है अतीत को वर्तमान में व्याख्यायित करने की, जिसकी एक परिणति इस रूप में भी देखने को मिल रही है कि सोनभद्र समूचे सूबे के सिरमौर उद्घोषित हुआ है।

## दंडात्मक कार्रवाई की बजाय छात्रों को सुधार का अवसर देना सही: उच्च न्यायालय

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा कि छात्रों के खिलाफ कालेजों द्वारा पूरी तरह से दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। छात्र युवा और वयस्क हैं, जिन्हें सुधार का मौका दिया जाना चाहिए। अदालत ने याची के खिलाफ तकनीकी संस्थान की ओर से 25 फरवरी 2020 और 16 मार्च 2020 को जारी किए गए आदेश को रद्द कर दिया और एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रशासन को नई अंकतालिका जारी करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट ने प्रखर नगर की ओर से दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याची एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बीटेक का छात्र है।

## हरियाणा में साइबर अपराधियों पर नकेल, 318 साइबर हेल्प डेस्क स्थापित

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य में साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिये राज्य में 318 साइबर अपराध हैल्प डेस्क स्थापित कर इन पर विशेरू रूप से प्रशिक्षित लगभग 700 पुलिसकर्मी तैनात किये हैं।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि पुलिस ने राज्य में विशेषकर ऐसे अपराधों का गढ़ बन चुके नूंह जिले में साइबर अपराधियों छापा मार कर इस दौरान 65 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है] जो इस गोरख धंधे में संलिप्त थे। इस अभियान से देशभर में एक अरब रूपये से अधिक की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है। इस कार्रवाई में लगभग पांच हजार पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे। अभियान के दौरान राज्य के नूंह जिले के 14 गांवों में 320 साइबर अपराधियों के ठिकानों पर छापा मारा गया। हालांकि इस कार्रवाई से पूर्व और बाद में भी पुलिस ने 25 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया तथा इनसे 66 मोबाइल फोन, पांच माइक्रो एटीएम मशीनों सहित बड़ी संख्या में आईटी डिवाइस जब्त किए गये।

# डीएम ने कनहर बांध का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशानिर्देश

**सोनभद्र।** डीएम चन्द्रविजय सिंह शनिवार की दोपहर 1 बजे कनहर सिचाई परियोजना पहुँचे जहाँ उन्होंने बांध में भरे जा रहे पानी का निरीक्षण किया।

उन्होंने वर्तमान में जलाशय भरे पानी से प्रभावित क्षेत्रों के बारे में जाना और संबंधितों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।



डीएम को जानकारी देते हुए कनहर के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि अभी पानी का लेबल 251.6 मीटर पर है जो परसों गुरुवार से 1.2 मीटर कम है, श्री कुमार ने डीएम को अवगत कराया कि बांध पर चढ़कर लोग डेंजर जोन में जाकर भी सेल्फी ले रहे है इस कारण अप्रिय घटना का भय बना हुआ है, उन्होंने कहा कि हमारी सिक्युरिटी गॉर्ड से लोग नही मान रहे इसलिए यहां अगर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लग जाती तो लोग ऐसा नहीं करेंगे। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। डीएम ने बांध के स्पिलवे पर चढ़कर बांध के पानी से डूब रहे इलाको का मुआयना किया। इसके बाद रेडियल गेट से डाउन स्ट्रीम में निकल रहे जलधारा का भी मुआयना किया। डीएम ने डूब क्षेत्र को खाली कराने को लेकर भी जानकारी ली जिस पर अधीनस्थों ने बताया कि डूब क्षेत्र के सभी प्रभावित इलाकों को पूरी तरह से खाली कराया जा चुका है। इस दौरान एसडीएम सुरेश राय, अधिशासी अभियंता विनोद कुमार, सहायक अभियंता रवि श्रीवास्तव, त्रिलोकी झा, आशुतोष मिश्रा, आलोक यादव, नरसिम्हा, सियाराम के साथ एचईएस कंपनी के सत्यनारायण राजू, डीजीएम वर्मा, पीएम भास्कर के साथ अन्य लोग अधिकारी मौजूद रहे।

# सोमनाथ भारती ने मोलरबंद सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया

## मोलरबंद सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाने के दिए निर्देश, 1 एमजीडी होगी क्षमता

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने शनिवार को बदरपुर क्षेत्र स्थित मोलरबंद वेस्ट वाटर(सीवरेज) ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान डीजेबी उपाध्यक्ष ने प्लांट के संचालन का निरीक्षण किया और अधिकारियों से इस प्लांट में सीवर के पानी को शोधित करने के लिए इस्तेमाल की जा रही तकनीक की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मोलरबंद प्लांट की क्षमता बढ़ाकर 1 एमजीडी की जाए। साथ ही प्लांट के शोधित पानी की गुणवत्ता का स्तर 10/10 किया जाए और आस पास के क्षेत्रों के सीवर नेटवर्क को इस प्लांट से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि अधिकारियों से कहा गया है कि इस प्लांट के शोधित पानी का गैर पीने योग्य कार्यों में इस्तेमाल करने के लिए मोलरबंद प्लांट में फिलिंग स्टेशन का निर्माण किया जाए। इसके अलावा उन्होंने स्लज से ब्रिक्स बनाने वाली मशीन को चालू करने का निर्देश देते हुए कहा कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा आस पास के किसानों को खेती में इस्तेमाल करने के लिए स्लज ब्रिक्स का मुफ्त वितरण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।



### यमुना की सफाई और पेयजल के लिए डीजेबी का 10/10 प्लान

मोलरबंद सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने के बाद दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली के सीवर के पानी को ट्रीट करने के लिए दिल्ली में 35 एसटीपी काम कर रहे हैं। इन प्लांट्स में प्रतिदिन 547 एमजीडी सीवेज को ट्रीट किया जा रहा है। दिल्ली जल बोर्ड यमुना को साफ करने के लिए सभी एसटीपी के शोधित पानी मानक 10/10 तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के 10 / 10 मानक के शोधित पानी का इस्तेमाल सबसे पहले गैर पीने योग्य कार्यों जैसे निर्माण कार्य, उद्योगों, पार्कों की सिंचाई, सड़कों की सफाई और कृषि में इस्तेमाल की कोशिश की जा रही है। ऐसा करने से पीने के पानी की काफी बचत की जा सकती है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के शोधित पानी का दूसरा उपयोग करते हुए दिल्ली को झीलों का शहर बनाने के लिए इस पानी से आर्टिफिशियल झीलों का निर्माण कर ग्राउंड वाटर को रिचार्ज किया जाए। दिल्ली सरकार की योजना है कि इस पानी से ग्राउंड वाटर को रिचार्ज करने के बाद ट्यूबवेल लगाकर पानी को वापिस निकाला जाए, फिर आर ओ प्लांट लगाकर इस पानी को ट्रीट कर सिस्टम में वापिस लाकर पीने का पानी उपलब्ध कराना है।

इसी के मद्देनजर दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने आज मोलरबंद सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया। इस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 0.6 एमजीडी है। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को इस प्लांट की क्षमता बढ़ाकर 1 एमजीडी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि मोलरबंद सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के शोधित पानी की गुणवत्ता को 10 / 10 करने के प्रयास किए जा रहे है।

# विश्व का प्रथम भारतीय धर्म एकता सम्मेलन

दीपिका अरोड़ा

भारतीय संस्कृति अपनी समृद्ध परम्पराओं के कारण समूचे विश्व में एक विशेष स्थान रखती है। विभिन्न धार्मिक प्रथाएं तथा विश्वास इसकी मुख्य विशेषता हैं तो धर्म इसका प्राण। धर्म को एक पवित्र प्रेरक तत्व के रूप में स्वीकारने वाले भारतीयों का मानना है कि धर्म जीवन को एक वास्तविक अर्थ व उद्देश्य देता है; नैतिकता, रिवाज़, संस्कार, जीवन-दर्शन के अलावा भी इसमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

स्वधर्म पर अडिग रहते हुए, दूसरे धर्मों के स्वतन्त्र अस्तित्व को उदारभाव से स्वीकारना ही मानवीय आधार पर सच्चे धर्म का प्रतीक है; इसी सदविचार को दिशा देने हेतु प्रयासरत नामधारी पंथ के वर्तमान मुखी सतगुरु दलीप सिंह जी'' ने 27 मार्च, 2022 को पंजाब के ज़िला गुरदासपुर स्थित कलानौर में, होला मोहल्ला'' के सुअवसर पर विश्व का पहला भारतीय धर्म एकता सम्मेलन'' आयोजित करवाया। जन-चेतना जागृति के उद्देश्य से करवाई गई इस एकजुटता संगोष्ठी में भारत के प्रमुख धर्मों- हिंदू, सिक्ख, बौद्ध तथा जैन से संबद्ध धर्मगुरु पधारे तथा वैचारिक आदान-प्रदान के माध्यम से देशवासियों को एकीकृत होने का आह्वान किया।

गणमान्यों एवं भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए ठाकुर दलीप सिंह जी ने कहा, हिंदू, सिक्ख, बौद्ध, जैन; ये चारों धर्म भारतीय संस्कृति की मुख्य उपज हैं। इष्ट-पूजा पद्धति में किंचित विभिन्नता के बावजूद सबका मूल सिद्धांत एक ही है। उन्होंने दया, धर्म, पुनर्जन्म, मुक्ति, गुरु-शिष्य परम्परा आदि बहुत सी बातों में समानता होने की बात भी कही।

उनके अनुसार, भगवान विष्णु, भगवान महावीर, भगवान बुद्ध और सतगुरु नानकदेव जी ने शुभ उपदेश देकर लोगों के जीवन को सुखमय किया है। मानव जीवन का महत्व बताते उन्होंने कहा, चौरासी लाख योनियों में, मनुष्य का जन्म बड़ी कठिनाई से मिलता है। इस जीवन में गुरु धारण करके, नाम जप कर, शुभ कर्म करते हुए जन्म-मरण के चक्र से छुटकारा पाना है। नामधारी पंथ की कर्त्तव्यपरायणता उजागर करते हुए उन्होंने कहा, हम नामधारी राष्ट्रवादी हैं। राष्ट्रवादी होने के नाते भारतीय संस्कृति तथा भारतीय धर्मों की रक्षा करना हमारे गुरुजी का आदेश एवं हमारा परम कर्तव्य है।''

इस अवसर पर बोलते हुए महंत बंसी दास ने कहा, ये चारों धर्म भारतीय संस्कृति के चार स्तंभ हैं, जिनके आधार पर भारतीय संस्कृति का छत्र लहरा रहा है। पारंपरिक जुड़ाव के तौर पर हिंदू, सिक्ख, बौद्ध, जैन चारों धर्मों की माला में 108 मनके होने संबंधी बात का उत्कृष्ट उदाहरण देते हुए, उन्होंने गुरू महिमा के संदर्भ में कहा, सतगुरु कभी स्वार्थी नहीं होते, वे सदैव समाज कल्याण के लिए ही दुनिया में आते हैं। इसलिए सतगुरु दलीप सिंह जी महाराज भलाई का कार्य कर रहे हैं।

निस्संदेह, यही सत्य है, भटके को राह दिखाना हो या भूले को चेताना, यह कार्य सतगुरु ही कर सकते हैं। विचारणीय है, स्वतंत्रता पूर्व विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार, असहयोग आंदोलन की बात हो, अथवा स्वतंत्रता उपरांत गुरू नानक नामलेवा, हिंदू-सिक्ख एकता जैसे जन-जागृति सम्मेलनों की शुरूआत; नामधारी पंथ सदैव अग्रणी रहा।

जैन मुनि परम पूज्य पीयूष जी महाराज जी के विशेष सेवक श्री विमल जैन ने कहा, हमारे चारों धर्मों की परम्पराएं आपस में मिलती हैं और दुनिया में इस प्रकार का भारतीय धार्मिक एकता का इतना बड़ा प्रयास पहली बार हुआ है। तख़्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी इकबाल सिंह जी ने फ़रमाया लंबे समय से ठाकुर दलीप सिंह जी से प्रेम है पर मैंने पहली बार नाम के रसिए, नामधारियों की इतनी बड़ी एकत्रता देखी है।

दलाई लामा के प्रमुख शिष्य तेनिजन शिवांग सहित समागम में पधारे सभी धर्माचार्यों ने सतगुरु दलीप सिंह जी की इस अभूतपूर्व पहल की प्रशंसा करते हुए भारतीय धर्म एकता को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया।

जैसा कि ठाकुर दलीप सिंह जी ने कहा- किसी भी धर्म, संस्कृति, भाषा और राज्य को अलग नहीं किया जा सकता क्योंकि ये पांचों परस्पर जुड़े हुए हैं। जिस प्रकार पांचों उंगलियां बराबर नहीं होती, उसी प्रकार सभी धर्मों में व्यक्तिगत विभिन्नताएं होना स्वाभाविक है किंतु भारत के इन चारों धर्मों ने न तो कभी विदेशों में जाकर किसी पर अपने धर्म को अपनाने संबंधी कोई दबाब बनाया और न ही में कट्टरपंथियों की भांति जबरन धर्मांतरण हेतु कोई बर्बरतापूर्ण रवैया ही अपनाया।

सतगूरू दलीप सिंह जी के अनुसार, भारतीय संस्कृति की रक्षा करने सहित उसे प्रोत्साहित करना भी अनिवार्य है। यह तभी संभव है, जब चारों धर्मों का एकीकरण केंद्रबिंदु केवल भारतीयत्व हो। सभी धर्म सप्रेम मिलकर रहें तथा विभाजनकारी देशी-विदेशी ताकतों से सावधान रहते हुए सांझे तौर पर उनका मुक़ाबला करने का संकल्प लें। सभा के समापन से पूर्व उन्होंने गुरुवाणी में अंकित पावन पंक्ति होइ इकत्र मिलहु मेरे भाई (पन्ना-1185), पढ़कर गुरु जी के वचनों को मानते हुए चारों मुख्य धर्मों से एकजुट होने की विनती की।

दरअसल, सद्भावना संदेशों को जीवन में अपनाना जितना आवश्यक है उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है सतगुरु दलीप सिंह जी की इस सराहनीय पहल को पूर्णत्व प्रदान करना। जिस संस्कृति में युग की मांग के अनुसार विकसित-रूपांतरित होने की क्षमता नहीं होती, वह पिछड़ जाती है।

चूंकि प्रत्येक धर्म ने भारतीय संस्कृति निर्माण में अपना भरपूर योगदान दिया है, सभी धर्मों का समान रूप से आदर होना चाहिए। भारतीय संस्कृति का भविष्य उज्ज्वल बने, इसके लिए धर्मान्धता का अनुसरण न करते हुए हमें उदारचित्त बनकर विदेशी धर्मातंरण के विरुद्ध एकजुट होना होगा; यही सतगुरु दलीप सिंह जी द्वारा आयोजित इस विश्व के प्रथम भारतीय धर्म एकता सम्मेलन का संदेश है।